
सुप्रभात
रांची, बुधवार
25.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमवस्या, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 340



12 बिहार में न्यूक्लियर पावर प्लांट लगेगा

## न्यूज डायरी

### लालू 13वीं बार बने अध्यक्ष पांच को होगी ताजपोशी

**पटना।** लालू प्रसाद यादव 13वीं बार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। 5 जुलाई को लालू यादव की राजद के अध्यक्ष पद पर ताजपोशी होगी। इस पद के लिए सिर्फ लालू प्रसाद यादव ने ही नामांकन दाखिल किया था। पटना में मंगलवार को फखऊके राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वी ने लालू के चुने जाने का ऐलान किया।

### सिमडेगा में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**सिमडेगा।** कोलेबिरा-पालकोट सीमा पर स्थित जामटोली गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक पर सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान अमित बधवार, सोनू बधवार और मनु खड़िया के रूप में हुई। तीनों युवक एक ही बाइक से कोलेबिरा जा रहे थे। सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### सड़क हादसे में ससुर और दामाद की मौत

**गिरिडीह।** सरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना बाइक सवार दामाद और ससुर की मौत हो गयी। दामाद गौरव कुमार अपने ससुर सहदेव मंडल को ले कर बगोदर जा रहे थे। बगोदर-सरिया अनुमंडल दफ्तर के पास खड़े ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। दोनों की एक साथ मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# सीएम हेमंत ने नयी दिल्ली में झारखंड भवन का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नयी दिल्ली प्रवास के दौरान नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मौजूद अधिकारियों को से व्यवस्थाओं से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि झारखंड भवन में सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जाये।



### गंगाराम अस्पताल में गुरुजी से मिले हेमंत

सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में बीमार पिता शिबू सोरेन से मिले और उनका हालचाल लिया। पिता की सेहत को लेकर डाक्टरों से भी बातचीत की। गुरुजी स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती हैं।



### संघर्ष विराम के उलंघन का जवाब देने की चेतावनी दी

# इजराइल ईरान के साथ संघर्ष विराम पर सहमत

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** इजराइल ने ईरान के साथ युद्ध विराम के लिए अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव पर सहमति जतायी है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल को समाप्त करने के खतरे के लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद युद्ध विराम पर सहमति जतायी। उन्होंने अमरीका को धन्यवाद भी दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध विराम उल्लंघन का इजराइल जोरदार तरीके से जवाब देगा।

मंगलवार की सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम लागू हो गया है। दोनों देश इसके पालन पर सहमत हैं।



**लाखों लोगों को अस्थायी राहत**

युद्ध-विराम की घोषणा ने लाखों लोगों को अस्थायी राहत मिली। कथित तौर पर युद्ध-विराम स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे से प्रभावी हुआ था, जबकि ईरानी शहरों पर इजराइल के हमले इससे कुछ समय पहले ही रुक गये थे। हालांकि, युद्ध-विराम के बावजूद, अनिश्चितता बनी हुई है। पूरी दुनिया की निगाह इस पर टिकी हुई है।

### इजराइल ने लगाया आरोप ईरान ने युद्ध विराम तोड़ा

**तेल अवीव।** इजराइल ने कहा है कि ईरान ने युद्ध विराम का उल्लंघन किया है। रक्षामंत्री इजराइल काट्स ने कहा कि इसका ईरान को करारा जवाब दिया जायेगा। उन्होंने अपने डिफेंस फोर्सेज को तेहरान को जोरदार जवाब देने का निर्देश दिया है। हालांकि ईरान ने किसी हमले से इनकार किया है। संघर्ष विराम टूटने पर ट्रंप का गुस्सा फूटा। उन्होंने दोनों को हड़काया और समझौते का पालन करने को कहा।

### पीएम ने कहा- मेड इन इंडिया हथियार प्रभावशाली

# अब आतंकियों का कहीं भी कोई ठिकाना सुरक्षित नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया के सामने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब कठोर और निर्णायक नीति अपना चुका है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मेड इन इंडिया हथियारों का उपयोग करते हुए केवल 22 मिनट में दुश्मनों को घुटनों पर ला दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया कि मेड इन इंडिया हथियार कितने प्रभावशाली हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ये हथियार पूरी दुनिया में प्रसिद्ध होंगे। पीएम ने कहा, हमने दुनिया को दिखा दिया है कि भारत के निर्दोष नागरिकों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए अब कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।




पीएम मोदी ने उक्त बातें श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर विज्ञान भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा, भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी सख्त नीति दुनिया के सामने रखी। भारत कभी भी अपने नागरिकों का खून बहानेवालों को छोड़ेगा नहीं।

**आत्मनिर्भर भारत :** पीएम ने कहा कि भारत अब रक्षा जरूरतों के लिए विदेशी देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। देश ने बीते 11 वर्षों में सामाजिक, आर्थिक और सैन्य क्षमताओं को मजबूती देने की दिशा में तेजी से काम किया है।

# रेल किराये में एक जुलाई से होगी मामूली बढ़ोत्तरी

- लोकल ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं होगा।
- मंथली सीजन टिकट के दाम पहले जैसे ही रहेंगे।
- साधारण दूसरी क्लास में 500 किलोमीटर तक के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी।
- साधारण दूसरी क्लास में 500 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर किराया आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा।
- मेल और एक्सप्रेस (नॉन-एसी) ट्रेनों में किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ेगा।
- एसी क्लास में किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा




## रेलवे का फैसला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने अगले महीने की शुरूआत से ट्रेन टिकटों के दाम में मामूली बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। हालांकि लोकल ट्रेन और मंथली सीजन टिकट या एमएसटी के दाम में कोई बदलाव नहीं होगा।

रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, साधारण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (नॉन-एसी) का किराया एक पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ाया जाएगा जबकि एसी क्लास का किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ेगा। किराऐ में यह बढ़ोतरी एक जुलाई 2025 से होगी।

सूत्रों ने बताया कि लोकल ट्रेनों और 500 किलोमीटर तक की जनरल या सेकेंड क्लास की यात्रा के किराए में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन 500 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा के किराये में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा।

### तत्काल टिकटों की बुकिंग में भी बदलाव, आधार जरूरी

रेलवे के एक और बड़े फैसले में तत्काल टिकटों की बुकिंग से है। एक जुलाई, 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार कार्ड जरूरी होगा। मंत्रालय ने जारी सूचना में कहा है कि इसका मकसद तत्काल योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचाना है।

**ओटीपी भी जरूरी :** मंत्रालय ने बताया है कि 15 जुलाई, 2025 से तत्काल टिकट बुक करते समय यात्रियों को आधार कार्ड से ओटीपी के जरिए भी वेरिफाई करना होगा। यह एक और जरूरी कदम होगा। अब IRCTC के एजेंट पहले आधे घंटे तक तत्काल टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। एसी क्लास के लिए ये नियम सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे तक और नॉन-एसी क्लास के लिए सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक लागू रहेगा। मतलब, एजेंट इन समयों पर तत्काल टिकट बुक नहीं कर पाएंगे।



## पत्रकार अरुण रंजन का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति : सरयू



**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने वरिष्ठ पत्रकार अरुण रंजन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मेरी व्यक्तिगत क्षति है। अरूण रंजन जी से मेरा घनिष्ठ संबंध 1974 के जेपी आंदोलन के समय से रहा है। इसका निर्वाह उनके अंतिम दिनों तक होता रहा। पाक्षिक पत्रिका रविवार और दैनिक समाचार पत्र नवभारत टाइम्स में उनकी पत्रकारिता के साथ मैं गहराई से जुड़ा रहा। एक मेधावी, मेहनती, दूरदर्शी पत्रकार के नाते अरूण जी की स्मृति स्थायी रहेगी। मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। ईश्वर पुण्यात्मा को सद्गति प्रदान करें।

### मंत्री दीपिका पांडे के जनता दरबार में अपनी फरियाद लेकर पहुंची महिला, कहा

# मेरी तीन साल की बेटी को पति के कब्जे से मुक्त करायें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उसके निराकरण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद थे।

इस क्रम में रांची की हिंदपीढ़ी निवासी एक महिला फरियाद लेकर मंत्री के जनता दरबार में पहुंचीं। महिला ने बताया कि उसका पति उसके तीन माह की बच्ची को जबरन कश्मीर ले गया है। महिला ने मंत्री से बच्ची वापस लौटने की गुहार लगाई। मंत्री ने उक्त मामले में रांची एसएसपी को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। महिला ने बताया कि उसकी शादी कश्मीर के युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद पारिवारिक तनाव इस कदर बढ़ा कि हिंदपीढ़ी में महिला को छोड़कर उसका पति बच्ची को लेकर कश्मीर चला गया। मंत्री दीपिका पांडे सिंह के समक्ष महिला द्वारा लिखित शिकायत देने के बाद तत्काल रांची एसएसपी को इससे अवगत कराते हुए इस मामले में महिला को सहयोग कराने का निर्देश ग्रामीण विकास मंत्री ने दिया है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मामले को पूरी तरह से पारिवारिक विवाद बताते हुए बच्ची को मां के पास लाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि एक बच्ची को मां से दूर नहीं किया जा सकता है।

**जनता दरबार में 63 मामले सामने आये :** जनता दरबार में कुल 66 मामले सामने आए। जिसमें विभागीय शिकायतों के साथ-साथ अन्य विभागों के मामले देखे गए।

### जनता दरबार कांग्रेस की बेहतरीन पहल : दीपिका

जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हमारे समक्ष कई मामले सामने आए है। कई प्रखंडों में वर्षों से जमे पदाधिकारी के तबादले, सड़क निर्माण, चिकित्सा के अलावे अन्य मामले भी सामने आए हैं। ग्रामीण विकास से सड़क निर्माण का मामला भी आया है जिस पर कार्रवाई की जाएगी लेकिन सड़क निर्माण की प्रक्रिया में समय लगता है। जनता दरबार कांग्रेस की ओर से यह एक बेहतरीन पहल है जिसमें जनता हमसे संवाद कर अपनी बातों को रखती है,हम हर समस्या के समाधान के लिए सजग हैं,हमारा प्रयास है कि जो सामान्य प्रक्रिया के तहत दूर होने वाली समस्याएं हैं वह तुरंत दूर हो। कई समस्याओं पर विभिन्न जिलों के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। जिन मुद्दों पर ज्यादा फॉलोअप कि आवश्यकता होगी उसे विभागीय स्तर पर करके प्रदेश कार्यालय को सूचित किया जाएगा। वहीं प्रत्येक आवेदनकर्ता को समस्या का समाधान होने के बाद सूचित किया जाएगा।

### जनता दरबार से लोगों को फायदा: सोनाल

इस संबंध में कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति कहते हैं कि मंत्रियों के जनता दरबार से लोगों को बहुत फायदा मिल रहा है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का जनता दरबार लगा था। जिसमें 97 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी तरह कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के जनता दरबार में 85 आवेदन आए थे। कांग्रेस भवन में प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारी के पास भेज दिया जाता है, जिस पर कार्रवाई होती है। उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टी की सोच है कि जनता की छोटी-मोटी समस्या का निराकरण त्वरित गति से हो और इस संबंध में जो कुछ भी बाधाएं आती हैं उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि पहले चरण में सभी चारों मंत्रियों के द्वारा जनता दरबार लगाया गया था। उसकी सफलता के बाद दूसरे चरण में मंत्रियों के द्वारा इन दिनों जनता की समस्या कांग्रेस भवन में सुनी जा रही है। अब तक तीन मंत्रियों का इस तरह का जनता दरबार लग चुका है। आने वाले समय में शेष बचे एक मंत्री का भी जनता दरबार लगेगा। जनता दरबार में कमल ठाकुर, अभिलाष साहू,राजन वर्मा,नरेंद्र लाल गोपी,राजीव चौधरी अजय जैन,प्रशांत पांडे भी उपस्थित थे।

# जनसमस्याओं को लेकर भाजपा ने 264 प्रखंडों में किया आक्रोश प्रदर्शन

### भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा ने मंगलवार को गांव, गरीब,किसान, युवा,महिला, पेसा कानून, आकंठ भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था के मुद्दों पर सभी अंचलों पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार लूट बंद करे, अपनी घोषणाओं को धरातल पर उतारे नहीं तो आक्रोश प्रदर्शन तेज होगा। उन्होंने गिरिडीह जिलांतर्गत तीसरी और गावां प्रखंड कार्यालय में आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर बरसे।उन्होंने हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी, दलित, महिला, किसान, युवा विरोधी सरकार है। हेमंत सरकार पार्ट 2 भी उसी तर्ज पर चल रही जैसा पिछले पांच वर्षों में चली। इसके नीयत और नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि आज दलाल, बिचौलिये राज्य के खान खनिज को लूट रहे हैं।लेकिन, गांव में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास एअबुआ आवास बनाने केलिये बालू नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि माफिया लोग गांव से नदी के बालू को बाहर ले जा रहे और स्थानीय लोगों के ट्रैक्टर को पुलिस पकड़कर मुकदमा करती है। उन्होंने कहा कि आवास की योजना में पदाधिकारी 25 हजार तक कमीशन ले रहे और बालू भी गरीबों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को यह सरकार चारों तरफ से परेशान कर रही है। जमीन के कागजात बिना पैसे के नहीं बन रहे हैं। इसके कारण गरीबों के जमीन और अवैध कब्जे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड के अस्पतालों में डॉक्टर्स नहीं एम्बुलेंस नहीं, दवाई नहीं । मजबूरी में गरीब जिला मुख्यालय या फिर रांची राजधानी के अस्पतालों में जाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा हताश और निराश हैं। वेकेंसी के साथ ही नौकरियों को बेच दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में इंटर की पढ़ाई को विश्वविद्यालय की शिक्षा से बाहर कर दिया है।लेकिन, राज्य सरकार ने पिछले 5 वर्षों से इंटर कॉलेज की व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं किया। आज लाखों छात्र इंटर में नामांकन केलिये चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने फिर एक बार धान की खरीदारी में किसानों को परेशान किया है। 3200 रुपए प्रति क्विंटल खरीद की घोषणा करने वाली सरकार किसानों से 2400 रुपये क्विंटल धान की खरीदारी की। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों का काम जनता की सेवा करना है। अगर वे ऐसा नहीं करते तो भाजपा बार बार जनता की समस्याओं केलिए आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि थाना ब्लॉक अंचल जिला सभी सरकारी कार्यालयों की स्थिति एक जैसी है। भाजपा ने प्रखंड कार्यालयों पर प्रदर्शन कर चेतावनी दी हैं।

राज्य सरकार नहीं सुधरती है तो भाजपा थाना, जिला सहित जन मुद्दों से जुड़े अन्य कार्यालयों पर बड़ा प्रदर्शन और उसे ठप कराने को मजबूर होंगे। पूरे प्रदेश के अलग अलग प्रखंडों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, अमर कुमार बाउरी, सांसद-विधायक गण, प्रदेश के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने राज्य सरकार की विफलताओं से संबंधित नारे बाजी कीएजनता को संबोधित किया एवं ज्ञापन भी सौंपा।

### झारखंड में हर हत्या की जिम्मेदार सरकार : सीपी

**रांची।** भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि अंचल कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। श्री सिंह मंगलवार को अरगोड़ा अंचल के घेराव-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया हैं। रांची में जितनी भी हत्या और आत्महत्या हो रही है उनका जिम्मेदार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अंचलों में होने वाला भ्रष्टाचार है। विधायक नवीन जायसवाल ने भ्रष्ट पदाधिकारी और सरकार को चेतावनी देते हुये कहा कि अगर झारखंड की जनता को परेशान करना नहीं छोड़ा तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरुण साहू,ओम प्रकाश, रौशनी खलको, संजय जयसवाल, राजू सिंह, अनिता वर्मा,अशोक मिश्रा, सुजीत शर्मा, सूर्यप्रताप, बिनोद महतो आदि शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### मधु कोड़ा की तस्वीर लगाकर भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ कर रही है आंदोलन : राकेश सिन्हा



**रांची।** भाजपा के भष्ट्राचार पर अंचल कार्यालय के घेराव कार्यक्रम पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य के सबसे बड़े भष्ट्राचारी मधु कोड़ा की तस्वीर लगाकर भाजपा भष्ट्राचार पर अंचल कार्यालय का घेराव कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के तमाम भष्ट्राचारियों को अपने दल में शामिल करा के भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री और राज्य के उप मुख्यमंत्री के पद पर बैठा दिया और आज भष्ट्राचार पर आंदोलन कर रही है। भ्रष्टाचार का आलम यह था कि हाथी तक को उड़ा दिया गया और जनता की गाढ़ी कमाई अपने तिजोरी में जमा कर राज्य को बबार्दी के कगार पर पहुँचा दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा अपने शासनकाल में कानून व्यवस्था को भूल गयी। भाजपा सरकार की सरपरस्ती में एक ओर शहर में अपराध और गांव में उग्रवाद पनप रहे थे। महागठबंधन की सरकार में अपराध और उग्रवाद दोनो खात्मे की ओर है अगर कहीं अपराध हो भी रहे तो प्रशासन अपराधियों के गिरबां तक पहुंचती है लेकिन भाजपा के सरकार मे अपराधियों का स्वागत जेल से निकलने के बाद फूल मालाओं से होता था। उन्होंने कहा कि जनता के द्वारा नकारे जाने के बाद भाजपा अब बुरी तरह बेचैन हो गई है, एक ओर भाजपा का संगठन पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। बीजेपी इसी तरह की कार्यक्रम कर अपने शाख को बचाने का प्रयास कर रही है।

### जमशेदपुर डीसी के निर्देश पर जब्त होगा बन्ना गुप्ता का ग्लॉक पिस्टल

**रांची।** झारखंड सरकार ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता से उनकी ग्लॉक पिस्टल वापस मांगी है। चुनाव हारने के बाद अब वे ना विधायक हैं और ना ही मंत्री, इसलिए उनके हथियार के लाइसेंस की दोबारा जांच करने का फैसला लिया गया है। जमशेदपुर के उ्ळ कर्ण सत्यार्थी ने पुलिस को निर्देश दिया है कि पिस्टल जब्त कर उसे सरकारी हथियारघर (शस्त्रागार) में जमा किया जाए। मिली जानकारी के अनुसार बन्ना गुप्ता ने विधायक रहते हुए साल 2022-23 में कोलकाता से यह पिस्टल खरीदी थी। यह पिस्टल काफी आधुनिक मानी जाती है और इसकी कीमत करीब 18 लाख रुपये है। यह 0.45 बोर की पिस्टल आम लोगों को रखने की इजाजत नहीं होती। झारखंड में कुछ ही लोगों को इसका लाइसेंस मिला है, जबकि आम नागरिकों को केवल 0ॉ.32 बोर की पिस्टल रखने की अनुमति होती है। सरकारी पत्र में बताया गया है कि पूर्वी सिंहभूम जिले में सिर्फ बन्ना गुप्ता के पास ही यह पिस्टल है और उनके नाम पर दो हथियारों का लाइसेंस है। विभाग के निर्देश पर अब यह पिस्टल सरकार को लौटानी होगी। अब पुलिस और प्रशासन की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड हाईकोर्ट का निर्देश- याचिका निष्पादित होने तक पीजीटीटी-संस्कृत की 5 सीटें रखें रिजर्व



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेंड टीचर (पीजीटीटी)-संस्कृत विषय की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को निर्देश दिया कि जब तक इस केस की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक पांच सीटें आरक्षित रखी जाए। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति दीपक रौशन की अदालत में हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने पक्ष रखा।

**2023 में जेएसएससी ने निकाला था विज्ञापन :** उल्लेखनीय है कि जेएसएससी ने वर्ष 2023 में पीजीटीटी की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। सुजीत मुर्मू और अन्य ने नियुक्ति प्रक्रिया में कई विसंगतियों और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई जारी रखते हुए स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय आने तक पांच पदों पर नियुक्ति नहीं की जाए।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणु गोपाल से मिले बंधु तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने दिल्ली में पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में कांग्रेस के संगठनात्मक कामकाज और विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बंधु तिर्की ने राज्य में प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी।

मुलकात के दौरान बंधु तिर्की ने नेताओं के समक्ष झारखंड में कांग्रेस का संगठन कैसे प्रभावशाली बने और जनता से जुड़ी समस्याओं का समय रहते समाधान कैसे हो, इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि गठबंधन वाली सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में संगठन की भूमिका को सुनिि्चत करने के लिए निर्णय लेने की बात कही। इतना ही नहीं राज्य की जनता से किए गए हर वायदे को समय पर धरातल पर उतारने की भी बात कही।

**क्या है कांग्रेस का आगामी कार्यक्रम :** मुलकात के दौरान वर्तमान में राज्य के सभी 24 जिलों में कांग्रेस संगठन को गतिशील बनाने और कार्यकताओं की भूमिका को रेखांकित करने का निर्णय लिया गया है। बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस फिर एक बार अपने पुराने राजनीतिक इतिहास को रचने के लिए तैयार है। जिसमें संगठन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## आक्रोश प्रदर्शन भाजपा की हताशा और बौखलाहट का प्रतीक: विनोद पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा द्वारा झारखंड के प्रखंडों में किए गए 'आक्रोश प्रदर्शन' को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि यह प्रदर्शन न तो जनता के लिए था और न ही जनहित से इसका कोई वास्ता है, बल्कि यह भाजपा की हताशा और बौखलाहट का प्रतीक है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को इस बात का कष्ट है कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी-मूलवासी सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए काम कर रही है। भाजपा जिन सवालों को लेकर प्रदर्शन कर रही है, वे वही मुद्दे हैं, जिन्हें भाजपा ने अपनी सत्ता में पूरी तरह नजरअंदाज किया था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, बालू नीति, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर भाजपा का बोलना हास्यास्पद है, क्योंकि उनके शासनकाल में बालू माफिया सबसे ज्यादा सक्रिय थे, योजनाएं ठप थीं, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई थी और युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ जुमले दिए गए थे। अपने इन्ही कृत्य के कारण भाजपा को प्रदेश की जनता ने सत्ता से बेदखल कर दिया था और इतिहास रचते हुए लगातार दूसरी बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व को आपार बहुमत देकर सत्ता की बागडोर सौंपी है।

पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय मुख्यमंत्री रहने के बावजूद मरांडी जी झारखंड की जमीनी सच्चाई को नजरअंदाज कर रहे हैं। वे आज जिन मुद्दों पर सवाल खड़े कर रहे हैं, उन्हीं समस्याओं की जड़ें भाजपा शासन में पड़ीं।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन उसमें सच्चाई और नीयत की ईमानदारी होनी चाहिए। विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। पेसा कानून का लागू होना, स्थानीयता पर आधारित नियोजन नीति, महिला सशक्तिकरण, मंईयां सम्मान और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जैसे कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, जिनसे भाजपा घबराई हुई है।

### भाकपा माले ने 9 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने का लिया निर्णय

**रांची।** भाकपा माले ने 9 जुलाई को घोषित देशव्यापी मजदूर विरोधी चार श्रम कोडों के खिलाफ हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मंगलवार को संपन्न हुई दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी के सभी जनसंगठनों की सदस्यता में तेजी से वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। आंदोलन को तेज करने और सभी जनसंगठनों के सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सितंबर माह तक पार्टी सभी जिला सम्मेलन संपन्न करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जुलाई से 28 जुलाई तक जुलाई अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान सदस्यता अभियान को तेज किया जाएगा और ब्रांच कमेटियों का निर्माण किया जाएगा।

### नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय नगर विकास मंत्री को लिखा तीन पन्ने का पत्र

# नमामी गंगे योजना से गंगा की सहायक नदियों के अलावा अन्य नदियों को भी जोड़ने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा है। इसमें मंत्री ने लिखा है कि इस पत्र के माध्यम से मैं आपका ध्यान शहरी विकास के क्षेत्र में झारखंड राज्य के सामने आने वाली कुछ चुनौतियों पर आकृष्ट करना चाहता हूं, तथा केंद्र सरकार से उचित सहायता के लिए आपके बहुमूल्य हस्तक्षेप का आग्रह करना चाहता हूं। झारखंड का तीव्र गति से शहरीकरण हो रहा है, लेकिन शहरी बुनियादी ढांचे, किफायती आवास और संगठित सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाओं की अत्यधिक कमी है। इसके अतिरिक्त, राज्य में शहरी स्थानीय निकाय का क्षमता संवर्धन किया जाना नितांत आवश्यक है, ताकि भारत सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा सके। झारखंड राज्य के पृथक सामाजिक-आर्थिक संदर्भ को देखते हुए, मैं आपका ध्यान कुछ विशेष मुद्दों पर आकृष्ट करना चाहता हूं। इनमें भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत गंगा एवं उसके सहायक नदियों के किनारे बसे शहरों के लिए योजना स्वीकृत की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य गंगा एवं उसके बेसिन में अवस्थित नदियों को प्रदूषण मुक्त करना है। गंगा की सहायक नदी दामोदर को स्वच्छ रखने के लिए राज्य के तीन शहरों यथा-धनबाद, फुसरो एवं रामगढ़ में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं इंटरसेप्सन एंड डायवर्सन योजना का कार्यान्वयन नमामि गंगे परियोजना के तहत कराया जा रहा है। परंतु इसमें सीवरेज नेटवर्क का



प्रावधान नहीं है। इस कारण इसका पूर्ण लाभ नहीं हो पा रहा है। मेरा मानना है कि इस परियोजना के साथ गंगा की सहायक नदियों के अलावा अन्य नदियों को भी जोड़े जाने से इसका दूरगामी प्रभाव होगा। झारखण्ड राज्य में उपरोक्त शहरों के अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण शहर अन्य नदियों के किनारे बसे हुए है, जिनका प्रदूषित जल प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से गंगा में प्रवाहित होता है, जैसे-स्वर्णरेखा नदी के किनारे रांची एवं जमशेदपुर, गरमा नदी के किनारे बोकारो (चास) अजय नदी के किनारे देवघर, उसरी नदी के किनारे गिरिडीह, मयुराक्षी नदी के किनारे दुमका एवं कोयल नदी के किनारे पलामू (मेदिनीनगर) अवस्थित है। झारखण्ड राज्य के उक्त शहर के किनारे बसे हुए हैं। निकायों को नमामि गंगे परियोजना के तहत वर्तमान में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं इंटरसेप्सन डायवर्सन योजना के तहत नहीं शामिल किया गया है। इसलिए राज्य सरकार की यह मांग है कि उपरोक्त नदियों के किनारे बसे हुए, शहरों यथा-रांची, जमशेदपुर, बोकारो (चास), देवघर, गिरिडीह दुमका एवं पलामू (मेदिनीनगर) को भी नमामि गंगे योजना के तहत एसटीपी एवं आईडी नेटवर्क के साथ-साथ आईएलडब्ल्यूएम के लिए भी स्वीकृति देने की कार्यवाही की जाये। रांची और प्रमुख शहरों में शहरी यातायात को और सुगम बनाये जाने हेतु इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो के अधिष्ठापन में केंद्र के सहयोग की अपेक्षा राज्य सरकार को है। मंत्री ने लिखा है कि समर्पित राज्य शहरी विकास प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए केंद्र का समर्थन झारखण्ड में समेकित नगरीय विकास को नयी उड़ान दे सकता है। आशा है कि राज्य के नगरीय परिवेश को और बेहतर बनाने में आपका पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

सुप्रभात
बुधवार 25.06.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 101
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## बीबीएमकेयू के परीक्षा परिषद की हुई बैठक



**धनबाद।** विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय परीक्षा परिषद की बैठक कुलपति प्रोफेसर डॉ रामकुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिसमें डीएसडब्ल्यू, संकायाअध्यक्ष विज्ञान, मानविकी, वाणिज्य, शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख एजेंडों पर चर्चा की गई। जिसमें बीएड सेमेस्टर वन (2024-26)के परीक्षा परिणाम का प्रकाशन। (2022 -25 /26)एफवाईयूजीपी के अंतर्गत तीन वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात चौथे वर्ष में प्रवेश अथवा एग्जिट लेने के मुद्दे पर सदस्यों के समक्ष गहन विचार विमर्श किया गया ।तत्पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वैसे छात्र को मल्टीप्ल एंट्री एग्जिट स्कीम पर संकायाअध्यक्ष छात्र कल्याण के कार्यालय से यथोचित सूचना/अधिसूचना जारी किया जाएगा।

## गौतम अदानी के जन्मदिन पर 250 कर्मचारियों ने किया रक्तदान



**सिंदरी।** अदानी एसीसी सीमेंट वर्क्स सिंदरी के कर्मचारियों ने अदानी ग्रुप के चैयरमैन गौतम अदानी के 63 वें जन्म दिन पर रक्तदान कर जन्म दिन मनाया। एसीसी स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्लांट मैनेजर पुष्प राज सिंह गौतम, प्रोजेक्ट हेड यशपाल शर्मा, एच आर हेड अंबरीश इकबाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अदानी ग्रुप के चैयरमैन गौतम अदानी को समर्पित शिविर में प्लांट मैनेजर पुष्प राज सिंह गौतम, उनकी पत्नी अर्पना सिंह गौतम सहित 250 सीमेंट वर्क्स कर्मियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में रेडक्रास सोसाइटी के सहयोग से रक्त संग्रह किया गया। नोडल पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह, दिलीप सिंह मौजूद थे।

## दुर्घटना में बस कंडक्टर की मौत

**जोड़ापोखर।** सिंदरी झरिया मुख्य मार्ग पर बीसीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के निकट अरमान नामक बस संख्या जे एच 10 ऐ एस 4886 जो की भागा से सिकन्दरा बिहार जाती हैं। बस की चपेट में कंडक्टर 45 वर्षीय दिनेश यादव की मौत हो गई हैं। स्थानीय लोगों बस मालिक को बुला कर मुब्जा की मांग को लेकर सब को झरिया पुलिस को उठाने नही दिया गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है की बस में जक लगा कर पिछला चका को खोल कर खलासी बनाने गया था। तभी बस का जक सीलिप कर दिनेश पर गिर गया है। दिनेश की बस के निचे दब कर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दिया गया है। पुलिस पहुची तो लोगों ने बस मालिक को बुलाने की मांग करते हुए सब को रोक दिया है। मृतक तराताड़ का रहने वाला है।

## यूपीए सरकार के विरुद्ध भाजपा का आक्रोश मार्च

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को यूपीए सरकार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय आक्रोश मार्च निकाला। मार्च की शुरूआत प्लस टू उच्च विद्यालय से हुई और प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्ट्राचार, दलाली, बलात्कार, राशन कालाबाजारी और कानून-व्यवस्था की गिरती स्थिति को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजदेव साव और नेतृत्व देवनाथ राणा ने किया। वक्ताओं ने राज्य सरकार पर दोहरी नीति अपनाने और जनता को लूटने का आरोप लगाया।

# धनबाद पुलिस की नयी पहल: सिटी हॉक्स के जरिए अपराध पर होगा नियंत्रण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद पुलिस की नई पहल के तहत मंगलवार को जिले में सिटी हॉक्स के नाम से नई विंग स्थापित की गई। इस विंग के तहत जिले में विधि व्यवस्था संधारण हेतु विशेष पुलिस बल की प्रतिनुक्त सिटी हॉक्स बाइक पेट्रोलिंग के लिए की गई है। सिटी हॉक्स अभियान का शुभारम्भ पुलिस केंद्र में किया गया। इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार व बीसीसीएल के मुख्य प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सिटी हॉक्स पेट्रोलिंग बाइक को रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस केंद्र से 50 सिटी हॉक्स पेट्रोलिंग बाइक को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में पेट्रोलिंग के लिए रवाना किया गया। जल्द ही 20 नई बाइक को भी शामिल किया जाएगा। सिटी हॉक्स बाइक चौबीस घंटे गश्त करेगी। तीन शिफ्ट में संचालित इस पेट्रोलिंग बाइक पर एक पुलिस पदाधिकारी के साथ एक जवान की तैनाती रहेगी। सिटी हॉक्स बाइक सायरन, ब्लिंकर, जीपीएस से लैस है। इस बाइक पर तैनात टीम को पुश टू टॉक वायरलेस वॉकी टॉकी भी मुहैया कराया गया है। इस वायरलेस के जरिए सभी सिटी हॉक्स बाइक वरीय पदाधिकारियों एवं थाना के सीधे सम्पर्क में कार्यरत रहेगी।

वही बताया कि जल्द ही नई व्यवस्था के तहत जिले के विभिन्न प्रवेश व निकासी मार्ग पर बैरियर के जरिये पुलिस की नाकेबंदी की जाएगी। चिन्हित मार्गों पर तैनात पुलिस बल द्वारा जिले में आने जाने वाले सभी वाहनों की निरंतर जांच की व्यवस्था जल्द ही लागू की जाएगी। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने की दिशा में पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी उद्देश्य के तहत जल्द ही 12 करोड़ की लागत से जिले के विभिन्न चौक चौराहो पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की दिशा में प्रयास जारी है। जल्द ही धनबाद की सडक यातायात व्यवस्था को ट्रैफिक सिग्नल से नियंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जल्द ही जिले में एक केंद्रीयकृत कंट्रोल रूम स्थापित की जाएगी जिसके जरिए विधि व्यवस्था के संधारण के साथ साथ सीसीटीवी के जरिए कंट्रोल रूम से जिले के विभिन्न मार्ग व गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जाएगी। कहा कि धनबाद को अपराध मुक्त बनाने व समाज को सुरक्षा प्रदान करने के लिए धनबाद पुलिस पूरी तरह सक्षम है। जनता के सहयोग से धनबाद को पूरी तरह भय मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी है।



कार्यक्रम के दौरान एसएसपी ने बताया कि सिटी हॉक्स का मुख्य उद्देश्य विधि व्यवस्था संधारण हेतु निरंतर गस्त करना है। सिटी हॉक्स के जरिए असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। किसी भी घटना, दुर्घटना एवं अन्य समस्या की सूचना के बाद टीम त्वरित मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।सिटी हॉक्स को पुलिस कंट्रोल रूम व डायल 112 से कनेक्ट रखा गया है। आपात स्थिति में मिलने वाले प्रत्येक सूचना के अनुसार टीम तत्काल विभिन्न परिस्थितियों में आवश्यक मदद पहुंचाने का काम करेगी।

### कार्यक्रम मे थे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान मौके पर ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव, बीसीसीएल के कार्मिक निदेशक मुरली कृष्णन रमैया, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## नीरज हत्याकांड: एसएफएसएल डिप्टी डायरेक्टर का बयान दर्ज

# एक ही हथियार से हुई थी तीनों की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड में मंगलवार को एसएफएसएल के डिप्टी डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर बी के ठाकुर हाजिर हुए। जिनका बयान दर्ज किया गया है। हलांकि डायरेक्टर आर एस सिंह मंगलवार को गवाही हेतू अदालत मे उपस्थित नही हुए। डिप्टी डायरेक्टर श्री ठाकुर ने बताया कि डायरेक्टर आर. एस सिंह की मृत्यु हो चुकी है। कोर्ट को दिए बयान मे डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि एक ही हथियार से गोली चलने पर तीन लोगों की मौत हुई थी। नीरज सिंह की गाडी के फ्रंट बायें सीट का विंडो मिरर गोली से नहीं टूटा था। हमलावरों ने गाड़ी के सामने के शिशे से फायर किया था। अगल, बगल, पीछे से गोली चलने के निशान नहीं मिले। गाड़ी में फल व सब्जी नहीं मिला एक टूटा हुआ दाँत मिला था। जाँच के क्रम में गाड़ी के अंदर जो खून मिला वो प्रयोगशाला में जांच किया गया था तो उसमें यह निष्कर्ष निकला कि उसमें से कुल चार लोगों का ही खून उसमें था। ड्राइवर के सीट से जो खून का नमूना लिया गया था उसके जांच में यह निष्कर्ष निकला कि वह मिक्स प्रोफाइल खून था एक से ज्यादा मनुष्यों का था गाड़ी में बीच के सीट के बाएं तरफ जो खून का नमूना लिया गया उसका डीएनए नीरज सिंह के पैजामे के खून के डीएनए से मिलान करने पर दोनों एक पाया गया। सीआईडी के अनुरोध पर एसएफएसएल की चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया था जिसका वह नेतृत्व कर रहे थे। टीम ने मौके वारदात से बुलेट का खोखा जब्त किया था। कई फोटोग्राफ्स बनाए थे फॉर्च्यूनर गाड़ी के अंदर बाहर के ब्लड सैंपल, टूटे हुए शीशा का टुकडा को जब्त किया था, तथा सीट मे हुए होल का मेजरमेंट किया था।

सुनवाई के दौरान अभियोजन के द्वारा गवाह का प्रतिपरीक्षण का प्रयास किया गया जिसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता देवी शरण सिन्हा, मोहम्मद जावेद, कुमार मनीष, पंकज प्रसाद ने विरोध किया और कहा कि पहले इन्होंने गवाह को परीक्षण करने से इनकार किया था आज कैसे परीक्षण कर सकते हैं। अदालत ने सुनवाई के लिए बुधवार की तारीख निर्धारित की है। बताते हैं कि इस मुकदमे में आरोप पत्र में पुलिस ने कुल 70 लोगों को गवाह बनाया था जिसमें से अभियोजन ने 37 गवाहों का परीक्षण अदालत में कराया है। जबकि एसएफएसएल के डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर का परीक्षण नहीं कराया था।



खास बातें: डिप्टी डायरेक्टर श्री ठाकुर ने कहा कि रिपोर्ट मे यह वर्णित है कि घटनास्थल से जो खोखा जब्त किया गया था वह नौ एमएम का था उसका इस्तेमाल पिस्टल में हो सकता है बंदूक से नहीं। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि कांड के अनुसंधानकर्ता ने एक सादा रंग का पायजामा और एक ग्रे कलर का कपड़ा जब्त कर जांच के लिए भेजा था। जिसे नीरज सिंह का बताया था। परन्तु डीएनए टेस्ट मे यह पता चला कि दोनों एक आदमी के कपड़े नहीं थे।

### क्या था मामला

21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

## एडीएम ने सुनी आम जनों की शिकायत, समाधान का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के बरवाअड्डा, पूर्वी टुंडी, गोविंदपुर, तोपचांची, कतरास, बाघमारा सहित अन्य क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायत सुनी। जनता दरबार में नाली निर्माण, अबुआ आवास की स्वीकृति, पानी की समस्या, जल सहिया की मनमानी के कारण पानी वितरण में उत्पन्न हो रही समस्या, रुकी पेंशन शुरू कराने, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने, ग्रामीण सड़क की मरम्मती कराने, झाडूडीह में पीसीसी सड़क एवं नाली बनाने, आने जाने के आम रास्ता पर जबरन दीवाल खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। एडीएम ने समस्या का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा मौजूद थे।

## धनबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता प्रिंस के 9 गुर्गों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिले की पुलिस को आपराधिक गिरोह के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के 9 गुर्गों को पुलिस ने एक विशेष अभियान में गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी महुदा, बैंक मोड़, बरवाअड्डा समेत कई थाना क्षेत्रों से की गई है। मीडिया को जानकारी देते हुए एसएसपी ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी एक बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। उसी सूचना के आधार पर सिटी और ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद अलग-अलग जगह छापेमारी कर नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार ये सभी अपराधी गैंगस्टर प्रिंस खान के लगातार संपर्क में थे और उनके ही इशारे पर बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में अवैध हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिली है। बरामद सामानों में 5 अवैध हथियार, 27 जिंदा कारतूस, 4 मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार किए गए दो आरोपी वर्ष 2024 में धनबाद में हुई शहाबुद्दीन हत्याकांड में भी शामिल थे। एसएसपी प्रभात कुमार ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। बताया कि गिरोह लंबे समय से जिले में संगठित अपराध में संलिप्त था और सीधे तौर पर गैंगस्टर प्रिंस खान के संपर्क में काम कर रहा था। बताया कि यह अभियान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले दिनों में ऐसे आपराधिक तत्वों पर सख्ती जारी रहेगी।

# जिले की गिरती विधि व्यवस्था, भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली, प्रखंड कार्यालय पर दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** जिला में गिरती कानून व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, सरकारी योजनाओं की विफलता के विरोध में मंगलवार को निरसा प्रखंड भाजपा कार्यकताओं ने आक्रोश मार्च निकाला तथा प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल बीडीओ से मिलकर मांग पत्र सौंपा। आक्रोश मार्च का नेतृत्व पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता कर रही थी।

आक्रोश मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि लंबे चौड़े घोषणाओं का सब्जबाग दिखा कर राज्य की सत्ता पर काबिज होने वाली हेमंत सरकार की नीति और नीयत में कोई बदलाव नहीं आया है। अपने पिछले कार्यकाल में जिस प्रकार से राज्य सरकार के संरक्षण में खनिज संसाधनों की लूट, पंचायत से लेकर सचिवालय, मंत्रालय तक लूट, भ्रष्टाचार ने अपना पैर जमाया है, वह दूसरे कार्यकाल में और मजबूत हो रहा है। विधि व्यवस्था की हालत ऐसी कि कोई सुरक्षित नहीं। हत्या, लूट आम बात हो चुकी है। अपराधी बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे हैं। बहन बेटियां घर से निकलने में भयभीत हैं। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं ध्वस्त विधि व्यवस्था को उजागर कर रहे हैं। ऐसी भ्रष्टाचारी सरकार को आने वाले समय में राज्य की जनता उखाड़ फेंकेगी।

आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक मनु तिवारी ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, दवाई नहीं, ऑक्सीजन, एम्बुलेंस के अभाव में गरीब मरने को मजबूर हैं। आयुष्मान योजना को राज्य सरकार ने लगभग ठप कर दिया है। हेमंत सरकार ने स्थानीय नीति, नियोजन नीति और भाषा विवाद में राज्य को उलझा कर रख दिया है। नगर निकाय चुनाव नहीं होने के कारण आज शहरी क्षेत्र में जनता की समस्याओं की सुध लेने वाला कोई जन प्रतिनिधि नहीं है। पदाधिकारी अपनी मनमानी चला रहे।

आक्रोश मार्च को मधुरेंद्र गोस्वामी, वांपी चक्रवर्ती, विवेक मोदक, गोविंद यादव, पूर्णेन्दु मालाकार, वीरेंद्र प्रसाद, सजल दास, यादव राय, उज्जवल गोराई, प्रदीप बाउरी, विजय महतो, गुड्डू चौहान, वरुण चौधरी, माया देवी, रूमा मुखर्जी, राखी तिवारी, पार्वती देवी, सीता देवी, किरण देवी, पायल देवी, धर्मेंद्र यादव, जोगेंद्र यादव इत्यादि में भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरसा मंडल अध्यक्ष बृहस्पति पासवान ने किया।





एक नजर में

## नुक्कड़ नाटक के जरिये नशा मुक्त समाज बनाने का लिया गया संकल्प



**महुदा।** जन कल्याण विकास केंद्र तेलमच्चो के कलाकारों ने बाघमारा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमडिया में नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो एवं नशा को किया जिसने स्वीकार उजडा उसका घर परिवार के तहत नुक्कड़ नाटक के जरिये जागरूकता कार्यक्रम अभियान चलाया। नाटक का संचालन कर रहे संस्था के सचिव दुखू महतो ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे झारखंड में चलाया जा रहा है। झारखंड को नशा मुक्त बनाने हेतु झारखंड सरकार पूर्ण रूप से संकल्पित है। हम सब का एक ही नारा नशा मुक्त हो जीवन हमारा। आज युवा पीढ़ी नशे के लत में लग गए है। नशा से छुटकारा पाने के लिए सरकार के द्वारा 112 नंबर उपलब्ध कराया गया है। नशा से छुटकारा के लिए तुरंत संपर्क करने के लिए रीन पास रांची केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान रांची अखिल भारतीय आयु विज्ञान संस्थान देवघर एवं जिला अस्पताल की आईसीटीसी एवं आईआरटीसी परामर्श केंद्र में सभी तरह की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में वामा पद सूत्रधार, गयाराम राय बबलू, मोहन, संजना, पिंकी कुमारी आदि का अभिनय काफी सराहनीय रहा।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित



**जमाताड़ा।** केंद्र सरकार और जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड में अलग-अलग तिथियों पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर मंगलवार को प्रखंड के पोस्ता पंचायत के अर्जुनडीह और लोहरंगी में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को स्वास्थ्य की जांच किया गया और नि:शुल्क दवाइयां दी गई। इसके अलावा अनूसूचित जनजाति परिवारों और आदमी जनजाति परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसके अलावा ग्रीन राशनकार्ड, बाल विकास परियोजना का लाभ, मुख्य मंत्री पशुधन योजना, मनरेगा योजना, आधार कार्ड सुधार व नया बनाना, जमीन संबंधी सभी तरह के मामले को शिविर के माध्यम से निपटाया जा रहा है। मौके पर बीडीओ मुरली यादव, सीओ देवराज गुप्ता, व पंचायत के मुखिया वीरेंद्र प्रताप हेम्ब्रम, अंचल निरीक्षक निरंजन मिश्रा, सीएचओ सुधा मिंज, मधुमिता कुमारी, प्रखंड एवं अंचल के कर्मी स्वास्थ्य कर्मी इस शिविर में उपस्थित थे।

## भाजपा ने एग्यारकुण्ड प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया आक्रोश प्रदर्शन

**मैथन।** भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में गाजे बाजे के साथ मंगलवार को भाजपाई एग्यारकुण्ड प्रखण्ड पहुंचे। जहां प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष चार घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक अर्पणा सेनगुपता के साथ-साथ तीनों मंडल के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। सेनगुप्ता कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण मे खनिज सम्पदा की लूट मची है। पंचायत से लेकर सचिवालय और मंत्रालय तक भ्रष्टाचार ने पैर जमा लिया है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध का अंजाम दे रहे हैं। सरकार ने स्थानीय नीति, नियोजन व भाषा विवाद में राज्य को उलझा रखा है। अंचल कार्यालय से संबंधित कोई भी कार्य दलालों के माध्यम से होता है। इसके बाद सेनगुप्ता के नेतृत्व मे भाजपाइयों ने बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रधान लिपिक प्रकाश चंद्रा और बी पी आर ओ लालू रविदास को 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा। दोनों ने कहा कि मांग को उच्च अधिकारियों तक पहुंचा दिया जायेगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरजीत चन्द्रा, दीनबंधु महतो, अरविंद सिन्हा, विजय सिंह, अरूण सिंह, राहुल मोदक, अर्जुन सिंह, मिथिलेश कुमार, रानी सिंह, दुर्गा देवी आदि थे।

## जनता दरबार में बिजली बिल सुधार को पहुंचे फरियादी की शिकायत पर हुई त्वरित कार्रवाई





**जमाताड़ा।** कहते हैं कि जब अधिकारी संवेदनशील हो तो लोगों की समस्याएं यूं ही दूर होने लगती है। ऐसा ही वाक्या मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में देखने को मिला। जहां जिले के पाकडीह निवासी साबिर अंसारी ने उपायुक्त के समक्ष बिजली बिल की अपनी समस्या रखी। साबिर ने बताया कि वो प्रतिमाह बिजली बिल आता है एवं भुगतान भी करते हैं। माह मार्च 2025 में अचानक से मेरा बिजली बिल 1 लाख 22 हजार रुपया आ गया। ज्यादा बिजली बिल आने पर मेरे द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से बिल सुधार के लिए कई बार गुहार लगाया गया। परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे मैं काफी मानसिक तनाव में था। शिकायत सुनने के बार उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली बिल में सुधार कर 10 हजार करवाया। फरियादी ने उपायुक्त को धन्यवाद किया।

स्पीड न्यूज

### महुदा में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरुकता अभियान

**महुदा।** रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज महुदा में निषेध मादक पदार्थों के विरुद्ध एक जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बीएड के छात्र-छात्राओं द्वारा मादक पदार्थ के विरुद्ध महुदा बाजार में मानव श्रृंखला बनाते हुए रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान छात्रों द्वारा नशा के विरुद्ध नारा भी लगाया गया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने कहा कि इस जागरूकता अभियान से लोगों में नशे से होने वाली हानियां एव सचेत होने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का प्रभाव समाज के लोगों पर पड़ेगा, इस अभियान में निरंतरता लाने की आवश्यकता है तभी लोगों के विचार में बदलाव आएगा और नशे के प्रति उदासीनता आएगी। इस अभियान को सफल बनाने में डा.नवीन मंडल, डा. सजल बनर्जी, डॉ. मंजू कुमारी, प्रो. विजय कुमार महतो, प्रो. रविकांत पांडेय, प्रो.सविता कुमारी, प्रो. पुष्पा कुमारी, प्रो. अजय शंकर महतो, प्रो. त्रिलोकी नाथ बिंद्रा, राजा गुप्ता, किशोर कुमार महतो, मोहन लाल महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा है।

### प्रखंड कार्यालय में भाजपाइयों ने किया आक्रोश प्रदर्शन

**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में भाजपा का प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा कार्यकताओं ने हाथों में बैनर और भाजपा का झंडा लिए शामिल हुए। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार की दोहरी नीति, तुष्टीकरण की राजनीति और विकास कार्य में व्याप्त भ्रष्टाचार अंतिम जड़ तक पहुंच गई है। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष समीर साव, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शंकर चंद्र दा, भाजपा नेता बिपिन दा, ने भी मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल? रहा। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव कुमार,महादेव कुमार , संतोष भगत,भीमलाल भंडारी, विकास कुमार , संदीप मंडल, आदि उपस्थित थे।

### बीसीसीएल के श्रमिकों के पदोन्नति के बाद पहचान पत्र भी हो अपग्रेड : उमेश

**धनबाद।** कोल इंडिया अपने कर्मचारियों के लिए एक मानकीकृत ड्रेस कोड लागू किया है, जो जुलाई 2025 से प्रभावी होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर स्थिरता और एकरूपता के पहचान को बढ़ावा देना है, जो कि सराहनीय कार्य है। उक्त बातें एक बयान जारी कर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री सह कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड सदस्य एवं अपेक्स सुरक्षा समिति सदस्य उमेश कुमार सिंह ने कही। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से मांग किया गया है कि भा.को.को.लि. में कार्यरत समस्त श्रमिको को जिस प्रकार से ड्रेस कोड लागू किया गया है, उसी क्रम में समस्त श्रमिकों के पहचान पत्र अधिकारी वर्ग की तरह समय-समय पर पदोन्नती के बाद अपग्रेड कर जारी किया जाय जिसकी प्रतिलिपि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बीसीसीएल को भी दी गई है।

### डोमगढ़ बचाओ मोर्चा ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

**सिंदरी ।** सिंदरी के डोमगढ़ क्षेत्र के 304 एकड़ भूमि को सेल के टासरा प्रोजेक्ट के ओबी डंप के लिए दिए जाने के विरोध में मंगलवार को डोमगढ़ बचाओ मोर्चा ने जन आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। मोर्चा ने बड़ी तादाद मे लोगों को इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया है। एफसीआई के गैर जिम्मेदाराना रवैए से आक्रोशित मोर्चा ने गौशाला बाजार से लेकर डोमगढ़ तक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान डोमगढ़ सिटी से शुरू किया गया है। इस अभियान के माध्यम से एकत्रित हस्ताक्षर महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सौंपा जायेगा। इसके माध्यम से लोगों को विस्थापन के संकट से अवगत कराया।

# सरकार की विफलताओं के खिलाफ बाघमारा में भाजपाइयों का जोरदार प्रदर्शन

### बारिश भी नहीं रोक सकी जनसैलाब, भ्रष्टाचार के खिलाफ उठी जोरदार आवाज

खबर मंत्र संवाददाता



**कतरास।** धनबाद समेत पूरे झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और सरकारी योजनाओं की विफलता के खिलाफ भाजपा कार्यकताओं ने बाघमारा प्रखंड कार्यालय के समक्ष जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में पूरे बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक शामिल हुए। मुख्य अतिथि धनबाद सांसद ढुलू महतो ने हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है-चोरी व छिनतई की घटनाएं आम होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के नाम पर जनता को छल रही है और ज्यादातर योजनाएं केंद्र सरकार की हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार 'मइया योजना' का लाभ देने का दावा कर रही है, परंतु वृद्धावस्था, विधवा और विकलांग पेंशन जैसी योजनाएं बंद कर बुजुर्गों के साथ अन्याय किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि उन्होंने जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें निभा रहे हैं और धनबाद की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पूर्व बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और झारखंड सरकार की विफलताओं को लोगों के सामने रखा। तेज बारिश के बावजूद लोग पूरे उत्साह से कार्यक्रम में डटे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश पासवान ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष राजू शर्मा ने किया। मौके पर गौर चंद बाउरी, धनेश्वर महतो, बच्चु राय, संजय पांडे, अमित भगत, अनिल उपाध्याय, प्रिंस शर्मा, सूर्यदेव मिश्रा, उप प्रमुख रंजीत सिंह, राजेश स्वर्णकार, परमेन्द्र सिंह, नागेश्वर सिंह, गौतम सिंह, हराधन गयाली, जलाल अंसारी, बबलू अंसारी, इंद्रदेव पासवान, निरंजन साहू, श्याम किशोर, विनय पासवान, विवेक हजारी, पिंटू दे, सरोज विश्वकर्मा, रविंद्र विजन, जानकी देवी, रीना देवी, उषा पटवा, आरती पासवान, लक्ष्मी देवी, पंकज गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा



**पुटकी।** झारखंड की हेमंत सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को गभुर्डीह प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। भाजपा धनबाद विधानसभा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री मानस प्रसून ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक राज सिन्हा ने राज्य सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह निकम्मी और निठल्ली महा ठगबंधन सरकार केवल जनता को ठगने का काम कर रही है। युवाओं को आज तक रोजगार नहीं मिला और महिलाएं ह्यमैया सम्मान योजनाह्न की राशि से वंचित हैं। सरकारी दफ्तरों में आम जनता का काम बिना दलाली या घूसखोरी के नहीं होता।

वहीं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भ्रष्टाचार चरम पर है और अधिकारियों को हर छह माह में रीचार्ज कराना पड़ रहा है। कई योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही हैं।

प्रदर्शन में विकास मिश्रा, गुड्डू वर्मा, सदानंद वर्णवाल, शिवनंदन पासवान, राजीव महतो, राहुल सिंह, राजू सिंह, रामदेव महतो , महेंद्र वर्णक , केदार वर्णवाल , मटुकधारी चौधरी, रंजय सिंह, राजेश गुप्ता, रामकेश गुप्ता, मिठू पांडेय सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सात सूत्री मांग को लेकर हाड़ी जाति विकास मंच ने किया धरना प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सात सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को हाड़ी जाति विकास मंच ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष डब्लू हाड़ी ने कहा कि आज हमलोग धनबाद सहित राज्य के सभी जिलों में एक साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया हमारा समाज लंबे समय से आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उपेक्षा का शिकार है । हमारी मांगों में झारखंड के सभी अनुसूचित जाति और जनजाति के भूमिहीन परिवारों को प्रखण्ड स्तर से खाश जमीन में से 5-5 डिसमिल जमीन दान स्वरूप आवास के लिए दिया जाए, अनुसूचित जाति की सूची में हाड़ी जाति के साथ संयुक्त रूप से मेहतर और भंगी जाति को हटाकर केवल हाड़ी जाति लिखा जाए, हाड़ी जाति के किसी एक व्यक्ति को झारखंड विधानसभा की समिति में शामिल किया जाए, झारखंड राज्य में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया जाए, हाड़ी समाज के युवाओं की जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल किया जाए आदि मांगे शामिल है।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी 25 जनवरी को हमलोग अपनी मांगों को लेकर धरना दे चुके है। राज्य सरकार को मांगपत्र भी दिया जा चुका है। लेकिन आज तक उसपर विचार नहीं किया गया है। इसलिए आज दुबारा धरना पर बैठना पड़ा है। धरने के बाद जिला प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और कहा कि मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो रांची में धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। मंच संचालन जिला सचिव बच्चन हाड़ी ने किया । धरना में प्रदेश महासचिव राजू प्रसाद हाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी कुमार हरि, कालो हाड़ी, सुनील हाड़ी, सुभाष हाड़ी,मन्नू प्रसाद हाड़ी, प्रदीप हाड़ी, बबलू हाड़ी, राजू हरि, मोहन हाड़ी, प्रकाश हाड़ी, अभिजीत हाड़ी, राजेंद्र हाड़ी,सोनू हाड़ी, दीनदयाल हाड़ी, लखन हाड़ी, अनु हाड़ी, प्रकाश हाड़ी, मीनाक्षी रानी गुड़िया, अंजनी देवी, राधा देवी, सुनैना देवी सहित 10 प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं युवा शामिल थे ।

# डीसी ने म्यूटेशन, सरकारी योजनाओं में भूमि स्थानांतरण के मामलों को जल्द निष्पादन करने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय में राजस्व विभाग की समीक्षा की।उन्होंने अंचलवार म्यूटेशन में आने वाली समस्या और मामलों के लंबित होने के कारणों एवं रिजेक्शन की बारिकी से समीक्षा की। उन्होंने 10 डिसमिल से कम के म्युटेशन में मामलों में प्रगति लाते हुए जल्द से जल्द सभी लंबित मामलों को निपटाने का निर्देश दिया।

रिवेन्यू कोर्ट के मामलों पर उपायुक्त ने नियमित समीक्षा करने एवं चरणबद्ध तरीके से विवरण तैयार कर मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं के लिए समय पर भूमि स्थानांतरण करने, लैंड एक्विजिशन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

वहीं सभी अंचल अधिकारियों को संदिग्ध जमाबंदी को चिन्हित कर नोटिस करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मुआवजा भुगतान में तेजी लाने, सभी अंचल अधिकारियों को दावा आपत्ति का निराकरण समय पर करने, परियोजना के लिए सरकारी भूमि के हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर दिलीप महतो, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलखो, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, आईटी मैनेजर रुपेश मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद कुमार पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

### एगयारकुंड दक्षिण पंचायत के मध्य विद्यालय में शिक्षक व अभिभावक के बीच हुई बैठक

**कुमारधुबी।** राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश पर मंगलवार को शिक्षक व अभिभावक के बीच बैठक मध्य विद्यालय एगयारकुंड दक्षिण पंचायत के प्रांगण में हुई। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने किया। निपुण भारत कार्यक्रम, ऐफ एल एन की गतिविधियां ,खेलकूद में भागीदारी ,बाल अधिकार अधिनियम ,रेल प्रोजेक्टर, लर्निंग आउटकम ,छात्रों उपस्थित ,छात्रों को मिलने वाली अनिवार्य सुविधाओं ,बाल सुरक्षा अधिकारों की जानकारी, माता-पिता के साथ बच्चों के शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक विकास हेतु पहल ,बच्चों के लर्निंग गैप को कम करने हेतु माता-पिता की जिम्मेदारी, विद्यालय में सहज वातावरण का निर्माण ,छात्रों को सीखने की प्रक्रिया में सहयोग आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। वही पेटीएम कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक गण को बच्चों के द्वारा फूल व बुके देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य बालिका कोरा ,छवि बाउरी, फुल कुमारी देवी ,कपिल रविदास ,तपन बाउरी,चंदन बाउरी, अविनाश झा, छप्पन बाउरी,राजेश दास ,हराधन बाउरी ,भरत कुमार मिश्रा, चांदनी परवीन ,अनीता कोरा ,जोशना बाउरी,आशा बाउरी, कविता कोडा, वर्षा कोडा शिवानी कोडा ,रीना बॉउरी,टुंपा देवी, संतोषी बाउरी,चंदन कुमार मिश्रा, शिक्षक विदन मंडल, ज्योति कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डुमरी विधायक समर्थकों ने मांडू विधायक का किया पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** डुमरी विधायक जयराम महतो पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ मंगलवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकताओं ने रणधीर वर्मा चौक पर मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो का पुतला जलाया। मांडू विधायक द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी का जोरदार विरोध किया।प्रदर्शनकारियों ने इसे न सिर्फ व्यक्तिगत अपमान बताया, बल्कि झारखंड की गरिमा और राजनीतिक मयार्दाओं के खिलाफ घोर अनादर बताया। उपस्थित लोगों ने मांडू विधायक से अविलंब सार्वजनिक माफी की मांग की एवं विधानसभा अध्यक्ष से इस मामले में संज्ञान लेने की अपील की।

विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष शक्ति नाथ महतो, केंद्रीय प्रवक्ता सुशील मंडल, धनबाद लोकसभा पूर्व प्रत्याशी एकलाक अंसारी, बाघमारा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी दीपक रवानी, धनबाद विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सपन मोदक, केंद्रीय अध्यक्ष रउ मोर्चा हरेंद्र रजक, केंद्रीय उपाध्यक्ष राजा दास,केंद्रीय प्रमंडलीय प्रवक्ता इकबाल हुसैन अंसारी, नगर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अध्यक्ष डिम्पल चौबे, ग्रामीण जिला अध्यक्ष धनबाद भारती देवी, जिला सचिव चांदनी कुमारी, आरती देवी, विकास महतो शामिल थे।

एक नजर में

### महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर सुरक्षा जागरूकता रथ को किया रवाना



**पुटकी ।** पश्चिमी झरिया क्षेत्र, मुनिडीह प्रोजेक्ट में कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया के निर्देश पर मंगलवार को हर कर्मचारी के घर तक सुरक्षा सन्देश देने के उद्देश्य से महाप्रबंधक अरिंदम मुस्तफी एवं परियोजना पदाधिकारी सुनील कुमार पांजा ने सुरक्षा जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । सुरक्षा रथ सभी कर्मचारी एवं अधिकारी के आवासीय परिसर तथा आसपास के गांवों में जाकर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद करगी। रथ रवाना करने से पूर्व महाप्रबंधक के नेतृत्व में परियोजना पदाधिकारी एसके पांजा, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी विध्या शंकर वर्णवाल, प्रबंधक खनन सीता राम रावत ,ठेकेदार रमेश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को नजर अंदाज नहीं करने एवं अन्य कर्मियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का सपथ लिया । क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी विध्या शंकर वर्णवाल ने बताया कि कोयला मंत्रालय के आदेश पर दुर्घटना को जीरो करने के लिए सुरक्षा को लेकर यह जागूरता अभियान चलाया जा रहा है । श्रमिक कॉलोनियों में वीडियो क्लिक, नुक्कड़ नाटक दिखा कर सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरुक बनाने का प्रयास किया जाएगा ।

# उपायुक्त ने समाहरणालय में विभिन्न कार्यालय का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ समाहरणालय परिसर स्थित चिन्हित पार्किंग एरिया एवं कैंटीन एरिया का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सभी कार्यालय प्रधान को कार्यालय में साफ-सफाई, पंजी के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को समयबद्धता के साथ कार्य करने, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति, नेम प्लेट और कार्यालयी दस्तावेजों की व्यवस्था समेत विभिन्न बिंदुओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

साथ हीं उन्होंने सभी कार्यालयों में आवश्यकता अनुसार रैक निर्माण, फर्नीचर निर्माण, टेबल, कुर्सी लगाने हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल एवं नजारत उप समाहर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही वैसे सभी फर्नीचर जो प्रयोग लायक नही हैं उन्हें कार्यालय से हटाने हेतु भी दिशा निर्देश दिए गए।

कार्यालय के निरीक्षण के पूर्व उपायुक्त ने एसएसपी के साथ समाहरणालय परिसर में चिन्हित पार्किंग एरिया, कैंटीन एरिया एवं वेटिंग एरिया का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्किंग एरिया में शेड निर्माण, वेटिंग एरिया निर्माण, कैंटीन एरिया निर्माण एवं पार्क गार्डन निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल एवं नजारत उप समाहर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**गोविंदपुर।** सामाजिक संस्था नागरिक समिति ने मंगलवार को राजविलास रिसोर्ट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गोविंदपुर प्रखंड में मैट्रिक और इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 200 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाने के लिए विद्यार्थियों एवं नागरिकों के बीच करीब 500 पौधे वितरित किए गए । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह तथा विशिष्ट अतिथि दिगंत के संस्थापक शैलेंद्र, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रेणु दुदानी तथा प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह ने बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किए । प्रखंड प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण इलाकों प्रतिभाओं को सम्मानित करने की नागरिक समिति की परंपरा सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए अध्यक्ष एवं पूरी टीम का आभार जताया । पुरस्कार पाने वालों में आईएससी की स्टेट टॉपर प्रियंका दत्ता तथा जेईई एडवांस में झारखंड के द्वितीय टॉपर अभिनीत पांडेय, बीपीएससी द्वारा चयनित आईटीआई के उप प्राचार्य विकास कुमार सौरभ भी शामिल है ।

### पत्नी की हत्या कर नेपाल भाग रहे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा, भेजा गया जेल



**बिरनी।** भरकट्टा ओपी क्षेत्र के पूर्वी बलगो में एनुअल अंसारी ने अपनी पत्नी गुलेशा खातून की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर मौके से फरार हो गया। घटना 20 जून की रात की है। मामले की सूचना मिलने पर ओपी पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाई शुरू की। पुलिस ने अपनी तकनीकी टीम को एक्टिव किया और 48 घंटे के भीतर आरोपी को बिहार के सीतामढ़ी से धर दबोचा, जहाँ वह नेपाल भागने की फिराक में था। अब एनुअल अंसारी न्यायिक हिरासत में है और गिरिडीह जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। ग्रामीण स्तब्ध हैं कि आखिर कैसे एक पति इतना बेरहम हो सकता है। कई लोगों का कहना है कि आरोपी पहले से ही अपनी पत्नी के साथ हिंसक व्यवहार करता था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था। वहीं इस पूरे मामले में गिरिडीह पुलिस की तेजी और तकनीकी टीम की सफलता ने एक और सनकी हत्यारे को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

### पूरी उर्जा के साथ छात्रों के हित में करें काम : उपायुक्त

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी को पूरी ऊर्जा के साथ छात्रों के हित में अपने दायित्व का निर्वाहन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं अपनी क्षमता पहचानें। स्कूल में ऐसा वातावरण तैयार करें कि वहां आने वाले शिक्षक और छात्र सहित अन्य लोग भी उत्साहित हो उठे। सभी बच्चे यूनिफॉर्म में स्कूल पहुंचे। परीक्षा के टॉपर को सम्मानित करें। जिम्मेदारी पंजी बनाएं। जितने संसाधन हैं उसका शत प्रतिशत उपयोग करें। लो कोस्ट - नो कोस्ट पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, एडीपीओ आशीष कुमार, डीएमएफटी टीम लीडर शैलेश तिवारी सहित स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# सोने के आभूषण खरीदने से पहले हॉलमार्क देखने व मेकिंग चार्ज पूछने की अपील

### बीआईएस जमशेदपुर ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), जमशेदपुर शाखा कार्यालय ने आज समाहरणालय में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सत्र के दौरान, पदाधिकारियों को आईएसआई चिह्नित उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामानों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले सीआरएस मार्क, सोने और चांदी के सामानों के लिए हॉलमार्किंग प्रक्रिया, बीआईएस प्रमाणन योजनाएं, प्रमाणित उत्पादों की प्रामाणिकता और शुद्धता की पुष्टि के लिए बीआईएस केयर मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग जैसे प्रमुख पहलुओं पर जागरूक किया गया। उन्होंने सोने के आभूषण खरीदने से पहले हॉलमार्क देखने और आभूषण का मेकिंग चार्ज जरूर पूछने की अपील की। साथ ही बताया कि बार, बुलियन व सिक्का के अलावा सोने के कोई भी आभूषण 24 कैरेट में नहीं बन सकते। आभूषण की बनाई 22 कैरेट सोने से शुरू होती है।

वहीं प्रत्येक ज्वेलरी पर हॉलमार्क की कीमत 35 रुपए है।? बताया कि धनबाद में हॉलमार्क के तीन सेंटर हैं। जबकि पूरे भारत में इसकी संख्या 1500 से अधिक है। फर्जी हॉलमार्क करने वाले सेंटरों पर कार्रवाई की जाती है। बीआईएस अधिकारियों द्वारा बीआईएस केयर ऐप का लाइव प्रदर्शन किया गया और प्रतिभागियों को वास्तविक समय उत्पाद सत्यापन के लिए इसकी कार्यक्षमताओं को स्थापित करने और तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व कौशलेंद्र कुमार, निदेशक/वैज्ञानिक-ई, और प्रभुनाथ यादव, संयुक्त निदेशक/वैज्ञानिक-डी, बीआईएस जमशेदपुर ने किया।

# भाजपा का जोरदार प्रदर्शन, सरकार की विफलताओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

### कानून व्यवस्था, हत्या, लूट, दुष्कर्म, भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों को लेकर आक्रोश जताया

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के आह्वान पर भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा प्रखंड कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने किया। कार्यकताओं ने राज्य सरकार पर गिरती कानून व्यवस्था, हत्या, लूट, दुष्कर्म, भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों को लेकर आक्रोश जताया और सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद भाजपा कार्यकताओं ने नियुक्त दंडाधिकारी को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। मांगपत्र में छात्रवृत्ति, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली, बालू संकट, भाषा विवाद सहित अनेकों जन समस्याओं को लेकर समाधान की मांग की गई।


ज्ञापन सौंपते भाजपाई

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि राज्य सरकार जनता से किए वादों को भूल चुकी है। जिला महामंत्री संतोष दुबे ने सरकार पर चुनावी लॉलीपॉप दिखाकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। अस्पतालों में डॉक्टर व दवा की कमी है, छात्रवृत्ति, पेंशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं विफल हो चुकी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। मौके पर मुरली श्याम सोनी, डॉ पतंजलि केशरी, राजकुमार मद्धेशिया, सत्येंद्र सोनी, जयंत पांडेय, संतोष कश्यप, शुभम गुप्ता, नसरुद्दीन अंसारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा ने प्रखंड कार्यालय पर किया जन आक्रोश प्रदर्शन, भ्रष्टाचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**केतार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार जन आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध यह प्रदर्शन किया गया, जिसमें कार्यकताओं ने उपायुक्त गढ़वा के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ की अनुपस्थिति में पंचायत सचिव सुरेश राम को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुराज पांडेय और मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हेमंत सोरेन मुदार्बाद और हेमंत सोरेन होश में आओ जैसे नारे लगाए। मौके पर घुराज पांडेय ने कहा कि प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। यदि इस पर रोक नहीं लगाई गई तो भाजपा जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक आंदोलन करेगी। मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि सरकार गठन के बाद भाजपा ने हेमंत सरकार को छह माह का समय दिया था, लेकिन छह माह के भीतर ही व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। भाजपा नेता हेमंत कुमार पाठक ने कहा कि केतार प्रखंड की वर्तमान स्थिति झारखंड निर्माण के बाद सबसे खराब है। ब्लॉक कर्मियों द्वारा खुलेआम मनमानी की जा रही है और कोई सुनने वाला नहीं है। मौके पर त्रिपुरारी सिंह, सत्येंद्र ठाकुर, विनय प्रसाद, धीरेन्द्र शुक्ला, मनोज सिंह, राजकुमार राम, नंदू साह, धर्मेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नोटरी पब्लिक

शपथ पत्र सं.- 10837

मैं, मनोज उराँव, पिता- राजकुमार उराँव, निवासी- आदर चट्टी, थाना- घाघरा जिला- गुमला, झारखण्ड। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (JH0820040039184) में मेरा नाम मनोज कुमार उराँव अंकित है। मेरे आधार (307765532790) में नाम मनोज उराँव और पिता का नाम राजकुमार उराँव दर्ज है जो सही है। मनोज उराँव एवं मनोज कुमार उराँव एक ही व्यक्ति हैं। मेरे जानकारी में उपरोक्त सभी कथन सत्य है। ये शपथ पत्र दिनांक 21.06.2025 को सम्पन्न हुआ।

## BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI

5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 250 of 2024**

BETWEEN

BANK OF INDIA, SILLI BR, RANCHI ....APPLICANT BANK

VS

MULTICHOICE CEMENT AND STEEL & ANOTHER ......DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | MULTICHOICE CEMENT AND STEEL PROP. SANJAY KUMAR S/O HUKUM NATH MAHTO | AT-GONDLIPOKHAR, P.O. & P.S. - ANGARA, DIST.-RANCHI 835102 |
| 2. | SANJAY KUMAR S/O HUKUM NATH MAHTO | R/O VILLAGE PALASHDIH GORADIH, P.O. & P.S. - SILLI, DIST.-RANCHI 834002 |
| 3. | SANTOSH KUMAR MAHTO S/O HUKUM NATH MAHTO | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of Rs. 22,36,902.00/- (Rupees Twenty Two Lakhs Thirty Six Thousand Nine Hundred Two Only) together with current and future interest, cost for other reliefs. The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before Registrar in on 10th day of July, 2025 at 10.30 A.M. as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the 19th day of May, 2025.

REGISTRAR

## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-05, दिनांक: 20.06.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में अनबैलास्टेड डेक ब्रिज में एंटी-स्किड स्टेनलेस स्टील चेकर्ड प्लेट की आपूर्ति एवं फिक्स करना। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,74,21,051.72। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,87,100। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-006, दिनांक: 20.06.2025। कार्य का नाम :** एडीईएन/राउरकेला के अधीन राउरकेला पश्चिम यार्ड पर वर्तमान कॉलोनी एफओबी की मरम्मत (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 40,41,198.90। **बयाना राशि:** ₹ 80,800। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 14.07.2025 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को नि:शुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-307)

## खबर एक नजर में

### 14 वर्षीया छात्रा ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के ग्राम खरसोता निवासी अजीत कुमार की 14 वर्षीया पुत्री खुशी कुमारी ने सोमवार शाम अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खुशी नवीं कक्षा की छात्रा थी और हल्की मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही थी। घटना के समय उसके भाई-बहन और कुछ अन्य सदस्य घर के बाहर बैठे थे, जबकि खुशी घर के अंदर चली गई और दोनों तरफ से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि खुशी दुपट्टे के सहारे बल्ली में लटकी हुई थी। परिजन तुरंत उसे रेफरल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी और एएसआई रणबीर प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार मृतका के पिता अजीत कुमार दूसरे राज्य में मजदूरी करते हैं और मां अपनी बहन के घर गई हुई थीं। घर पर दादी, तीन बहनें और एक भाई थे।

### धुरकी में भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन, सरकार को घेरा

**धुरकी।** मंगलवार को भाजपा प्रखंड इकाई द्वारा प्रखंड कार्यालय से राजा तालाब तक भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार रैली निकाली गई। रैली में कार्यकताओं ने हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक लापरवाही और योजनाओं में फैले भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल यादव ने कहा कि प्रखंड में जाति, आय, निवास, मृत्यु प्रमाण पत्र या जमीन म्यूटेशन जैसे काम बिना दलाल और घूस के नहीं हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क, बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में सिर्फ खाना-पूर्ति हो रही है और पोषण योजना बुरी तरह प्रभावित है। साथ ही किसानों को समय पर खाद-बीज नहीं मिल रहा और कालाबाजारी चरम पर है। इस दौरान भाजपाईयों ने ज्ञापन सौंपा। मौके पर एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना देवी, दामोदर जायसवाल, मनोज सिंह, विनोद कोरवा, हरिनारायण यादव, आनंद गिरि, प्रभु शंकर जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपाईयों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**चिनिया।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी चिनिया मंडल द्वारा प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने चिनिया भाजपा कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर हेमंत सरकार के खिलाफ विरोध जताया और भ्रष्टाचार व घूसखोरी के मुद्दे पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रखंड में चल रही योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार, घूसखोरी, योजनाओं की धीमी गति तथा आम जनता को होने वाली समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। कार्यकताओं ने मांग की कि योजनाओं में पारदर्शिता लाई जाए और भ्रष्ट अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। मौके पर भाजपा नेता सूरज प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में विफल है और प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार में डूबा है। मौके पर भाजपा चिनिया मंडल अध्यक्ष शिवलाल सिंह, बिलौतीखैर मुखिया गोपाल यादव, बनवारी शाह, राजेश प्रसाद, लोकनाथ यादव, जगदीश सिंह, विनय यादव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपाइयों ने किया जन आक्रोश प्रदर्शन

**कांडी।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को कांडी प्रखंड कार्यालय परिसर में भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड व अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध जोरदार जन आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपाइयों ने हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बीडीओ की अनुपस्थिति में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के नाम ज्ञापन प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू को सौंपा। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द ही प्रखंड व अंचल कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई, तो भाजपा चरणबद्ध तरीके से प्रखंड से लेकर राजधानी तक आंदोलन करेगी। कार्यक्रम की अगुवाई मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी एवं शशिरंजन दुबे ने की।

# कपूर्री चौक का जर्जर पुल दे रहा हादसे को निमंत्रण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** कपूर्री चौक स्थित पांच दशक पुराना पुल आज जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है और कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। यह पुल भवनाथपुर से केतार, टाउनशिप और कांडी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। पुल की दोनों ओर की दीवारें पूरी तरह टूट चुकी हैं और दक्षिणी छोर पर सड़क तक गड्ढा बन गया है। भारी वाहनों के गुजरते समय पुल में कंपन महसूस होता है। यह पुल सेल की स्थापना के समय बनाया गया था और अब मरम्मत के अभाव में अपनी उम्र पूरी कर चुका है। स्थानीय लोग और जिम्मेदार अधिकारियों की नजरों के सामने से गुजरने के बावजूद पुल की मरम्मत को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इस संबंध में भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने बताया कि इस मामले में गढ़वा उपायुक्त को पत्र लिखकर शीघ्र मरम्मत की मांग की जाएगी।


जर्जर पुल

## विश्रामपुर में पीएलवी ने किया पौध रोपण, शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जताया गर्व

**गढ़वा।** सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निदेर्शानुसार मंगलवार को पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने संत जोसेफ उच्च विद्यालय, विश्रामपुर का दौरा कर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर जगरानी और सिस्टर रेशमा से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें फलदार पौधे भेंट कर उनका स्वागत किया गया। राजेश चौधरी ने विद्यालय में चल रहे शिक्षा और जागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय के छात्र जिले में विश्रामपुर पंचायत की मजबूत पहचान बना रहे हैं। हाल ही में 64वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में विश्रामपुर की टीम ने 4-3 से जीत दर्ज कर पंचायत का नाम रौशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों और बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। सिस्टर जगरानी ने कहा कि पेड़ लगाकर हम पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं। यह समय है जब हम सभी को वृक्षारोपण के महत्व को समझना चाहिए। सिस्टर रेशमा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं, फिर भी बहुत कम लोग इसे गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे वृक्षारोपण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। मौके पर विजय सिंह, मुनेश्वर लकड़ा, बिंदु यादव, बिक्रम कुमार, सुशील तिर्की, विमल मिंज, उपेंद्र राम, गीतांजलि कुमारी, जुली बाखला, रेखा लकड़ा, संगीता कुमारी, पीटर पन्ना, किरण पन्ना सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण को लेकर कार्यशाला

गढ़वा। जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारी को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव ने की। कार्यशाला का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिले में स्वच्छता, पेयजल प्रबंधन और जनभागीदारी को और अधिक सशक्त करना था। इस सर्वेक्षण के माध्यम से ग्राम स्तर पर स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यों का आकलन कर राष्ट्रीय स्तर पर जिलों व राज्यों की रैंकिंग की जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को एसएसजी 2025 के उद्देश्य, मूल्यांकन प्रक्रिया एवं तकनीकी मानकों की जानकारी दी गई।

## 64वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**रंका।** राजकीय कृत उच्च विद्यालय रंका के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय 64वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीडीओ शुभम बेला तोपनो, डीएसपी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, पुलिस सब इंस्पेक्टर और राजेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे ने की।

प्रतियोगिता में बालक और बालिका दोनों वर्गों के अंडर-17 तथा अंडर-15 कैटेगरी के मुकाबले आयोजित किए गए। अंडर-17 बालक वर्ग में राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता, जबकि संत जोसेफ उच्च विद्यालय विश्रामपुर उपविजेता रहा। अंडर-15 बालक वर्ग में संत जोसेफ उच्च विद्यालय विश्रामपुर विजेता और स्तरोन्नत उच्च विद्यालय गासेदाग उपविजेता बना। बालिका वर्ग में लिटिल चैंप सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के तहत पीएम श्री विद्यालय खपरों ने विजेता ट्रॉफी जीती, वहीं राजकीयकृत उच्च विद्यालय विश्रामपुर उपविजेता रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग में भी राजकीयकृत उच्च विद्यालय विश्रामपुर ने लिटिल चैंप का खिताब अपने नाम किया और पीएम श्री विद्यालय खपरों उपविजेता रहा।

# दाखिल-खारिज में धोखाधड़ी का आरोप, अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे अनिल कुमार और दर्जनों ग्रामीणों

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिनिया।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को अनिल कुमार के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने भू-राजस्व से जुड़ी समस्याओं और प्रशासनिक धोखाधड़ी के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। इससे पहले 22 मई को भी अनिल ने उपवास शुरू किया था, जिसे अधिकारियों द्वारा आश्वासन देकर 23 मई की शाम को समाप्त कराया गया था।

अनिल का आरोप है कि उनकी जमीन (पुराना खाता संख्या 4, प्लॉट संख्या 940 और नया खाता संख्या 49, प्लॉट संख्या 1383, रकबा 10 डिसमिल) का दाखिल-खारिज व रसीद ऑनलाइन करने का आश्वासन दिया गया था, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि यह जमीन रंका राजा परिवार से संबंधित बताई जाती है, लेकिन भिखु मोची, कोरईल मोची और लखराज राम के पूर्वजों के कब्जे में यह जमीन दशकों से है। 1999 में जमीन का केवाला हुआ और 2013 में इसे राजो देवी ने रामप्रेम मेहता को बेच दिया, जिससे विवाद गहराता गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लगातार भ्रमित कर टालमटोल की नीति अपनाई जा रही है। प्रदर्शन में अनिल कुमार के साथ कृष्णा राम, लखराज राम, साहेब राम, रामप्रवेश कुमार, रवि प्रदीप राम, सुशील कुमार रवि, नागेश्वर राम, संगीता देवी सहित कई लोग शामिल हैं। सभी ने दोषी पदाधिकारियों की बर्खास्तगी और पारदर्शी प्रक्रिया की मांग करते हुए चेतावनी दी कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।


भूख हड़ताल पर बैठे अनिल व अन्य

## झारखण्ड सरकार
## ऊर्जा विभाग, विद्युत निरीक्षणालय, रॉंची
### सूचना

जगन्नाथपुर रथ यात्रा महोत्सव–2025 के अवसर पर पण्डालों में अस्थायी विधुतीकरण कार्य करने वाले आयोजकों/दुकानदारों कृपया निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें :–

1. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) विनियम 2010 के प्रावधानों के तहत सुरक्षात्मक उपायों के अनुसार अस्थायी विद्युतीकरण का कार्य सुनिश्चत करें ।
2. झारखण्ड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की अनुमति एवं विद्युतभार स्वीकृति के उपरान्त ही पण्डालों में विद्युतीकरण का कार्य करें।
3. पण्डालों में अर्थिंग की समुचित व्यवस्था करें। प्रत्येक पण्डाल में कम से कम दो अर्थिंग का निमार्ण कराना आवश्यक हैं। सभी विद्युत उपकरणों एंव धातुनिर्मित स्ट्रक्चरों को भूयोजित आवश्य ही करायें।
4. विद्युत नियंत्रण कक्ष/पैनल ऐसे जगह में बनाया जाय जहाँ श्रद्धालुओं की भीड़ न हो एंव विद्युतकर्मी असानी से आ जा सके। साथ ही विद्युत नियंत्रण कक्ष का बोर्ड प्रर्दशित कर घेराव करें ।
5. जेनरेटर का अधिष्ठापन नियमानुसार करें, उचित क्षमता के मेन स्वीच एंव चेन्ज ओवर स्वीच का व्यवहार अवश्य करें एवं विद्युत जनित्रों में समुचित अर्थिंग की व्यवस्था करें।
6. लोड के अनुरूप ही तारों/केबुल का उचित साईज व्यवहार करें किसी भी हाल में Under size तार / Cable व्यवहार में नहीं लायें ।
7. थ्री पिन प्लग एवं सॉकेट का उपयोग करें ।
8. स्वीच बोर्ड एवं तार को बच्चों की पहुँच से दूर रखें एवं रोड के किनारे गुजर रहे एल0टी0 तार से हुक फसा के सर्विस लाईन लेना उचित नहीं है, कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।
9. विद्युत नियंत्रण कक्ष में रबर मेट, अग्निशामक यंत्र, सूखे बालू से भरी बाल्टी, शॉक ट्रिटमेंट चार्ट, खतरे की मानक तख्ती एवं रबर हैन्ड ग्लब रखना अनिर्वाय हैं।
10. कटे–छटे तार प्रयोग न करें। अतिआवश्यक होने पर तारों के जोड़ को इन्सूलेटिंग टेप से भली–भाँति लपेट दें।
11. कट–आउट फयुज में सही साईज का फयुज तार लगावें ।
12. पण्डाल में विधुतीकरण कार्य हेतु केवल ISI marked विद्युत उपकरण/सामाग्री ही व्यवहार किया जाय।
13. रोड कॉसिंग की अवस्था में तारों को G.I Bearer वायर के साथ समुचित उचाँई से ले जायें ताकि वाहनों के लिए अवरोध का कारण न बन सके या सम्भव हो तो रोड कॉसिंग भूमिगत कँबुल से किया जाय।

ख्याल रहे बिजली का सही इस्तेमाल " जीवनदायिनी " और गलत " प्राणघातक"

व्यापक जनहित में विद्युत निरीक्षणालय, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा प्रचारित–प्रसारित ।

(प्रफुल्ल कुमार गुप्ता)
विद्युत निरीक्षक ,
विद्युत निरीक्षणालय,रॉंची।

PR 355822 Energy(25-26)D

## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा

### रोजगार मेला संबंधी सूचना (रोजगार मेला की तिथि–26.06.2025)

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा के द्वारा दिनांक–26.06.2025 को जिला नियोजनालय परिसर, सिमडेगा में पूर्वाह्न 11.00 बजे से 04.00 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें निम्न निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जिनकी रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

| Sl. No. | Employer's Name | Name of the post | No. of Vacancies | Qualification | Experience if any | Salary | Age | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Premsons Motor Udyog Pvt. Ltd. Ranchi | Sales Executive | 4 | Inter/Graduation | 06 Months | 17000 | 21-40 | Simdega |
| 2. | Ask HR Solutions Pvt. Ltd. | Associate | 200 | 10th/12th | No | 20168 | 18-35 | Narasapura Near Bengaluru |
| | | M/c Operator | 200 | ITI | No | 21771 | 18-35 | Narasapura Near Bengaluru |
| | | M/c Operator | 100 | Diploma | No | 23085 | 18-35 | Narasapura Near Bengaluru |
| 3. | Seva sahyog Securities and Facility Management Pvt. Ltd. Jamshedpur | Security Guard | 150 | 10th | No | 10000-18000 | 18-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Supervisor | 10 | Graduation | 1 year | 15000-20000 | 22-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Area Manager | 2 | Graduation | 5 years | 20000-25000 | 18-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Officer | 5 | Graduation | 5 years | 25000-35000 | 35-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Field Officer | 3 | Graduation | 5 years/ Computer | 15000-25000 | 25-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Marketing Executive | 5 | MBA From Marketing | 5 years/ Computer | 16000-25000 | 30-55 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| 4. | LIC of India, Simdega | Bima Sakhi (Ladies only) | 50 | 10th | No | 7000 | 18+ | Simdega |
| | | Advisor | 25 | 10th | No | Commission Basis | 18+ | Simdega |
| 5. | 24x7 Security Services Jamshedpur | Security Guard | 210 | 10th | No | 10000-20000 | 18-42 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Security Supervisor | 43 | Graduation | 2 years | 12000-22500 | 18-45 | Jharkhand/ Orissa |
| 6. | Maett Skills Ranchi | District Manager | 1 | Graduation | 2 years | 25000 | 18+ | All Jharkhand/ |
| | | Block coordinator | 10 | 12th | No | 20000 | 18+ | All Jharkhand/ |
| | | Mobiliser | 20 | 10th | No | 18000 | 18+ | All Jharkhand/ |
| | | SMO Trainee | 100 | 5th | No | 13000 | 18-28 | All Jharkhand/ |
| | | Computer Trainee | 50 | 10th | No | 14000 | 18-28 | All Jharkhand/ |
| | | GDA Trainee | 60 | 10th | No | 10000 | 18-28 | All Jharkhand/ |
| | | Electrician Trainee | 60 | 10th | No | 14000 | 18-28 | All Jharkhand/ |
| 7. | Ranchi Security Pvt. Ltd. | Project Manager | 2 | MBA | 5 years | 35000-40000 | 30-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Restaurant Manager | 2 | Graduation (Hotel Management) | 5 years | 30000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Central Manager | 5 | Graduation | 5 years | 20000-25000 | 30-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Operation Manager | 5 | Graduation | 5 years | 20000-25000 | 30-50 | Jharkhand/Orissa |
| | | Placement Manager | 5 | Graduation | 3 years | 20000-25000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Manager Admin | 5 | Graduation | 1 year | 20000-25000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Account | 5 | B.Com | 3 years | 15000-18000 | 18-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | MIS | 25 | Graduation | 3 years | 15000-18000 | 18-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Trainer | 30 | Graduation/ Ex-Serviceman | No | 15000-18000 | 30-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Mobilizer | 25 | 12th | NO | 15000-20000 | 18-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Store Keeper | 4 | 10th | No | 10000-15000 | 20-40 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Warden (Male and Female) | 5 | 10th | No | 10000-15000 | 20-40 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Driver | 10 | 10th | Driving Licence | 10000-15000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Cook | 5 | 8th | No | 10000-15000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Security Guard | 100 | Metric/Trained | 5 years | 9000-11000 | 18-35 | Jharkhand/ Orissa |
| 8. | 2050 Health Care Odisha | GDA/HHA | 500 | 12th | No | 10000-12000 | 18-30 | Pan India |
| 9. | Distil Belrise Industries Limited India | NAPS Trainee | 300 | 10th /ITI | No | 18000-22000 | 18-26 | Pan India |
| 10. | QUESS Corp Ltd. (Tata Moors) | NAPS Trainee | 1000 | 12th /ITI | No | 11951 | 18-23 | Uttarakhand |

नोट :–रोजगार मेला में भाग लेने के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट- https://rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वयं कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा दो कॉपी दो पासपोर्ट फोटो के साथ एवं आधार कार्ड, स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होंगे। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
सिमडेगा।

PR.NO.355840 Simdega(25-26):D

## आपातकाल के 50 साल

इंदिरा गांधी के जिस इमरजेंसी निजाम के अब पचास साल हो रहे हैं, उसकी एक प्रमुख निशानी बेशक उन कुख्यात इक्कीस महीनों में प्रेस का दमन और उसकी स्वतंत्रता का छीना जाना थी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में संभवतः पहली बार और अब तक अंतिम बार भी, बाकायदा एक सेंसरशिप तंत्र खड़ा किया गया था, जिसका काम हर छपने वाले शब्द को छपने से पहले जांचना था, ताकि तमाम प्रकाशित सामग्री का शासन की इच्छा के अनुकूल होना सुनिश्चित किया जा सके। याद रहे कि यह वह जमाना था जब जन माध्यम या मास मीडिया का दायरा, पत्र-पत्रिकाओं तक ही सीमित था। रेडियो जरूर तब तक एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका था, लेकिन वह पूरी तरह से शासन के नियंत्रण में था और एकदम शुरूआती दौर का टीवी भी। सिनेमा जरूर एक और स्वतंत्र माध्यम था और सभी जानते हैं कि इमरजेंसी के दौरान उसे भी नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की गयी थी। यह सब, खासतौर पर अपने तौर-तरीके में, देश के लिए तब तक पूरी तरह से अपरिचित ही था। की तस्वीर है। लेकिन, यह सोचना सही नहीं होगा कि इमरजेंसी के दौर में प्रेस जो कर रही थी, उसकी यह प्रतिनिधि तस्वीर थी। बेशक, इमरजेंसी में प्रेस की स्वतंत्रता पर भीषण हमला हुआ था। इमरजेंसी के दौरान बेशक, पत्र-पत्रिकाओं में क्या छप सकता है, उसे बाकायदा सेंसर किया जा रहा था। खाली छोड़ा जाना या काले रंग से रंगकर प्रस्तुत किए जाना, प्रतिरोध की एक शानदार कहानी कहता था। इसके और प्रखर हिस्से के तौर पर अनेक अखबारों तथा पत्रिकाओं ने, शुरू के दिनों में पूरे-पूरे पन्ने खाली या काले कर के छोड़ दिए थे। आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के एक काले धब्बे की तरह है जिसने आवाम के अधिकार को ध्वस्त किया था और लोकतंत्र पर हमला कर उसे खंडित भी।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मां की शक्ति, बच्चों का भविष्य: योग से बदलता परिदृश्य

चाहे वह बोर्डरूम हो या युद्धभूमि – मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ ही बदलाव की वाहक होती हैं; महिलाओं के लिए अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान कर उसे विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, और योग इसकी कुंजी है।

योग की जन्मस्थली भारत में आज भी इस प्राचीन जीवनशैली को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पोषण के लिए एक दार्शनिक पद्धति के रूप में स्वीकार किया जाता है। भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 50) में कहा गया है- योगः कर्मसु कौशल, अर्थात योग कर्मों में कौशल है।

भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट संदेश है कि- सच्चा योग शारीरिक आसन या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात में परिलक्षित होता है कि हम अपने दैनिक कर्तव्यों को कितनी कुशलता और ध्यानपूर्वक निभाते हैं।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्ध करता है।इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम,एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व है ' जो कि योग की सर्वसमावेशी और सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी इस बात पर जोर दिया है कि योग किसी कॉपीराइट, पेटेंट या रॉयल्टी से मुक्त है। यह लचीला है – आप इसे अकेले, समूह में, गुरु से या स्वयं भी सीख सकते हैं। जैसे-जैसे हमारा राष्ट्र विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए।

भारत की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग दो-तिहाई है, और वे स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। अतः उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है, और योग की



इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है।

योग महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से अनेक लाभ प्रदान करता है। यह हार्मोनल संतुलन को बेहतर बनाता है, मानसिक तनाव को कम करता है, और मांसपेशियों एवं हड्डियों को



- अन्नपूर्णा देवी

**हमारी प्रमुख योजनाएँ, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि योग से जुड़ी विशेष गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इन केंद्रों में आयुष मंत्रालय के सहयोग से तैयार विशेष योग मॉड्यूल्स लागू किए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित हैं।**

मजबूत बनाता है।

विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योग एक समग्र और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। योग को अपनाकर महिलाएँ गर्भावस्था से पूर्व और बाद के परिवर्तनशील समय की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनती हैं । प्रसव पूर्व योग, अपने विशेष आसनों और ध्यान तकनीकों के साथ, गर्भावस्था की परेशानियों को कम करता है, दर्द प्रबंधन में सहायता करता है, और ऊर्जा को बढ़ाता है। यह गर्भवती माताओं को शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रसव के लिए तैयार करता है। प्रसवोत्तर योग, स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी रिकवरी, भावनात्मक सहायता, स्तनपान को बढ़ावा देने और माँ-बच्चे के रिश्ते को मजबूत करने में मदद करता है।

महिलाओं में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, भारत में 25 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकताओं का एक सशक्त नेटवर्क है, जो योग को महिलाओं और बच्चों के दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर रहा हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की वकालत की है। वे कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक का यह अनुमान है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि से भारत के औद्योगिक उत्पादन में 9% तक की वृद्धि हो सकती है और 2047 तक हम एक उच्च आय वाले विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह सब तभी हासिल किया जा सकता है जब हमारे पास शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ महिला कार्यबल हो। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चे भी जीवनशैली संबंधी विकारों, स्क्रीन पर निर्भरता और शैक्षणिक दबावों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं।

योग इन चुनौतियों के लिए साक्ष्य-आधारित, समयबद्ध और सांस्कृतिक रूप से निहित प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह एकाग्रता, याददश्त बढ़ाने, भावनात्मक विनियमन, नींद की गुणवत्ता और तनाव के प्रबंधन को बेहतर करता है - जो समग्र बचपन के विकास के प्रमुख घटक हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से, हमारा मंत्रालय योग को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास में शामिल कर रहा है, जो आजीवन स्वास्थ्यवर्धक आदतों की नींव रख रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

हमारी प्रमुख योजनाएँ, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि योग से जुड़ी विशेष गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इन केंद्रों में आयुष मंत्रालय के सहयोग से तैयार विशेष योग मॉड्यूल्स लागू किए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित हैं।

वैश्विक व्यवस्था के बदलते विमर्श में, महिलाएँ हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आईटी से लेकर अंतरिक्ष तक और नीति निर्माण से लेकर सामरिक रक्षा तक, महिलाएँ नई अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं।

हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का नेतृत्व इसका जीवंत उदाहरण हैं। यह स्पष्ट है कि मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ असाधारण परिवर्तनकारी शक्ति बन सकती हैं-और योग उनकी इस अपार क्षमता का आधार है।

योग के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। महिला और बाल विकास की अपनी नीतियों में योग को सक्रिय रूप से शामिल करके, हम अपनी सांस्कृतिक संप्रभुता पर जोर दे रहे हैं । योग को केवल एक अभ्यास के रूप में नहीं बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक सहभागी अभियान, एक जन-आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए

( केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री)

## लेटर टू एडिटर

### प्लास्टिक प्रदूषण

प्लास्टिक और पॉलीथीन के बढ़ते उपयोग से स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर प्रभावों को उजागर किया गया है। प्लास्टिक के छोटे कण फेफड़ों में जाकर कैंसर जैसी बीमारियां पैदा करते हैं, जबकि पॉलीथीन सीवरेज सिस्टम को अवरुद्ध करता है। तमिलनाडु में सबसे अधिक प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पुराने कपड़ों के थैले और बायोप्लास्टिक को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

**- रंजीत कुमार, रांची**

### नकारात्मक संदेश

इन दिनों सोशल मीडिया पर रील बनाना बहुत लोकप्रिय हो गया है, जिसे पहले टिकटॉक कहा जाता था। रचनात्मक, सामाजिक या धार्मिक विषयों पर बनाई गई रीलें सभी को पसंद आती हैं। लेकिन खतरनाक स्टंट, नशीले पदार्थ या हथियारों के साथ रीलें नकारात्मक संदेश देती हैं। युवाओं को ऐसी आदतों से बचना चाहिए क्योंकि यह जीवन और परिवार के लिए खतरा है।

**- मनमोहन, हजारीबाग**

### टूटता विश्वास

**बिल्कुल** सही है कि अधिकांश न्यूज चैनल बिना आधार के विश्लेषण कर सत्ता के पक्ष में माहौल बनाते हैं और बदले में सरकारी विज्ञापन पाते हैं। **- रविकांत सिंह, रांची**

## ट्वीट

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन। उन्होंने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।

**- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

# नहीं भुलाया जा सकता आपातकाल

यादें



- डॉ कौशल कांत मिश्रा

(लेखक देश के प्रसिद्ध डॉक्टर एवं भाजपा के नेशनल मीडिया पैनलिस्ट है)

इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल को 50 वर्ष होने को है लेकिन आज भी लोकतंत्र के उस काले अध्याय को याद करना आवश्यक है। स्वातंत्र के बाद से ही देश को अपनी जागौर मात्र समझने वाला गांधी परिवार अपने आप संविधान से भी ऊपर समझता आया है। 50 वर्ष बाद भी आपातकाल प्रासंगिक है क्योंकि विपक्षी दल आज भी उसी मानसिकता का शिकार है। भारतीय लोकतंत्र पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा किए गए सबसे बड़े आघात को इसलिए याद रखना भी आवश्यक है क्योंकि इसके पीछे के विचार की छाप आज भी कांग्रेस हाइकमान और कांग्रेस शासित सरकारों के निर्णयों में दिखाई देती है।

केन्द्र में सत्तारूढ़ दल पर संविधान को खतरे में डालने के आरोप लगाने वाली कांग्रेस खुद संविधान की हत्या की सबसे बड़ी दोषी है। अगर कांग्रेस संविधान के लिए इतनी प्रतिबद्ध है तो तो फिर यह क्यों नहीं स्वीकार करती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल लगाया था और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया। आज को पीढ़ी को यह पता होना चाहिए कि आपातकाल के दौरान, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विभिन्न राजनैतिक विरोधियों, समाजसेवी और पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान जिन नेताओं को जेल भेजा गया था उनमें जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, राजनाथ सिंह, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, चन्द्रशेखर, आचार्य कृपलानी, मुलायम सिंह यादव, जॉर्ज फनार्डीस, चरण सिंह और लालू यादव जैसे नेता प्रमुख थे। पूरे विपक्ष को एक तरफा जेल में डाल देना आखिर किस तरह संविधानसंगत था, इसका जवाब कांग्रेस आज तक नहीं दे पाई है।

ब्रिटिश लेखक वी एस नॉयपॉल ने अपनी किताब वी एस नायपॉल ने अपनी किताब इंडियाः



ए वाउंडेड सिविलाइजेशन में आपातकाल के संदर्भ में लिखा है कि ₹भारत एक लंबे समय से दोहरी सच्चाई के साथ जी रहा था, एक और आजाद भारत की गूंजती आवाजे थी तो दूसरी ओर अब भी अस्वतंत्र, सत्ता का गुलामी झेलता एक असगठित समाज। आपातकाल ने उस छिपी हुई दूसरी और असहज सच्चाई को सामने ला दिया।₹ यह वक्तव्य बखूबी स्पष्ट करता है कि इंदिरा गांधी का शासन काल देश में लोकतंत्र की आड़ में तानाशाही का इस्तकबाल बुलंद कर रहा था और जब सत्ता के लोभ पर चोट पड़ी तो इंदिरा ने आपातकाल को तलवार से लोकतंत्र की चादर को फाड़ अपनी तानाशाही मानसिकता को विश्व के सामने रख दिया। बकौल नायपॉल आपातकाल दरअसल इस बात की खुली घोषणा थी कि देश की संस्थाएं चरमरा चुकी हैं, कानून मौन, संसद दिशाहीन और प्रेस निशब्द है। लोकतंत्र का जो ढांचा वर्षो से खड़ा किया गया था, वह एक झटके में अतीत की मनमानी और निरंकुशता की ओर लौटता हुआ दिखाई दिया। यह कोई अस्थायी राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि हमारे गणराज्य की आत्मा पर एक गहरी चोट थी।

कांग्रेस ने लगातार कई बार देश की आत्मा पर ऐसी चोट की है। कांग्रेस की केन्द्र सरकारों ने आर्टिकल 356 का प्रयोग कर 93 बार राज्य की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया है। जब भी कोई आवाज कांग्रेस के खिलाफ उठती है तो कांग्रेस का चरित्र को उसको दबाने का ही रहा है। लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रही कांग्रेस ने औपचारिक आपातकाल तो एक बार लगाया लेकिन कांग्रेस शासन ने लंबे समय तक अनौपचारिक आपातकाल झेला है। ऐसे कई प्रकरण हालिया वर्षों में ही नजर आते हैं जब कांग्रेस ने उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को न सिर्फ दबा दिया बल्कि सरेआम लोकतंत्र की हत्या कर दी। यूपीए सरकार में सीबीआई को पिंजरे का तोता कहा जाता था, यह कांग्रेस के तानाशाही रवैये का उदाहरण ही था। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जे किए और जब अब विपक्ष में भी है तो संवैधानिक संस्थाओं के निर्णयों की अवहेलना करती है और उनका अपमान करती है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान भी कांग्रेस के चरित्र का ही एक हिस्सा है। विपक्ष में तो दूर की बात सत्ता में रहते हुए भी कांग्रेस ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का वर्षों तक अपमान किया था। एक दूरदर्शी और वैश्विक रूप से प्रख्यात अर्थशास्त्री को प्रधानमंत्री तो बनाया लेकिन उसके ऊपर एक प्रधानमंत्री सलाहकार समिति बनाकर उसे एक मोहरा मात्र बना दिया। गांधी परिवार पर सत्ता का नशा इस कदर छा गया था कि न उन्हें इस लोकतंत्र की गरिमा का ख्याल रहा और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों का कोई डर। गांधी परिवार अपनी जागीर समझने वाली सामंती सोच से बाहर आ ही नहीं पाया।

जिस तरह इंदिरा गांधी ने मैं ही देश हूं की भावना से लोकतंत्र को कुचल दिया था, वैसे ही आज भी कांग्रेस नेतृत्व, विशेष रूप से गांधी परिवार, संगठन और राष्ट्र को अपने निजी हितों के अधीन देखना चाहता है। लोकसभा चुनावों में बार-बार जनता द्वारा नकारे जाने के बावजूद कांग्रेस नेतृत्व आत्ममंथन के बजाय लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दोषारोपण करता है। कांग्रेस शासित राज्यों में आज भी हम वही तानाशाही चरित्र देख रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में प्रेस को धमकाया गया और कर्नाटक में भ्रष्टाचार के आरोपों को दबाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग किया गया। यह सब उस विचारधारा का विस्तार है जो आपातकाल के दौरान अंकुरित हुई थी, कि सता एक विशेष परिवार का जन्मसिद्ध अधिकार है और कोई भी असहमति देशद्रोह मानी जाएगी।

पिछले वर्ष आपातकाल की वर्षगांठ पर जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मौन प्रस्ताव लेकर आए, तो कांग्रेस उसके विरुद्ध खड़ी हो गई और हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस के इस कदम से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है और यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम की निंदा तक नहीं की जानी चाहिए।

आपातकाल की बात केवल इतिहास की गलियों में गुम होने वाली घटना नहीं है। यह एक चेतावनी है, एक जीवित स्मृति है कि जब संस्थाएं कमजोर और जनता मौन होती है, तो कैसे एक चुनी हुई सरकार भी लोकतंत्र को कुचल सकती है। इस स्मृति को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां जान सके कि लोकतंत्र स्वतः नहीं बचता, उसे हर दिन पुनः अर्जित करना होता है। ताकि जब कोई राजनीतिक दल, कोई नेता या कोई परिवार संविधान से ऊपर उठने की कोशिश करे, तो जनता एक स्वर में कह सके नहीं, हम वह भूल नहीं सकते!

## स्पीड न्यूज

### कुजू पुलिस ने पब्लिक हाई स्कूल में नशा के खिलाफ चलाया अभियान

**कुजू।** डटमा मोड़ स्थित पब्लिक हाई स्कूल में कुजू पुलिस ने जागरूकताता अभियान चलाया । ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बच्चों व शिक्षकों को एनडीपीएस एक्ट , गिरफ़्तारी में जनता का अधिकार एव साइबर क्राइम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर बताते हुए जागरूक किया। साथ ही नशा से बचने का उपाय भी बताया गया। बाद में नशा न करने का भी शपथ लिया गया। मौके पर ओपी प्रभारी ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम होने से बच्चों को भविष्य में इन सब चीजों से बचाया जा सकता है। मौके पर प्रचार्या गीतांजलि कुमारी, बीना कुमारी, मरियानी सोरेन, अर्चना सिंह , नूतन कुमारी, त्रिवास शर्मा, बीएड के प्रशिक्षु शिक्षक राजवीर कुमार, सुनीता कुमारी, जितेंद्र कुमार, अंजन ठाकुर, सहित बच्चे शामिल थे।

### तमन्ना को डीसी ने किया सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज द्वारा सोमवार को जिले की उभरती हुई खिलाड़ी तमन्ना वर्मा को मोमेंटो और उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि रामगढ़ जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे भी ऐसे ही प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे उनका मनोबल बढ़े और वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करें। जिले की बेटी तमन्ना की इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है और सबको उम्मीद है कि वह भविष्य में देश के लिए भी मेडल जीतेंगी। भदनीनगर क्षेत्र अंतर्गत चोरधरा पंचायत के लपंगा निवासी शेखर वर्मा एवं रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा ने अपनी कठिन परिश्रम से तीरंदाजी में कई मेडल जीतकर जिले और राज्य का गौरव बढ़ाया है।

### मुहर्रम लेकर पुलिस ने की बैठक



कुजू। मुहर्रम को लेकर कुजू पुलिस ने ओपी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जाकर लाइसेंस धारियों, सदर खलीफा तथा ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने क्षेत्र के करमा, जमुआ, कच्चाडाड़ी, रतवे एंव बरकट्ठी में जाकर लाइसेंस धारियों, सदर खलीफा व ग्रामीणों से मिलकर पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्देश दिया। जुलुस मार्गो का भी भौतिक रूप से सत्यापन किया गया। उन्होंने कहा कि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मने ये हमारी जिम्मेवारी है। मौके पर सब इंस्पेक्टर मो अख्तर अली व ग्रामीण शामिल थे।

### बंधन बैंक ने खोलीं 18 नई शाखाएँ

हजारीबाग। बंधन बैंक ने झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 18 नई शाखाएं खोली। इनमें से 10 शाखाएँ विशेष रूप से झारखंड और बिहार के ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोली गई हैं। बैंक के एमडी व सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि देश के अंतिम व्यक्ति तक सरल, भरोसेमंद और आधुनिक बैंकिंग सेवा पहुँचे। बंधन बैंक की यह पहल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगी। अब खाताधारक पास की शाखा में ही खाता खुलवाने, ऋण लेने, बीमा आदि की सुविधा ले सकेंगे। गाँवों में डिजिटल लेनदेन को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी तेजी आएगी। झारखंड के कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जैसे इलाकों में नई शाखाएँ खुलने से लोगों में खुशी है।

### कोल्हू में शिव मंदिर को लेकर समिति गठित

टाटीझरिया। कोल्हू के शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को ग्रामीणों की हुयी बैठक, मंदिर के निर्माण को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इसकी अध्यक्षता संतोष मंडल ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर का पुर्ननिर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष संतोष मंडल, सचिव जगदेव प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रकाश प्रसाद और संरक्षक चिंतामन महतो सहित दर्जनों सदस्य मनोनीत किए गए। महिला सदस्यों में मंजू देवी, सोभिया देवी, सरिता देवी समेत अन्य ग्रामीण महिलाएं भी शामिल रहीं। समिति ने संकल्प लिया कि मंदिर का निर्माण पारदर्शिता और सहयोग से संपन्न होगा।

### एस्पायर कोचिंग के छात्र को आरआरबी ग्रुप डी परीक्षा में मिली कामयाबी



भुरकुंडा (रामगढ़)। अगर आप सरकारी नौकरी पाने का सपना साकार करना चाहते हैं, तो एस्पायर कोचिंग सेंटर की ओर रुख करना ही एकमात्र सही विकल्प है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा, क्योंकि यहां के छात्रों की सफलता खुद इसकी गवाही देती है। इसी कड़ी में रेलवे साइडिंग टीपला निवासी भुवनेश्वर साहू के पुत्र सह एस्पायर कोचिंग सेंटर के छात्र रामचंद्र कुमार ने आरआरबी ग्रुप डी परीक्षा में कोलकाता डिवीजन के अंतर्गत सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर मंगलवार को निदेशक रत्नेश कुमार ने सफल छात्र को किया सम्मानित। उन्होंने कहा कि रामचंद्र ने कठिन परिश्रम, मजबूत इच्छाशक्ति और एस्पायर कोचिंग के कुशल मार्गदर्शन की बदौलत यह सफलता हासिल की है।उन्होंने कहा कि एस्पायर कोचिंग सेंटर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सही दिशा, अनुभवी मार्गदर्शन और कठोर मेहनत से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है और विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था का एकमात्र उद्देश्य है। रामचंद्र की सफलता पर शिक्षक नितेश सिंह, राकेश सिंह, संदीप कुमार, नितेश मिश्रा, सचिन, राहुल, विक्रांत, सुमित, लव कुश, बृजेश, नीरज, शंकर, सूरज, देव, आलोक सहित सभी विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# इचाक : आलीशान भवन से चल रहा है नशे का कारोबार

## इचाक मोड़ से पूरे सिंडिकेट को संचालित करती हैं 'ड्रग भाभी'

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/इचाक।** रांची की चर्चित ब्राउन शुगर भाभी की तरह अब हजारीबाग के इचाक से भी एक ऐसी ही भाभी के ड्रग सिंडिकेट का खुलासा हो सकता है, जो इलाके के युवाओं को बर्बादी की राह पर धकेल रही है। यह इचाक भाभी इचाक मोड़ से पूरे सिंडिकेट को संचालित करती है और कहा जा रहा है कि उसका नेटवर्क हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और यहां तक कि बिहार के सीमावर्ती इलाकों तक फैला हुआ है। सूत्रों के अनुसार, यह महिला स्थानीय राजनीति और कुछ प्रभावशाली कारोबारियों के संरक्षण में लंबे समय से ब्राउन शुगर, गांजा और अन्य मादक पदार्थों की आपूर्ति कर रही है। इस सिंडिकेट का संचालन हाई-टेक तरीके से किया जा रहा है, मोबाइल ऐप्स, कोडवर्ड्स और फर्जी नंबर प्लेट वाली बाइकों के जरिए डिलीवरी की जाती है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि इचाक मोड़ के एक आलिशान बिल्डिंग से इस धंधे का संचालन किया जा रहा है। युवाओं को पहले फ्री में नशा देकर लत लगाई जाती है और फिर उन्हें ग्राहक बनाने के साथ-साथ सप्लायर भी बना दिया जाता है। कई स्कूली बच्चे और कॉलेज छात्र इस चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इलाके की पुलिस को सब कुछ पता होने के बावजूद अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। कहा जा रहा है कि 'भाभी' का नेटवर्क इतना मजबूत है कि कोई भी गवाही देने से डरता है। वहीं, कुछ पुलिसकर्मी भी इस सिंडिकेट से सांठगांठ में हैं यह चर्चा आम है। नशा के खिलाफ आवाज उठाने वाले समाजसेवी गौतम कुमार ने कहा कि अब ड्रग्स बेचने का ट्रेंड बदल रहा है। नीत नए दिन नए पेडलरों को कमिशन पर रखा जाता है जिसे ग्रामीण व समाजसेवियों को पहचान करने में परेशानी होती है। जब तक पुराने ड्रग्स पेडलरो की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक बदलाव होना मुश्किल है। क्या जिला प्रशासन इचाक के युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा? यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो इचाक जल्द ही रांची के बाद झारखंड का दूसरा ड्रग्स हब बन जाएगा।




# हजारीबाग में सायरन लगी गाड़ी से घूम रहा था युवक, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कार के दरवाजे के पास एके-47 का स्टीकर भी चिपका था**

**हजारीबाग।** सोमवार को शहर की सड़कों पर एक रहस्यमयी सायरन गूंजती रही, लेकिन इस बार वो किसी असली पुलिस की गाड़ी से नहीं, बल्कि एक फर्जी सायरन लगा के घूम रहे युवक की कार से थी। ट्रैफिक चौराहों से रफ्तार के साथ गुजरती इस कार ने कई लोगों को चौंका दिया।

जब ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्रवण कुमार की नजर इस पर पड़ी, तो शक और सतर्कता ने मामले का पर्दाफाश कर दिया। कार पर न कोई आधिकारिक पहचान थी, न सायरन लगाने की अनुमति। सबसे हैरान करने वाली बात ये थी कि कार के दरवाजे के पास एक एके-47 का स्टीकर भी चिपका था, जो किसी भी सरकारी या पुलिस वाहन में आमतौर पर नहीं होता। लोगों ने बताया कि यह कार पिछले कई महीनों से हजारीबाग में घूम रही थी। पर सायरन की वजह से सब चुप रहते थे मानो कोई स्पेशल पेट्रोलिंग यूनिट हो। लेकिन शक की सुई अब जाकर ट्रैफिक पुलिस तक पहुंची और तत्काल वाहन को रोका गया। पूछताछ में युवक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। पुलिस को शक है कि या तो इसका मकसद डर फैलाना था या किसी बड़ी धोखाधड़ी की तैयारी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वाहन और युवक को डीएसपी मनोज सिन्हा के हवाले कर दिया गया है। युवक दिपुगढ़ा का निवासी है।





इधर इस मामले पर जब ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्रवण से जानकारी ली गयी तो उन्होंने कहा कि उक्त युवक से पूछताछ की गयी है। गाडी की जांच की गयी उसमे कुछ नहीं निकला। उसके वाहन में साईरन लगा था। जांच जारी है, उसपर पेनाल्टी व फाइन लगायी जायेगी। इस तरह की चीजे बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### बरही में अवैध बालू लदा छह ट्रैक्टर जब्त

**बरही।** बरही में एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद करोबारी अवैध बालू के उठाव व परिवहन में जुटे हैं। सोमवार को बरही एसडीओ जोहन टुडू व सीओ अमित किस्कू के अगुवाई में बालू लदे छह ट्रैक्टर को पकड़ा गया। छापामारी में प्रभारी सीआई सह राजस्व अंचल निरीक्षक रीतलाल रजक भी शामिल थे। प्रशासन को देखते ही सभी ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर को सड़क पर ही खड़ा कर भाग खड़े हुए। सभी ट्रैक्टर को बरही अनुमंडल कार्यालय के समीप बिलोतिया मोड़ के पास जीटी रोड पर पकड़ा गया। बालू से लदा छह ट्रैक्टर को पकड़ कर बरही थाने को सौंपा गया। वहीं प्रभारी सीआई सह राजस्व अंचल निरीक्षक रीतलाल रजक के आवेदन के आधार पर ट्रैक्टर चालक और उसके मालिक पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### कटकमसांडी में भाजपा का प्रदर्शन

**कटकमसांडी ।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भाजपा पूर्वी व पश्चिमी मंडल ने किया प्रदर्शन। राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध खनन, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था की बदहाली को उजागर करना था। प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि सरकार बालू घाटों का नीलामी नहीं करवा पाई है और अवैध तस्करी चरम पर है। बिजली-पानी की हालत खस्ता है, अपराध बेलगाम हैं और बेरोजगारी से युवा निराश हैं। सभा के बाद बीडीओ व सीओ को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव, टोनी जैन, मंजू नंदनी, प्रमुख संगीता देवी, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद व सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बीएसएफ मेरू कैंप में बैठक संपन्न

**हजारीबाग।** सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में मंगलवार को वार्ब की बैठक हुयी। इसका उद्देश्य झारखंड के सेवानिवृत्त बीएसएफ कर्मियों और उनके परिजनों की पेंशन व पुनर्वास संबंधी समस्याओं का समाधान करना था। बैठक में अधिकारीऔर लेखा विशेषज्ञ उपस्थित थे। बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों ने अपनी समस्याएं रखीं जिनका मौके पर समाधान किया गया। बैठक में सरकार की ओर से भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

### दारू में कार-बाइक की टक्कर, दो युवक घायल

दारू। मंगलवार सुबह दारू थाना क्षेत्र के झुमरा चौक पर कार और बाइक की जबरदस्त टक्कर में दो युवक घायल हो गए। बाइक सवार रंजीत कुमार मेहता को गंभीर चोट आई जबकि साथ में बैठे मिथिलेश मेहता को मामूली चोट लगी। घायलों का संबंध मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हुटपा पंचायत के तरवा खरवा गांव से है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहन एक ही दिशा में जा रहे थे जब बाइक सवार ने अचानक बाइक मोड़ दी जिससे कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार रंजीत कार के शीशे से टकरा गया और शीशा चकनाचूर हो गया। घटना में प्रयुक्त कार पर ह्यप्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय कोडरमा का बोर्ड लगा था। ग्रामीणों ने घायल को 108 एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जब दारू पुलिस कार को थाने ले जाने लगी, तो ग्रामीणों ने इलाज पूरा होने तक गाड़ी को न छोड़ने की बात पर अड़ गए।

# विधायक तिवारी महतो के खिलाफ वीडियो की ओछी राजनीति : नरेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** आजसू मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो ने मांडू विधायक तिवारी महतो के जारी झूठा वायरल वीडियो को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि मांडू विधायक तिवारी महतो की पहचान संघर्ष श्रम और ईमानदारी है। पिछले 25 साल से उनकी छवि एक जन नेता के रूप में रही है। वह आजसू पार्टी के नैतिक सिद्धांतों पर चलने वाले अनुशासित नेता है। उन्होंने कहा कि मांडू विधायक की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर ओछी मानसिकता वाले लोग ए.आई तकनीक का दुरुपयोग कर उनका विवादित वीडियो वायरल किया जा रहा है। जो वह सब झूठा है। वीडियो की सत्यता की जांच करने के बाद विरोधियों के सभी दावे उल्टे पड़ जाएंगे। मांडू विधायक एक जनप्रतिनिधि के मायने, मयार्दा व महत्व बखूबी जानते और निभाते है। सोशल मीडिया पर चल रहा वीडियो ओछि राजनीति का हिस्सा है। मांडू विधायक इस प्रकरण से बेदाग बाहर निकलेंगे।

# मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी झाकोमयू : बेदिया

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ **झारखंड कोलियरी मजदूरी यूनियन के अध्यक्ष बने बासदेव उरांव, सचिव छोटेलाल बेदिया और कोषाध्यक्ष नरेश बेदिया**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड कोलियरी मजदूरी यूनियन (झाकोमयू) भुरकुंडा शाखा का एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को न्यू सरदार कॉलोनी भुरकुंडा में आयोजित किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष एवं झाकोमयू के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि झाकोमयू मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई शुरू से लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चार श्रम कानूनों को मजदूर, उद्योग और देश विरोधी बताते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर झारखंड में इन कानूनों को लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मजदूर हितैषी नीति की सराहना करते हुए कहा कि सीएम भी इसके खिलाफ हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारी सरकार 4 लेबर कोड को झारखंड राज्य में लागू नहीं होने देगी। श्री बेदिया ने उपस्थित मजदूरों से अपील की कि वे आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित हड़ताल को एकजुटता के साथ सफल बनाएं और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करें। सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से झाकोमयू भुरकुंडा शाखा की नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें बासदेव उरांव को अध्यक्ष, मिथिलेश मांझी व संजय राम को उपाध्यक्ष, छोटेलाल बेदिया को सचिव, मुड़ला बेदिया को संयुक्त सचिव, एमएस राजू को संगठन सचिव और नरेश बेदिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में झाकोमयू के बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा, झामुमो के केंद्रीय सदस्य हरीलाल बेदिया, झामुमो के प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, राम लखन मुंडा, मुकेश राउत, जग्गू घांसी, मुकेश पासवान, संजीत राम, शंकर घांसी, गोपाल करमाली, शंभू बेदिया, शिबू शर्मा, निसार अंसारी, उमेश बेदिया, शिवनारायण उरांव, रामजी मांझी, सीत दुसाध, अजय बेदिसा, रमेश कुमार केवट, करमा मांझी, भुवनेश्वर मांझी, गणेश राम, कृष्णा लहरी सहित दर्जनों मजदूर नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चौपारण में सरकार के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल



**चौपारण।** झारखंड में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और सरकारी योजनाओं में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने चौपारण प्रखंड कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार को भ्रष्टाचार की फैक्ट्री बताते हुए आरोप लगाया कि पूरे राज्य में अराजकता फैली है और जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। ज्ञापन में भाजपा ने राज्य में हो रही आपराधिक घटनाओं जैसे हत्या, लूट और बलात्कार की संख्या में बेतहाशा वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। पार्टी नेताओं ने कहा कि चौपारण में सरकारी योजनाएं सिर्फ फाइलों तक सीमित रह गई हैं और भ्रष्ट अधिकारियों-बिचौलियों की मिलीभगत से आम जनता को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नेताओं ने आयुष्मान भारत योजना को ठप बताया, और कहा कि अस्पतालों में न डॉक्टर हैं, न दवाएं, न ऑक्सीजन और न एम्बुलेंस। वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशन महीनों से रुकी हुई है, जिससे हजारों गरीब परिवार परेशानी में हैं। राशन, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत बद से बदतर है। भाजपा ने सरकार पर जातिवाद, पक्षपात और नियुक्तियों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार की नीतियाँ जनविरोधी हैं, जो राज्य को पीछे की ओर धकेल रही हैं। कार्यक्रम में रमेश ठाकुर, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, आरती कौशल, आशीष सिंह, रंजन सिंह, पप्पू रजक समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### बरही में भाजपा ने निकाली जनआक्रोश रैली



बरही। झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बरही में जनआक्रोश रैली निकाली। रैली प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना में तब्दील हो गई। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरना की अध्यक्षता भाजपा बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी व संचालन पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार और घूसखोरी चरम पर है। जिप उपाध्यक्ष भाजपा नेता किशुन यादव ने कहा कि हेमंत सरकार से आम जनता त्रस्त है। वहीं धरना के बाद राज्यपाल के नाम बरही बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हेमंत सरकार को हटाने की मांग की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता किशुन यादव, सुरेंद्र रजक, युवा नेता आकाश जायसवाल, वरिष्ठ नेता डोमन पांडे, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, मुखिया मोतीलाल चौधरी, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, मंडल महामंत्री नवलकिशोर सिंह, गुरुदेव गुप्ता, मुकेश बक्शी, अरुण सिंह, उपमुखिया बालेश्वर यादव, प्रदुमन सिंह, बिरेन्द्र साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश साव, सुजीत कुमार, बीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, कैलाश केशरी, पवन केशरी, कृष्ण मोहन यादव, लक्ष्मण पांडे, संजय सिंहा आदि काफी संख्या में भाजपाई शामिल रहे।

### टाटीझरिया में भी भाजपा का हल्ला बोल



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और सरकारी निकम्मेपन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मांडू विधानसभा क्षेत्र के डूमर, धरमपुर, बेड़म, टाटीझरिया, डहरभंगा और बरकट्ठा विधानसभा के भराजो, खैरा, झरपो पंचायतों के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और राज्य सरकार की नींद उड़ाने का काम किया। भाजपाइयों ने आरोप लगाया कि टाटीझरिया अंचल में भ्रष्टाचार चरम पर है, राशन से लेकर राजस्व तक, बालू से लेकर बिजली तक हर फाइल घूस के बिना नहीं सरकती। कानून-व्यवस्था की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि आम जनता भय, लूट और तानाशाही के साये में जी रही है। प्रदर्शनकारियों ने अवैध बालू, पत्थर और कोयले की खुलेआम लूट पर प्रशासन की चुप्पी को भी आड़े हाथों लिया। साथ ही, क्षेत्र में बिजली और पानी की लचर व्यवस्था और लगातार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदर्शन के अंत में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो अगला चरण और भी उग्र होगा। मौके परसंतोष मंडल, कैलाशपति सिंह, उपेन्द्र पांडेय, रजनीकांत चौधरी, महेश अग्रवाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।
२४ है पी ५ : भाजपा का हल्ला बोल

### कटकमदाग में भाजपा ने किया प्रदर्शन



**कटकमदाग।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। भाजपा कटकमदाग मंडल की ओर से आयोजित इस प्रखंड स्तरीय विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं और नेताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल उपाध्यक्ष कमल साव ने किया, जबकि कार्यक्रम प्रभारी जय नारायण प्रसाद कुशवाहा थे। कार्यकर्ताओं ने सरकार पर भ्रष्टाचार, कुशासन, कानून-व्यवस्था की बदहाली, बिजली-पानी की समस्या, अवैध बालू-पत्थर-कोयला तस्करी और बेरोजगारी को लेकर जमकर हमला बोला। नेताओं ने कहा कि झारखंड में जनता खुद को असुरक्षित और उपेक्षित महसूस कर रही है। हजारीबाग जैसे शांत जिले में भी अपराधियों का बोलबाला है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। प्रदर्शन के उपरांत कटकमदाग बीडीओ के माध्यम से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख अशोक यादव, उप प्रमुख विमल गुप्ता, खपरियावा के मुखिया राजेश गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य मनीष कुमार, राजू कुमार साव, जगरनाथ प्रजापति, रुपेश राणा, दीपक राणा, संजीत कुमार, विशाल वर्मा और सोनू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा ने चेतावनी दी कि अगर सरकार नहीं चेती तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### झारखंड सरकार भ्रष्टाचार की फैक्ट्री : भाजपा

चौपारण। झारखंड में बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने चौपारण प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए उसे भ्रष्टाचार की फैक्ट्री बताया। नेताओं ने कहा कि झारखंड में हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। चौपारण में सरकारी योजनाएं केवल कागजों पर चल रही हैं और इनके लाभ गरीबों तक नहीं पहुँच पा रहे हैं। वृद्ध, विधवा व दिव्यांग पेंशन महीनों से रुकी हुई है, अस्पतालों में न डॉक्टर हैं, न दवाएं और न एम्बुलेंस। सरकार जातिवाद और नियुक्तियों में पक्षपात कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन और सड़क जैसी मूलभूत सेवाओं की हालत बदतर हो चुकी है। धरना में रमेश ठाकुर, आरती कौशल, रामस्वरूप पासवान, आशीष सिंह, अरविंद सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बरही में अज्ञात महिला का शव बरामद

बरही। बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाटी पुल के नीचे बने डैम से मंगलवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर बरही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डैम से बाहर निकाल कर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को बरामद कर जांच शुरू कर दी है।

झुमरीतिलैया शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आक्रोश प्रदर्शन

# राज्य में कानून व्यवस्था फेल : डॉ. नीरा यादव

- राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, लोग त्रस्त हैं, वहीं हेमंत सरकार मस्त है

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** भाजपा कोडरमा ग्रामीण, नगर और झुमरीतिलैया नगर कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें विधायक डॉ. नीरा यादव सहित कई लोग शामिल हुए। इस धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। सरकारी योजनाओं को लेकर सरकार विफल है। वृद्धा, विधवा सहित सभी पेंशन बंद हैं, मंईयां सम्मान योजना विफल है, भ्रष्टाचार चरम पर है, लोग त्रस्त हैं। वहीं राज्य की हेमंत सरकार मस्त है। वहीं उन्होंने कहा कि इस सरकार में जनहित का कोई काम नहीं हो रहा है, सभी लूट में व्यस्त हैं। राज्य में कोई सुरक्षित नहीं महसूस करता, हत्या और अपराध की घटनाओं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।

इस धरना प्रदर्शन से पूर्व जुलूस की शक्ल में सभी कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं राज्य की हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू पत्थर कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन राज्य के सभी प्रखंडों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, नगर अध्यक्ष सुधीर सेठ, मंडल अध्यक्ष सुनील मंडल, कोडरमा नगर अध्यक्ष अजय पांडेय, उत्तम कुमार, राजा यादव, दिनेश सिंह, अरशद खान, राजेंद्र सिंह, राजा यादव, चंद्रशेखर जोशी, शशिभूषण प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे। इधर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरकच्चो प्रखंड में भी प्रदर्शन किया।

## राज्य सरकार की वादाखिलाफी व मरकच्चो प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा की आक्रोश रैली



**मरकच्चो (कोडरमा)।** पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार के वादा खिलाफी एवं प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड इकाई द्वारा मंगलवार को आक्रोश रैली का प्रदर्शन किया गया। आक्रोश रैली में भाजपा के वरीय नेता सह पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य रमेश सिंह, जिला महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। आक्रोश रैली पार्टी के प्रखण्ड अयक्ष सुनील कुमार यादव की देखरेख में मरकच्चो स्थित स्टेडियम के समीप से निकाली गई जो प्रखण्ड कार्यालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गयी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। वहीं वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जनता से किये वादों को निभाने में पूरी तरह विफल है। साथ ही राज्य सरकार के कार्यकाल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली, तत्पश्चात प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार में सुधार लाने को लेकर 9 सूत्री मांग पत्र बीडीओ व सीओ के नाम से सौंपा गया। मौके पर शम्भु सिंह, बसन्त कुमार, अर्जुन यादव, पवन कुमार सिंह, रामलाल यादव, मुकेश ठाकुर, हरिहर सिंह, विवेक तमोली, रवि सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अब सभी अंचलों में प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा अंचल सह थाना दिवस

**कोडरमा।** जिला स्तर पर लगातार भूमि विवाद से सम्बंधित प्राप्त हो रहे शिकायतों को देखते हुए उपायुक्त ने सभी अंचलों के सीओ को अपने-अपने अंचलों में अंचल सह थाना दिवस आयोजित करने को कहा है। वहीं उपायुक्त द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रत्येक माह के द्वितीय और चतुर्थ शुक्रवार को जिले के सभी अंचलों में अंचल सह थाना दिवस आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सम्बंधित क्षेत्र के सीओ व थाना प्रभारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। जिसमें दोनों पदाधिकारियों द्वारा भूमि विवाद से सम्बंधित प्राप्त होने वाले मामलों का निष्पादन करने का कार्य करेंगे, इसके लिए दिशा निर्देश दिया गया है। अंचल सह थाना दिवस में भूमि विवाद से सम्बंधित आने वाले मामलों की आवश्यक जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कार्रवाई से सम्बंधित संयुक्त प्रतिवेदन एसी कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

## लाल रंग की धूम: हेरिटेज पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है रेड डे

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के रामनगर स्थित हेरिटेज पब्लिक स्कूल लाल रंग में रंगा हुआ है, क्योंकि पीजी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चे रेड डे को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मना रहे हैं। स्कूल की कक्षाएं और गलियारे बच्चों की मुस्कान और उनकी लाल पोशाकों से जगमगा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को लाल रंग के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है, जहां उन्हें यह बताया जा रहा है कि लाल रंग प्यार, ऊर्जा और जोश का प्रतीक होता है। बच्चे अपने आसपास की लाल रंग की वस्तुओं की पहचान कर रहे हैं और रंगों की दुनिया को उत्साहपूर्वक जान रहे हैं। कक्षाओं में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पीजी के बच्चे तरबूज बनाने की गतिविधि में भाग ले रहे हैं। नर्सरी के नन्हे हाथ गुब्बारों से फूल बना रहे हैं, जिससे उनकी कला में निखार आ रहा है। एलकेजी के बच्चे लाल कागज़ की कतरनों से दिल (हार्ट) बना रहे हैं और यूकेजी के छात्र टमाटर बनाने की गतिविधि में लगे हैं। बच्चे अपने टिफिन में लाल रंग के खाद्य पदार्थ जैसे सेब, तरबूज, स्ट्रॉबेरी और चेरी टमाटर लाकर एक-दूसरे के साथ मिलकर स्वाद और रंगों का आनंद ले रहे हैं। रेड डे का यह आयोजन बच्चों के लिए केवल एक रंगोत्सव नहीं है, बल्कि यह एक रोचक, ज्ञानवर्धक और आनंददायक अनुभव भी बन रहा है, जो उनके चेहरे पर मुस्कान और मन में रचनात्मकता की नई चमक भर रहा है।

## पेंशनर समाज ने किया उपायुक्त को सम्मानित



**कोडरमा।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला के शिष्टमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त ऋतुराज से मिलकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनसे पेंशन अदालत का आयोजन करने की चर्चा की गयी। इसपर उन्होंने हर तीन माह पर पेंशन अदालत लगाने की बात कही। पेंशनर समाज के शिष्टमंडल में समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, सचिव नारायण सिंह, संयुक्त सचिव राम नरेश चौधरी, किशोरी प्रसाद यादव, सुभाष शर्मा, महेश्वर पांडेय, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

## पुण्यतिथि के मौके पर महाप्रसाद का वितरण

**कोडरमा।** प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय कोडरमा शाखा की प्रथम पूर्व मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी की 60वीं पुण्य स्मृति दिवस को आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। पुण्यतिथि के मौके पर लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवा केंद्र की संचालिका वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्मकुमारी अनिता बहन ने मातेश्वरी की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर बीके संजय कुमार, डॉ.आर विश्वास, डॉ.पवन कुमार, उमेश वर्मा, उमा, तारा, आरती, शारदा, रंजन मोदी, भोले शंकर, मनीष कुमार, मीना आदि मौजूद थे।

## अंडरपास से आवागमन बाधित, ग्रामीण परेशान

**जयनगर (कोडरमा)।** ग्रामीणों की मांगों के बाद रेल प्रशासन ने तिलोकरी में लोगों के आवागमन के लिए अंडरपास तो बना दिया, मगर निर्माण कार्यों में गड़बड़ी का खामियाजा आसपास के ग्रामीण भुगत रहे हैं। बताते चलें कि संवेदक की ओर से जल निकासी की व्यवस्था नहीं करने और ढलान पर होने के कारण चारों तरफ का पानी अंडरपास में जमा हो जा रहा है, जिससे लोगों का अंडरपास से आवागमन बाधित हो गया है, जहां भारी मात्रा में पानी भरा रहता है।

## सतगावां में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आक्रोश प्रदर्शन

- हेमंत सरकार में चारों तरफ मची है लूट : विजय यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**सतगावां (कोडरमा)।** प्रदेश की हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली-पानी की व्यवस्था, अवैध बालू पत्थर कोयला की लूट तथा बेरोजगारी जैसे जनहित मुद्दों को लेकर भाजपा द्वारा आहूत राज्यव्यापी आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भाजपा प्रखंड इकाई के द्वारा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन किया गया। आक्रोश-प्रदर्शन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रभारी सह जिला महामंत्री विजय यादव शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय यादव ने कहा कि पूरे झारखंड में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार फैला है। भ्रष्टाचार का पहला पड़ाव प्रखंड कार्यालय ही होता है। पूरे प्रदेश में मानो लूट मची है। अपराधी बेलगाम हो गए हैं। वहीं मंडल अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। वर्तमान सरकार एक भी बालू घाट का नीलामी नहीं कर पाई है। मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बढ़ती बेरोजगारी से राज्य के युवा वर्ग ठगा सा महसूस कर रहे हैं। वहीं आम जनता बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रही है। प्रखंड स्तर पर भी भ्रष्टाचार चरम पर है।

वहीं प्रदर्शन के अंत में भाजपा का एक शिष्यमंडल नौ सूत्री मांगों को लेकर उपायुक्त के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व प्रखंड के साप्ताहिक हॉट मैदान से कार्यकर्ताओं ने आक्रोश प्रदर्शन कर रैली के रूप में प्रखंड के मुख्य मार्ग से होते हुए बरियारडीह, बासोडीह, समलडीह, रामडीह, नौवाचक चांदडीह से होकर प्रखड मुख्यालय पहुंची, जहां सभा में तब्दील हो गई। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में नरेश यादव, सुबोध सिन्हा, रंजीत सिंह, अनिल यादव, मनोज भगत, कौशल सिंह, शिवराज सिंह, मनोज चौधरी, पिंटू सिंह ब्रम्हदेव यादव, चंद्रिका प्रसाद यादव, मनोज यादव, केदार यादव, कंचन कुमारी, नरेश राय, अमित कुमार, मनीष प्रसाद, दुर्गा राय, दशरथ यादव, संटू कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## अन्नपूर्णा देवी ने नाइजर में फंसे मजदूरों की वापसी का उठाया मुद्दा

- विदेश मंत्री ने हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नाइजर में फंसे गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर प्रखंड के प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से दिल्ली में मुलाकात की। ज्ञात हो कि बगोदर के कई प्रवासी मजदूर नाइजर में फंसे हुए हैं, जिनकी सकुशल घर वापसी को लेकर अन्नपूर्णा देवी शुरू से ही विदेश मंत्रालय के संपर्क में रही हैं और पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। वहीं विदेश मंत्री से मुलाकात के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने मजदूरों की त्वरित एवं सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। इस पर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारत सरकार प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और उनकी सकुशल वापसी के लिए विदेश मंत्रालय पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है। विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि संबंधित अधिकारियों से लगातार समन्वय किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द समााान सुनिश्चित हो सके। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जब तक सभी मजदूर सकुशल अपने घर नहीं लौट आते तब तक वह व्यक्तिगत रूप से मामले की निगरानी करती रहेंगी। इस पहल के लिए बगोदर क्षेत्र के मजदूरों के परिजनों ने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया।

## लालू प्रसाद के 13वीं बार राजद अध्यक्ष बनने पर बधाई

- राजद नेताओं-कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में लालू प्रसाद यादव के 13वीं बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर रही। वहीं लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

वहीं राजद के वरिष्ठ नेता और कोडरमा से राजद के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने लालू प्रसाद यादव को उनकी नेतृत्व क्षमता और पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में पार्टी ने हमेशा ही समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा की है और उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है।

श्री यादव ने बताया कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं के संदेश दिया है कि वह पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हैं। वहीं उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वापसी से राजद की मजबूती और भी बढ़ गई है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में एकजुट होकर काम करेंगे और पार्टी के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के 13वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, डॉ. जावेद अख्तर, सरफ़राज़ खान, मो. मुबारक, घनश्याम तुरी, अशोक दास, रघुनाथ दास, कुलदीप यादव, डॉ. कमाल खान, जैकी यादव, दीपक यादव, महेश यादव, बबलू यादव, परवेज खान समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा कोवाड पथ पर खगराडीह के समीप बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला जयनगर निवासी तरन्नुम खातून तिलोकरी से बाइक पर सवार होकर घर जयनगर जा रही थी, इसी दौरान खगराडीह के समीप अज्ञात वाहन के चकमा देने से वह बाइक से गिर गयी। वहीं घायल अवस्था में लोगों ने उसे 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित पुरनाडीह बागिया के समीप सोमवार की देर रात मोटरसाइकिल सवार युवक द्वारा खड़ी हाइवा में टक्कर मार दी गयी। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 40 वर्षीय अब्दुल कूदुस पिता मुस्लिम अंसारी लतबेध थाना राजधनवार जिला गिरिडीह निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाईकिल सवार कोडरमा रेलवे स्टेशन से किसी को पहुंचाकर अपने घर लतबेध लौट रहा था। इसी दौरान पुरनाडीह बगिया के समीप मुख्य सड़क पर खड़ी ब्रेक डाउन हाइवा बीआर01जीएम-6508 में टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाईकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और घायल को सदर अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही मोटरसाईकिल सवार ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि थे। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**खबर एक नजर में**

## आरडीडी ने हंटरगंज सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हंटरगंज का औचक निरीक्षण उत्तरी छोटानागपुर के रीजनल डायरेक्टर सिद्धार्थ सान्याल ने किया। औचक निरीक्षण के दौरान आरडीडी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज के चिकित्सा प्रभारी वेद प्रकाश को कई दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, मेडिसिन रूम आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी को सहिया की सक्रियता बढ़ाने और मरीज को अस्पताल लाने में सहयोग करने, जब तक उसका इलाज पूरा नहीं होता है तब तक सहिया को उसके साथ रहने का निर्देश दिए। साथ ही गर्भवती महिलाओं पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही। सहिया को ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं का डिलीवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर करवाने की बात कही। वहीं प्रभारी को गर्भवती महिलाओं को सरकार के द्वारा मिलने वाले हर फैसिलिटी देने का भी निर्देश दिए। जिससे गर्भवती महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर बेझिझक अपना डिलीवरी करवा सकें। इस मौके पर डॉक्टर कार्तिक उरांव, बीपीएम संजय सिन्हा, बैम रवि पांडे के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## अफीम व मादक पदार्थों के विरुद्ध वन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के करमाही गांव में वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर प्रभारी वनपाल चन्दन कुमार ने मंगलवार को अफीम (पोस्ता) की खेती और मादक पदार्थ के विरुद्ध ग्रामीणों के समक्ष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा अफीम की खेती नहीं करने के लिए समझाया गया। ग्रामीणों को अफीम की खेती से होने वाले दुष्परिणाम को भी बताया गया। प्रभारी वनपाल ने ग्रामीणों को बताया कि अफीम की खेती किसी भी दृष्टिकोण से फायदेमंद नहीं है। खेती करने वाले लोगों से अफीम तस्कर ओने पौने भाव में अफीम खरीद कर खुद धनवान हो रहे हैं और उन्हें केस मुकदमा में फंसना पड़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि किसान तबके के लोग अफीम की खेती की जगह सब्जी की खेती करें और बिना किसी डर भय के मुनाफा कमाएं। अफीम का अवैध कारोबार होने के कारण आज ना कल नस्लों को बर्बाद कर रहा है। बच्चे भी अफीम व ब्राउन शुगर का सेवन करने लगेंगे। इससे उनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। आगे बताया गया कि यदि उनके क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति गांव व गांव से सटे जंगली इलाकों में अफीम की खेती करता है तो वे इसकी सूचना पुलिस को दें। वहीं आज के युवा नशा की ओर अग्रसर हो रहे हैं, जिससे युवाओं में कैंसर सहित अनेक प्रकार के शारीरिक और मानसिक बीमारी हो रही है। प्रभारी वनपाल ने लोगों से अपील करते हुए 'नशा करता है नाश' आदि स्लोगन सुनाकर अभियान में सभी ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। यह अभियान 26 जून तक चलाया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सिमरिया पुलिस ने मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**चतरा।** सिमरिया पुलिस ने मंगलवार को मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उवि में चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया। बीडीओ ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियो को मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने के प्रति शपथ दिलायी। साथ ही मादक पदार्थों से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। बीडीओ ने नशा से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में बताया। छात्र छात्राओं और शिक्षकों को अपने आसपास के लोगों को नशा का सेवन नहीं करने के लिए जागरूक करने को कहा। बीडीओ ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मादक पदार्थों को हाथ ना लगाये। विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करें और अपने भविष्य को उज्वल बनायें। वहीं थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून ने कहा कि नशापान एक ऐसी गंभीर बीमारी है जिससे लोग मौत के गाल में समा जाते हैं। जिससे उनका परिवार बिखर जाता है। उन्होंने किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहने की सलाह दी। थाना प्रभारी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं, अच्छे से पढ़ाई कर लक्ष्य को प्राप्त करें। नशा करने से आपका भविष्य खराब हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा के कारोबारियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जाना पड़ता है। उन्होंने कहा परिजन व आस-पड़ोस में इसकी जानकारी दें और लोगों को जागरूक करें। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, एसआई सतीश सोनी, जेई अजय कुमार, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार, जवाहर यादव, मो. नसीर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मॉडल कॉलेज चतरा में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्परिणाम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**चतरा।** चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देशानुसार मॉडल कॉलेज, चतरा में विद्यार्थियों को निषिद्ध मादक पदार्थों का सेवन न करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मनीष दयाल, प्रिंसपल, मॉडल कॉलेज, चतरा एवं चिकित्सा पदाधिकारी सिमरिया डॉ.अशोक कुमार के द्वारा दीप प्रजवलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ.अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थ चरस, अफीम, तंबाकू आदि के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया। साथ ही कॉलेज के प्रांगण में भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अशोक कुमार के द्वारा बताया गया कि मादक पदार्थों के सेवन से कई घर बर्बाद हो गये हैं। आने वाली युवा पीढ़ी को बर्बाद होने से बचाएं इसके लिए लोगों को मादक पदार्थों के उत्पादन, बिक्री एवं सेवन को बंद करना होगा देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए नशामुक्त भारत अभियान में सभी युवाओं को योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के संदर्भ में विडियो दिखाकर जागरूक करने का कार्य भी किया गया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कॉलेज के छात्र-छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया साथ ही साथ उनके बीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। क्विज कंपटीशन भी किया गया जिसमें बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा 20 सांत्वना पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रश्मी दुबे, मनोज कुमार पाण्डेय, रविन्द्र कुमार, अशोक रजक स्वास्थ्य कर्मी एवं सीनी संस्था से ओम प्रकाश शर्मा एवं अन्य मॉडल कॉलेज, चतरा के शिक्षक एवं कर्मियों का अहम योगदान रहा।

कोडरमा उपायुक्त ने शिक्षा विभाग का किया औचक निरीक्षण, कहा

# विद्यालय से संबंधित जनशिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को शिक्षा विभाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डीईओ व डीएसई कार्यालय का जायजा लिया, साथ ही दोनों कार्यालयों के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। वहीं उन्होंने जिले में संचालित शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति, कर्मचारियों की उपलब्ता, नामांकन प्रगति व छात्र हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीईओ और डीएसई को नियमित रूप से शिक्षकों को प्रशिक्षण देने, स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाने, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में पूरी पारदर्शिता बरतते हुए रिक्त सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने, नियमित रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठकें आयोजित कर विकास कार्यों को गति देने आदि का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो यह सुनिश्चित करें।

वहीं उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर छात्रवृत्ति के आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने, विद्यालयों से सम्बंधित जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीईओ अविनाश राम, डीएसई अजय कुमार आदि मौजूद थे।

### जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अयक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और उपायुक्त को आवेदन देकर उचित कार्रवाई का गुहार लगाया। वहीं आयोजित जनता दरबार में एक महिला ने अपने पति के निलम्बन अवाि का वेतन भुगतना करने, होमगार्ड में बहाली, भूमि बिक्री पर रोक लगाने, प्राानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास की योजना का लाभ देने, निर्माणाीन चेकडैम में अनियमितता, भूमि विवाद आदि से सम्बंाित मामले आये। वहीं उपायुक्त ने बारी-बारी से फरियादियों की समस्याएं सुनी और जल्द समााान करने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंाित विभाग के पदााकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान, कांके, रांची से आये तीन सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने उपायुक्त से की मुलाकात

- नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिले में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए उपायुक्त कीर्तिश्री ने इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि नशे की रोकथाम हेतु समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि नशे की चपेट में आ रही युवा पीढ़ी को बचाने हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है। इस क्रम में जनजागरूकता अभियान को गति देने के लिए विविध प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग करते हुए आम जनता, विशेषकर युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य प्रारंभ किया गया है।

इसी कड़ी में समाहरणालय उपायुक्त कार्यालय कक्ष में केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान, कांके, रांची से तीन सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम जिसमें डॉ संजय कुमार मुंडा, प्रोफेसर मनोरोग, डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी, प्रोफेसर मनोरोग एवं डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर मनोरोग सामाजिक कार्य शामिल हैं, उपायुक्त से मिलने चतरा पहुंची है। यह टीम जिले में नशा से संबंधित मानसिक, सामाजिक एवं शारीरिक पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए सुझाव एवं सहयोग प्रदान करेगी। उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में स्थायी नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी। साथ ही, नशा मुक्ति अभियान को वृहद रूप में चलाने हेतु यह कार्य मिशन मोड में संचालित किया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, पंचायत स्तर तक सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें प्रशासन, समाज और प्रत्येक नागरिक को एकजुट होकर भागीदारी निभानी होगी।

# गड़बड़ इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण पानी सुगमता से नहीं निकला : सरयू राय

■ जलजमाव के कारण और निदान को लेकर समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर में बीते दिनों बारिश के कारण हुई परेशानियों, खास कर पश्चिमी विधानसभा में हुई दिक्कतों के कारण और उनके समाधान के बिंदुओं की तलाश करने के लिए विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में मंगलवार को एक समीक्षा बैठक हुई। इस समीक्षा बैठक में एनडीए से जुड़े कार्यकर्ता-नेता-पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक बिष्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में हुई।

इस बैठक की जरूरत क्यों पड़ी, यह बताया विधायक सरयू राय ने। उन्होंने कहा कि अगर इंफ्रास्ट्रक्चर सही होता तो बारिश का पानी सुगमता से निकल जाता। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कई इलाकों में कमर तक तो कई इलाकों में घुटनों तक पानी जमा रहा। नित्यानंद कालोनी, देशबंधु कालोनी में जल जमाव की समस्या बेहद पुरानी है लेकिन इस बार नए इलाकों में भी पानी प्रवेश कर गया।

उन्होंने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह जानना है कि किन इलाकों में दिक्कत हुई, क्यों हुई और इसका समाधान क्या है? उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी राय दें जिन्हें एक साथ कंपाइल किया जाएगा और जो जायज चीजें हैं, उन्हें आवश्यक मान कर और प्रशासन पर दबाव बना कर हमें काम करवाना होगा। उन्होंने कहा कि अनेक ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जिनका प्रस्ताव कई माह पहले ही बना कर भेज दिया गया लेकिन उनकी प्रशासनिक स्वीकृति अब तक नहीं मिली। स्वीकृति न मिलने से भी काम नहीं हो पाया और लोगों को इस बारिश में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि धर्मेंद्र प्रसाद ने कहा कि मानगो में जो काम प्रशासन को करना चाहिए था, वह प्रशासन ने नहीं बल्कि स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी आशुतोष राय ने करवाया। एक अन्य जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह (मानगो) ने कहा कि मानगो में एनडीआरएफ की टीम की जरूरत थी। प्रशासन से कई बार कहा गया लेकिन कान पर जूं नहीं रेंगा। अंत में आशुतोष राय ने ही एनडीआरएफ की टीम बुलवाई। कुंवर बस्ती की घटना बेहद झकझोरने वाली थी क्योंकि एक शख्स की मौत हो गई थी। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर संकट की घड़ी में काम किया।



पत्रकारों को संबोधित करत विधायक सरयू राय व अन्य।

वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिन्हा ने कहा कि आदर्श नगर में जल जमाव सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने सुझाव दिया कि एक नाली का निर्माण होना चाहिए, जो सीधे नदी तट तक जाए। नाली का प्रस्ताव पहले से है लेकिन बन नहीं पा रही है क्योंकि जहां नाली का इंड होना है, उस स्थान को बंद कर दिया गया है। इसलिए जलजमाव से आदर्शनगर के लोगों को कोई निजात नहीं मिली, उल्टे इस बार परेशानी और ज्यादा बढ़ गई।

वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि हर बरसात में मानगो, कदमा और सोनारी बाढ़ग्रस्त हो जाते हैं। इसके पीछे फिसड्डी इंजीनियरिंग का बहुत बड़ा हाथ है। दुनिया आगे जा रही है और हमारा इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट पीछे जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि बीच सड़क पर नाली बनाई जाए ताकि नाली को स्पेस मिल सके। सड़क के बाएं या दाएं बनने वाली नाली को स्थान कम मिल पाता है। उन्होंने नाली और सड़क के डिजाइन में परिवर्तन पर फोकस किया।

वरिष्ठ जदयू नेता कुलविंदर सिंह पन्नू ने कहा कि जल जमाव का एक प्रमुख कारण कचरा भी है। उन्होंने दावा किया कि 30 प्रतिशत कचरे का ही उठान हो रहा है। इसे बढ़ाना होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता ललन जी ने कहा कि स्विस गेट का मेंटिनेंस जरूरी है। यह जब खुलता है तो पूरी तरह नहीं खुल पाता और बंद भी पूरी तरह नहीं हो पाता। एक सुझाव आया कि जो बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हैं, वहां एक चेतावनी बोर्ड लगाना चाहिए कि इस स्थान पर मकान न बनाएं। एक शिकायत यह सामने आई कि कचरा का उठान और निष्पादन सही तरीके से नहीं होता और वही कचरा दोबारा उनके घरों तक आ जाता है। एक सुझाव यह आया कि नालियां जो बेतरतीब बनी हैं, उनमें सुधार हो और हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू हो। यह भी कहा गया कि रामनगर-श्यामनगर में मिट्टी का कटाव रोकने के लिए वहां गार्डवाल लगाने की सख्त आवश्यकता है। अधिकांश शिकायतें नगर निगम के सही तरीके से काम ना करने, प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बरतने, बिजली कटौती आदि से संबंधित रहीं। अधिकतर सुझाव कूड़ा प्रबंधन, नाली-नाला प्रबंधन में सुधार और साफ-सफाई को लेकर आई।

कार्यक्रम में आशुतोष राय, जनसुविधा प्रतिनिधि नीरज सिंह, उच्च शिक्षा जनसुविधा प्रतिनिधि पवन सिंह, अजय श्रीवास्तव, भीम सिंह, संजय तिवारी, रवींद्र सिंह सिसौदिया, अमरेंद्र मलिक, ललन चौहान, उषाय यादव, मल्लू सिंह, लालू गौड़, रवि गोराई, मंजू सिंह, रविशंकर सिंह, संजय रजक, अंजन सरकार, प्रवीण सिंह, विकास साहनी, ममता सिंह, पिंटू सिंह, रवि ठाकुर, संतोष भगत, तारक मुखर्जी, अतुल सिंह, आदित्य मुखर्जी, रिक्की केशरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा ने किया। मौके पर एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जमशेदपुर को नाला आधारित जलनिकासी पर ध्यान देना ही होगा

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने दो टूक कहा है कि अब जमशेदपुर को नाला आधारित जलनिकासी योजना पर ध्यान देना ही होगा। यहां मिलानी हॉल में बीते दिनों हुई बारिश के कारण परेशानियों के संबंध में लोगों से कारण और निदान पूछने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि अपने पूर्व के कार्यकाल में उन्होंने मानगो में चार स्विस गेट बनवाया था। यह सही है कि इन स्विस गेटों के मेंटिनेंस में कठिनाई आती है। उस वक्त भी उन्होंने कहा था कि हर स्विस गेट के पास एक पंप सेट होना चाहिए ताकि नाला के पानी को बरसात के समय में नदी में पंपसेट की मदद से गिराया जा सके। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

**2018 के डीपीआर पर काम होता, तो ये नौबत नहीं आती : आशुतोष**- स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी और वरिष्ठ जदयू नेता आशुतोष राय ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय इकलौते ऐसे विधायक हैं जो बारिश के पानी में तीनों दिन भीग-भीग कर लोगों से संवाद करते रहे, उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करते रहे और पानी उतर जाने के बाद इलाके के लोगों को बुलाकर खुद ही उनसे सवाल पूछ रहे हैं और उनसे ही निदान के लिए सुझाव मांग रहे हैं।

# ऑटो के साथ अब इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जे बनाने की दिशा में आगे बढ़ें जमशेदपुर के उद्यमी : टीवी नरेंद्रन

■ उत्पादन और डिजिटलाइजेशन में ग्लोबल बेंच मार्क फॉलो करने की दी सलाह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने उत्पादन गुणवत्ता और डिजिटलाइजेशन के मामले में ग्लोबल बेंच मार्क को फौलो करने की सलाह दी है। इस दिशा में उन्होंने आइआइटी खड़गपुर जैसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी शैक्षणिक संस्थान एवं एनएमएल जैसे ग्लोबल शोध एवं विकास संस्थान के साथ सिनर्जी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर और आदित्यपुर के लघु एवं मध्यम उद्योगों में काफी क्षमता है। जब जमशेदपुर के उद्यमियों को ऑटो सेक्टर के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर और डिफेंस से जुड़े कल-पूर्जे बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि हमारे देश में सबसे ज्यादा निवेश इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर और डिफेंस सेक्टर में हो रहा है। टाटा ग्रुप भी इस सेक्टर में बड़ा निवेश कर रहा है।





चैम्बर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में मंचस्थ टीवी नरेंद्रन, डीबी सुंदरामम, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व चैम्बर के पदाधिकारीगण। अपना संबोधन देते टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।

नरेंद्रन आज शाम कुदी मोहंती सभागार, कदमा में सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह के तहत व्यापारियों एवं उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। टीवी नरेंद्रन ने कहा कि आज से 40-50 व र्ष पूर्व वैश्विक गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने में जापान कोई फैक्टर नहीं था किन्तु आज इंडस्ट्री, एकेमिया और आरएंडडी संस्थानों की सिनर्जी से वह ग्लोबल क्वालिटी बेंचमार्क है। इसी तरह 30 साल पहले तक चीन ग्लोबल क्वालिटी बेंचमार्क नहीं था जो आज बन चुका है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले दशक में भारत ग्लोबल इंवेस्टमेंट हब बनने जा रहा है, और यहां के उद्योग ग्लोबल क्वालिटी बेंच मार्क बन सकते हैं। बस बड़े उद्योगों की तरह एमएसएमई सेक्टर को ग्लोबल क्वालिटी मुवमेंट का हिस्सा बनना होगा। उन्होंने उद्यमियों को भू-राजनीतिक बदलावों पर नजर रखने और भू-राजनीतिक अवसरों का फायदा लेने के लिए कमर कसने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह चीन में कारोबार के अवसर हैं उससे कहीं ज्यादा संभावनाएं अगल 50 वर्ष के दौरान अफ्रिकी देशों में हैं। यहां के उद्यमियों को वहां भी निवेश के अवसर देखने चाहिए।

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर के उद्यमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि टाटा स्टील अपने केपीओ, मीरा मंडली जैसे अन्य लोकेशनों पर भी जमशेदपुर के वेंडरों को मौका दे रही है।


## आरवीएस अकादमी द्वारा एएसआईएससी जोनल वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025 (जूनियर कैटेगरी) का सफल आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो जमशेदपुर ने दिनांक 24 जून 2025 को एएसआईएससी जोनल वाद-विवाद प्रतियोगिता (जूनियर कैटेगरी) का भव्य आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का विषय थाः स्कूलों में अक टूल्स जैसे कि चैट जीपीटी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इस प्रतियोगिता में 23 सीआईएससीई से संबद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में विचारोत्तेजक एवं जानकारीपूर्ण तर्क प्रस्तुत किए, जिससे सभी प्रभावित हुए। इस अवसर को आरवीएस अकादमी के चेयरमैन बिंदा सिंह, प्राचार्या वीशा मोहिंद्रा तथा उप-प्राचार्या श्रीमती पूजा सुमन की गरिमामयी उपस्थिति ने विशेष बना दिया। डॉ परीनीता शुक्ला, प्राचार्या, आरएमएस हाई स्कूल, सोनारी ने मॉडरेटर की भूमिका निभायी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुभवी अंग्रेजी शिक्षकों ने भाग लिया, जिन्होंने निष्पक्षता और विशेषज्ञता के साथ प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों के बाद निम्नलिखित परिणाम घोषित किये गये।

# गुजराती सनातन समाज के योग शिविर में 90 लोगों का रजिस्ट्रेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सत्यानंद योग केंद्र के तत्वाधान में गुजराती सनातन समाज में चल रहे योग शिविर का आज तीसरा दिन था शिविर में 90 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। आज शिविर में स्वामी गोरखनाथ जी ने लोगों को स्वर योग के बारे में बताया उन्होंने बताया अगर मन उदास, आलस छाया रहता है, काम करने में मन नहीं लगता है, पाचन तंत्र सही काम नहीं करता निम्न रक्तचाप बना रहता, इसका अर्थ यह हुआ कि उसका बायां नासिका ज्यादा सक्रिय है। जिसे बहुत ज्यादा क्रोध आता है, जो उग्र स्वभाव के हैं, मन में चंचलता, उच्च रक्तचाप बना रहता है उसका दाहिना नासिक ज्यादा सक्रिय होता है। उन्होंने कहा कि इसका ज्ञान हमें नहीं है लेकिन हमारे गांव में रहने वाले भाइयों को इसका ज्ञान शुरू से हो जाता है इसलिए गांव में लोग खाना खाने के बाद कभी भी बाईं करवट लेट जाते हैं जिससे दाहिना नासिक क्रियाशील होता है और पाचन तंत्र अच्छी तरह से कार्य करता है।

# राज्य सरकार जनविरोधी और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है : डॉ दिनेशानंद गोस्वामी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बहरागोड़ा।** हेमंत सरकार की वादा खिलाफी, व्यापक भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मंगलवार को बहरागोड़ा की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। भाजपा बहरागोड़ा मंडल के अगुवाई में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, महिलाएं, छात्राएं और आमजन ने तख्तियां व बैनर लेकर जोरदार आक्रोश रैली निकाली। नेताजी शिशु उद्यान से प्रारंभ होकर बहरागोड़ा मुख्य बाजार होते हुए यह रैली प्रखंड कार्यालय पहुंचकर एक विशाल जनसभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने हेमंत सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहाः यह सरकार झूठ, लूट और तुष्टिकरण की राजनीति में डूबी है। अबुआ आवास, वृद्धावस्था पेंशन, मईया योजना और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं सिर्फ पोस्टरों तक सीमित हैं। ग्रामीण जनता त्रस्त है, नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं।



बहरागोड़ा प्रखंड कार्यालय घेर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद।

## कारखाना लाइसेंस का वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए एसिया भवन पहुंचे 42 उद्यमी

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**आदित्यपुर।** एसिया भवन, आदित्यपुर के सभागार में कारखाना लाइसेंस का वार्षिक रिटर्न दाखिल करने का काम शुरू हुआ। पहले दिन आज कुल 42 उद्यमी एसिया भवन पहुंचे और त्रुटियों को सुधरवाकर अपना रिटर्न दाखिल किया। इस कार्य में सहयोग के लिए कारखाना निरीक्षक कार्यालय के ऑफिस स्टॉफ अरविंद सिन्हा सहित दो प्रतिनिधि उपस्थित थे। जबकि एसिया के अध्यक्ष इंदर कुमार अग्रवाल, महासचिव प्रवीण गुटगुटिया, पूर्व महासचिव दशरथ उपाध्याय, आशोक गुप्ता आदि उपस्थित थे। एसिया अध्यक्ष ने उद्यमियों से 25 जून को अपने जानकार स्टाफ को लैपटॉप सहित एसिया भवन भेजने की अपील की है, ताकि वे स्वयं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रशिक्षित होकर सरल तरीके से रिटर्न दाखिल कर सकें। एसिया भवन का यह शिविर 28 जून तक जारी रहेगा। उद्यमियों की सहायता और सहयोग के लिए एसिया भवन में एलईडी स्क्रीन भी लगाया गया है।

# भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून-व्यवस्था समेत ज्वलंत मुद्दों पर भाजपा कार्यकर्ताओं का चारों प्रखंड कार्यालय पर हल्ला बोल

■ झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार पर भाजपा ने जमकर बोला हमला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड की झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार में ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, गरीबों के पेंशन, किसानों के बकाए राशि, बेरोजगारी, पेसा कानून लागू कराने, भाषा विवाद को ठीक करने, स्थानीय नीति, नियोजन नीति, बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे मुद्दे को लेकर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आयी है। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के हजारों कार्यकर्ताओं ने महानगर अंतर्गत जमशेदपुर, पोटका, बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश-प्रदर्शन कर जमकर हल्ला बोला।



जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर धरना देते भाजपाइयों को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा।

भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में महानगर अंतर्गत 22 मंडलों के हजारों कार्यकर्ताओं ने करनडीह स्थित जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए एवं नारेबाजी किया एवं सरकार पर हमला बोला। इस दौरान व्याप्त भ्रष्टाचार, खनिज संपदाओं की लूट, ध्वस्त विधि व्यवस्था एवं प्रखंड कार्यालय में हो रहे विभिन्न जनसमस्याओं व अन्य मुद्दों के साथ जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों और जनहित की प्रमुख समस्याओं को दर्शाते हुए बीडीओ को जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर समुचित निदान की मांग की।

## स्पीड न्यूज

### मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी



**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के धीराजगंज स्थित बजरंगबली मंदिर से बीती रात चोरों ने दानपेटी का ताला तोड़ कर नकदी की चोरी कर ली। दानपेटी में कितनी राशि थी, इसका आकलन नहीं हो पाया है। मंगलवार की सुबह जब लोग मंदिर पहुंचे तो दानपेटी टूटा हुआ पाया। साथ ही उसमें रखे पैसे भी गायब था। मंदिर से हुई चोरी की वारदात से लोगों में रोष व्याप्त है।

### एसडी सिंह की स्मृति में मेगा ब्लड कैंप आज



**जमशेदपुर।** शहर के जाने माने समाजसेवी व रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के संस्थापक पेट्रन सदस्य रहे स्व. एस.डी. सिंह के 27 वीं पुण्यतिथि पर एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस सिदगोड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार 25 जून को प्रातः 9 बजे से संध्या 4 बजे तक रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से आयोजित है। एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस के चेयरमैन दिवाकर सिंह ने इस अवसर पर रक्तदाताओं से आगे बढ़कर रक्तदान करने का आग्रह किया।

### सौमेंद्र और अरुण ने किया एसडीपी डोनेशन

**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम से जुड़े कार्यकर्ता लगातार रक्त के जरुरतमंद लोगों के लिए जीवनदाता का कार्य कर रहे हैं। सोमवार रक्त के कम्पोनेन्ट सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की आवश्यकता होने पर टाटा स्टील सुरक्षा विभाग में कार्यरत सौमेन्द्र बस्तिया ने अपना 17वां एसडीपी डोनेशन किया, इससे पूर्व उन्होने 32 नियमित रक्तदान के साथ 49वां रक्तदान पूरा किया। इसी कड़ी में टाटा स्टील कर्मी अरुण कुमार सिंह ने सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की आवश्यकता पर अपना 30वां एसडीपी डोनेशन किया, श्री सिंह कोविड से उबरने के पश्चात बिना किसी भय का साहस का परिचय देते हुए कॉन्वाल्सेन्ट प्लाज्मा का 7 बार दान किया था।

### विधायक ने किया दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**चांडिल।** डैम रोड स्थित आदर्श कॉलोनी में 2 सौ केबीए व मुखिया होटल में 1 सौ केबीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने कहा विगत दिनों दोनों जगहों पर ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिससे लोगों को अंधेरा में काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों ने ट्रांसफार्मर खराब होने कि सुचना देने पर बिजली विभाग से बात कर जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।

### मेधावी छात्रों का स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मान

**चांडिल।** मंगलवार को नौरंगराय सूर्यदेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल मे 10वीं के माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल विकास कुमार राय, कामिनी चिकित्सालय कदमा के डॉ इंद्रजीत गोराई, चिकित्सा पदाधिकारी चांडिल शुभेंद्र शेखर एवं विद्यालय के सचिव डॉक्टर शिशिर कुमार चटर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें स्कूल के टॉप 10 छात्रों को स्मार्ट वॉच, मेडल, प्रशस्ति पत्र, स्कूल बैग तथा स्वर्गीय पूर्णचंद्र गोराई के स्मृति में डॉ इंद्रजीत गोराई के द्वारा नगद राशि के रूप में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। नेहा हालदार 96 .20 प्रतिशत लाकर जिला में प्रथम स्थान एवं कोल्हान में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। रिंकू सतपति जिला में चतुर्थ तथा कोल्हान में 9 वां रैंक हासिल किया। जगन्नाथ सेन एवं विनीत कुमार संयुक्त रूप से जिला में पांचवां रैंक एवं कोल्हान में दसवां रैंक प्राप्त किया। अभिजीत सेन जिला में 6वां रैंक जगदीश राय जिला में 7 वां रैंक मृनमयी सिंह सरदार जिला में 9 वां रैंक आशीष महतो, वृष्टि खां, पवन महतो थे।

## एक नजर में

### बागुन हत्याकांड में छोटे भाई गुरु को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा


**गम्हरिया।** कांड्रा थाना क्षेत्र के हथनादा जारा टोला में वर्ष 2019 में जमीन विवाद में उनके ही घर मे दावली से बागुन मुंडा की हुई हत्या के मामले में सरायकेला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने वादिनी एवं साक्षियों के बयान एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त गुरू मुण्डा को दोषी पाते हुए भादवि की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। इस कांड में लोक अभियोजक ब्रजेश कुमार द्वारा पैरवी की गई थी। इस बावत हथनादा जारा टोला निवासी मृतक कि पत्नी कुनी देवी द्वारा कांड्रा थाना में बीते 8 अक्टूबर'2019 को पति बागुन मुंडा की दावली से मारकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए अपने देवर गुरू मुण्डा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बताया गया था कि जमीन विवाद को लेकर अक्सर गुरु मुंडा व बागुन मुंडा के बीच झगड़ा होते रहता था। घटना के दिन भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। उसी दौरान आरोपित गुरु मुंडा ने दावली उठाकर उसके पति बागुन मुंडा पर वार कर दिया था जिससे उसकी मौत है।

### तारापोर स्कूल ने बोर्ड परीक्षा उत्कृष्टता का जश्न मनाने के लिए 2024-25 में किया अचीवर्स नाइट



**जमशेदपुर।** तारापोर स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए अपने आईसीएसई और आईएससी छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा और सर्वांगीण उत्कृष्टता का सम्मान करने के लिए अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक अचीवर्स नाइट का आयोजन किया। स्कूल के सभागार में आयोजित समारोह में छात्रों की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और असाधारण प्रदर्शन की सराहना करने के लिए समर्पित एक जीवंत और प्रेरक शाम देखी गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों में 67 छात्रों को सम्मानित किया गया, जिनमें से प्रत्येक ने शैक्षणिक खोज और व्यक्तिगत विकास की भावना को दर्शाया। आईसीएसई और आईएससी परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विषयवार सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले और सभी धाराओं- विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी- के टॉपर्स को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नमन मोहन जायसवाल को उनके प्रदर्शन में लगातार सुधार के लिए सतत सुधार पुरस्कार प्रदान किया गया। इशिका डे को उनके अनुकरणीय समर्पण, सक्रिय नेतृत्व और अटूट स्कूल भावना के सम्मान में प्रिंसिपल पुरस्कार प्रदान किया गया। अवनी पांडे को न केवल शिक्षा में बल्कि पाठ्येतर गतिविधियों, नेतृत्व और आचरण में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित ऑल-राउंडर पुरस्कार प्रदान किया गया। आईसीएसई परीक्षाओं के शीर्ष तीन स्कोरर को तारापोर स्कूल में अपनी निरंतर शैक्षणिक यात्रा का समर्थन करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इशिता पांडे, जिन्होंने 97 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, को 20,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिली। अनिकेत आनंद, जिन्होंने 95 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, को 15,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जबकि तनिषा शर्मा, जिन्होंने 95 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, को 10,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिली। छात्रवृत्ति के अलावा, हमारे आईसीएसई और आईएससी के शीर्ष स्कोरर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार भी दिए गए। इस कार्यक्रम में गर्वित माता-पिता, समर्पित संकाय और स्कूल प्रबंधन के सदस्य मौजूद थे, जिन्होंने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना की। शाम को स्कूल ने अपने विद्यार्थियों में बौद्धिक और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### अरका जैन यूनिवर्सिटी : युवाओं को नशे से बचाने के लिए एक मंच पर आये अधिकारी व शिक्षाविद



**जमशेदपुर।** शहर स्थित अरका जैन विश्वविद्यालय में (10 से 26 जून तक नशा मुक्ति पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत ₹ड्रग एब्यूज अवेयरनेस एंड प्रिवेंशन₹ विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की एंटी ड्रग एब्यूज सेल और स्पोर्ट्स काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस सेमिनार में सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) समीर कुमार स्वैन, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पूजा कुमारी और गम्हरिया थाना प्रभारी कुणाल कुमार विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित थे। विश्वविद्यालय की ओर से बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रो. एस.एस. रजी, प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) अंगद तिवारी और स्पोर्ट्स काउंसिल की चेयरपर्सन डॉ. रूपा सरकार ने भी सेमिनार को संबोधित किया। सेमिनार की शुरूआत एंटी ड्रग एब्यूज सेल के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पाठक द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितगण को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलायी।

## स्पीड न्यूज

### ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की प्रतिभा निखारने की जरूरत : बिट्टू



**तरहसी /मनातू।** पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में पलामू जिला के तरहसी एवं मनातू प्रखंड में संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत तरहसी एवं मनातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रखंड पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र सौंपा गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र नाथ पासवान और संचालन मनातू प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव ने किया। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि सभी को पूर्ण विश्वास है कि पूरी कर्मठ एवं सक्रियता के साथ प्रखंड में कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए संगठन की मजबूती हेतु निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे। कहा कि पलामू जिला के हर गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की छिपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। मनोनयन पत्र वितरण में कोषाध्यक्ष अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष मिट्टू खान शामिल थे।

### 15 प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण गुरुकुल की पहल पर चेन्नई में मिली नौकरी

**मेदिनीनगर।** कल्याण गुरुकुल का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह मनाया गया। मौके पर 15 प्रशिक्षणार्थियों को चेन्नई कंपनियों में रोजगार हेतु नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि सैकत चटर्जी, विशिष्ट अतिथि इप्टा के प्रेम प्रकाश, सतेंद्र कुमार ने कहा कि कड़ी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है। मौके पर दीपक सिंह, मिथिलेश कुमार, सुग्रीव सिंह, बिंदेश कुमार, मुकीब अंसारी, शिवांश कुमार, पंकज कुमार भी थे।

### भय, भूख व भ्रटाचार के खिलाफ प्रदर्शन



**मोहम्मदगंज।** राज्य की लचर विधि व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन के पश्चात भाजपा नेता की एक टीम ने मंगलवार को पलामू उपायुक्त के नाम बीडीओ रणवीर को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य में विधि व्यवस्था फेल है। आकंठ भ्रटाचार, लूट, हत्या, बलात्कार की घटना से राज्य की जनता कराह रही है। हर योजना में रिश्वतखोरी हॉबी है। अस्पताल है तो डॉक्टर नहीं, स्कूल है पर शिक्षक नहीं के तर्ज पर लड़खड़ाता यह राज्य अपनी सफर तय करने को विवश है। मौके पर अशोक सिंह, नीरज सिंह, महेंद्र सिंह, माणिकचंद शर्मा, नगीना सिंह, सुशील मेहता, विश्वनाथ चौधरी शामिल थे।

### राज्य सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरी भाजपा, निकाली आक्रोश रैली



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड परिसर में भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में जंगलराज राज और भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आक्रोश रैली आयोजित की गयी। जन आक्रोश प्रदर्शन में जोरदार संख्या में नेता व जनता एक साथ दिखे। हेमंत सरकार के निकम्मेपन के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में सड़कों पर उतरकर सरकार की जनविरोधी नीतियों का डंटकर विरोध किया। नेताओं ने बताया कि प्रखंड सह अंचल में घुसखोरी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, मुटेशन, पंजी 2 शुद्धि करण, भूमि धारण के नाम पर लूट मची हुई है। जन आक्रोश के ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर उप महापौर मंगल सिंह, पूर्व जिप सदस्य बिकास चौरसिया संटु, जिला मंत्री धिरेंद्र दुबे, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, आनंद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, सिकंदर चौरसिया,युवा प्रखंड अध्यक्ष अमरेन्द्र चौरसिया, शशिकांत चौरसिया, सुबोध गुप्ता रामकरेश चौरसिया, ज्वाला प्रसाद शामिल थे।

### हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपाइयों ने किया जोरदार प्रदर्शन



**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड कार्यालय के सामने प्रदेश भाजपा के निर्देश पर हैदर नगर भाजपा मंडल इकाई ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। संचालन मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। कार्य समिति सदस्य संध्या सिंह ने कहा कि राज्य सरकार में चारों तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार की बोलबाला है। कोई काम बिना पैसा का नहीं हो रहा है। सब कुछ जानकार भी अधिकारी चुप हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, सरयू गुप्ता, आनंदी पासवान, कमलेश विश्वकर्मा सहित कई लोग शामिल थे।

### राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा की आक्रोश रैली, कुशासन का आरोप



**नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू।** भाजपा लेस्लीगंज मंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय के पास आक्रोश रैली निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने की। आक्रोश रैली में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पलामू जिला महामंत्री विजय ठाकुर थे। साथ ही पूर्व प्रदेश महामंत्री (मोर्चा) चतुर्गुण राम, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्यानंद पाठक, जिला महामंत्री चन्द्र प्रकाश पासवान उर्फ मुन्ना, पांकी विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता और स्थानीय विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता उपस्थित रहे। मंच संचालन ओमप्रकाश दुबे ने किया। नेताओं ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार, बलात्कार, अपहरण और खनिज लूट को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में आम जनमानस खुद को असुरक्षित और लाचार महसूस कर रहा है। सरकारी योजनाएं लूट का जरिया बन गई हैं, युवा बेरोजगार हैं और किसान उपेक्षित हैं। भाजपा नेताओं ने अबुवा राज के नाम पर हो रहे बालू खनन, बिजली चोरी, और अन्य अवैध गतिविधियों पर राज्य सरकार को घेरा। कार्यक्रम में नीलकंठ गिरी, विजय कुमार, नागेंद्र मिश्रा, लव सिंह थे।

---

## खेलो इंडिया में मेडल जीतने वाले प्रतिभागी सम्मानित, सांसद बोले

# शौर्य के प्रतीक खिलाड़ियों को मिला सम्मान

■ खिलाड़ी आगे भी जोश और जुनून के साथ प्रदर्शन करते रहें : सोनू नामधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नामधारी गुरुद्वारा नावाटोली में सम्मान समारोह किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सांसद वी डी राम, गतका संघ अध्यक्ष सोनू नामधारी, उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह, बबलू चावला, मन्नत बग्गा, प्रदीप नारायण, विजय ओझा समेत अन्य उपस्थित थे। सभी ने संत जेवियर स्कूल की काजल को सम्मानित किया। पलामू की बेटी काजल ने खेलो इंडिया में गोल्ड मेडल जीता, वहीं पलामू के बेटे ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल के जीत कुमार तिवारी ने एस जी एफ आई में ब्रोंज मेडल जीता।



मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते सांसद व सोनू नामधारी।

साथ ही गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल की चांदनी कुमारी, संत मरियम स्कूल के रोशन कुमार, सन्नी कुमार को सम्मानित कर सभी का हौसला बढ़ाया। सांसद ने कहा कि शौर्य के प्रतीक खिलाड़ियों को सम्मानित करने से उनका हौसला बढ़ेगा। साथ ही इससे अन्य खिलाड़ी भी बेहतर करने का प्रयास करेंगे। सोनू नामधारी ने कहा कि खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर मेडल जीता है व पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। समारोह का उद्देश्य खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और अनुशासन को सम्मानित करना है। यह सम्मान उनके उत्साह को और बढ़ायेगा और भविष्य में भी वे इसी जोश और जुनून के साथ प्रदर्शन करते रहेंगे। खिलाड़ियों के साथ सभी शिक्षकों को धन्यवाद किया जिन्होंने इन्हें सही दिशा दिखायी। गतका संघ के सचिव सुमित वर्मन को धन्यवाद दिया जिन्होंने खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें इस काबिल बनाया कि वे अपने मां-बाप और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर पायें। मौके पर कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार सहसचिव दीपक तिवारी मंच संचालक अर्पित राज व्हीन वैली इंटरनेशनल की स्कूल आशा कुमारी आदि भी उपस्थित थे।

# नहीं रहे शहर के प्रसिद्ध अधिवक्ता शिवनाथ अग्रवाल, क्षेत्र में शोक

■ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, प्रथम महापौर, भाजपा नेताओं समेत गणमान्य लोगों ने जताया शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रसिद्ध अधिवक्ता शिवनाथ प्रसाद अग्रवाल नहीं रहे। रांची राज हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनके आकस्मिक निधन से पूरे शहर में शोक व्याप्त है। छोटे पुत्र सुभाष अग्रवाल ने पिता को मुखाग्नि दी। स्व अग्रवाल भाजपा दल के स्थापना काल से पार्टी के लिए समर्पित थे। संघ के मजबूत स्तंभ थे। स्व अग्रवाल भाजपा से पांकी के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके थे। अग्रवाल के अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से गहरा जुड़ाव था। इनके निधन से गणमान्य लोग, शुभचिंतक समेत अन्य लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व अग्रवाल के घर पर लोगों का आना जाना लगा रहा। इनके निधन की खबर सुनते ही प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इन्दर सिंह नामधारी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, भाजपा नेता मनोज सिंह, श्यामनारायण दुबे, प्रिय रंजन पाठक समेत दर्जनों अधिवक्ता व गणमान्य आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रतिभा के धनी और कुशल संगठनकर्ता थे शिवनाथ : प्रियरंजन



शिवनाथ अग्रवाल पूर्व में भाजपा पलामू के जिलाध्यक्ष रहे थे। वे पेशे से अधिवक्ता भी रहे तथा श्री तुलसी मानस मंदिर ट्रस्ट के सचिव भी। राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक ने कहा कि वे दिन रात सामाजिक कार्यों में लगे रहते थे। वे महायज्ञ व पूजा पाठ भी करते थे। वे कुशल संचालक और प्रबंधक भी थे। उनके अंदर सामाजिक कार्य करने की क्षमता विद्यमान थी। कहा कि मेरी नजदीकी उनसे लगभग 15 वर्षों की रही है जो आज उनके निधन से स्तब्ध है। साथ ही समाज के लिए अपूरणीय क्षति भी है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर उनको अपने चरणों में स्थान दें तथा इस दुख की घड़ी में परिवार को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें।

# डीसी ने की कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कार्यालय वेश्म में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की एवं संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत हुईं और संबंधित पदाधिकारियों को किसान एवं पशुपालकों से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने खरीफ सीजन अंतर्गत वितरण किये जाने वाले धान, मक्का,अरहर सहित अन्य बीजों की जानकारी ली। उन्होंने सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को इस कार्य में सक्रीय करने व आगामी 10 अगस्त तक बीज वितरण कार्य को पूर्ण कराने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके अलावे समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति की जानकारी ली। मत्स्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने मत्स्य पालन की दिशा में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया।



समीक्षा बैठक करतीं उपायुक्त समीरा एस व उपस्थित अन्य।

उन्होंने मत्स्य के अंतर्गत वेद व्यास आवास योजना, तालाब जलाशय, समेकित मत्स्य पालन एवं पोर्टेबल हैचरी के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। साथ ही बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछली पालन की दिशा में कार्य करने का निदेश दिया, ताकि पलामू में मछली उत्पादन एवं मछली के बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल सके और पलामू को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पलामू में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए नर्सरी को विकसित करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने प्रमोशन ऑफ अर्बन फार्मिंग, मधुमक्खी पालन सहित आदि की जानकारी ली। वहीं गव्य विकास की योजनाओं में प्रगति लाने व समय-समय पर गव्य विकास की ओर से संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया।

## हुसैनाबाद में भाजपा का आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन

# राज्य की महागठबंधन सरकार में मिली है लूट की खुली छूट : अजीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार हुसैनाबाद मंडल की ओर से जोरदार प्रदर्शन व धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। उन्होंने कहा कि बालू कोयला लोहा व भूमि का खेल हर स्तर पर खेला जा रहा है। सिपाही से मुख्यमंत्री तक कोई जानता की सुनने को तैयार नहीं है।



प्रदर्शन करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

बुजुर्गों को पेंशन समय पर नहीं मिल रही है। आवंटन के अभाव में सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्तर पर जनता का दोहन कर रही है। गाड़ियों का चालान काट कर वसूली करना, बालू की कालाबाजारी, शराब की कालाबाजारी, कोयला, लोहा की कालाबाजारी इस सरकार में चरम पर है। कानून व्यवस्था की स्थिति यह है की पुलिस बालू और वाहन चेकिंग कर उगाही में मस्त है, अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। अपराध का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है। वरिष्ठ नेता अजीत सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था लचर हो गई है। बिजली-पानी व्यवस्था का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू, पत्थर एवं कोयला की लूट झारखंड के लिए आम बात है। बढ़ती बेरोजगारी से युवा त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद सहित राज्य में विकास कार्य बंद हैं। किसी भी विभाग ने आवंटन नहीं है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है और मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्री चैन की बंशी बजा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन तमाम जनविरोधी मुद्दों के विरोध में भाजपा हुसैनाबाद प्रखंड के तत्वावधान धरना प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया गया है।

### लूना और बाइक की टक्कर में पांच घायल



**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के भजनिया कशिशोत पुल के समीप मंगलवार को लूना और बाइक की टक्कर हो गयी। दुर्घटना की सूचना पर थाना प्रभारी नारायण सोरेन के निर्देश पर एएसआई सुरेंद्र तिवारी घटना स्थल पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया। इसमें घायल होनेवालों में सरयू पाल (50), सोनू पाल (37), सरिता देवी, रविंद्र कुमार और वीर धवर शामिल है।

### आजसू विधायक का पुतला दहन आज : दिलीप



**मेदिनीनगर।** मांडू के आजसू विधायक तिवारी महतो का पुतला दहन 25 जून को शाम पांच बजे छह मुहान चौक पर किया जायेगा। उक्त बातें झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता ने कही। बताया कि जिस तरह मांडू विधायक का बयान आया है इसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। इसे पलामू जिला कमेटी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे साफ झलक रहा है पार्टी और विधायक की मानसिकता क्या है। उन्होंने स्पीकर से उनकी सदस्यता खत्म करने को कहा।

### भाजपा पाटन मंडल ने किया आक्रोश प्रदर्शन



**पाटन पलामू।** राज्य सरकार की गलत नीतियों व राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा पाटन मंडल ने प्रखंड मुख्यालय में जन आक्रोश प्रदर्शन किया। इसके बाद सीओ को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन सिंह, प्रदेश कार्य समिति उदय शुक्ला, भाजपा जिला मंत्री प्रियरंजन कुमार, धीरेंद्र उपाध्याय, किशुनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय, महिला मोर्चा जिला मंत्री पिंकी विश्वकर्मा, भाजपा पाटन मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, भाजपा पाटन मंडल मंत्री अर्जुन तिवारी पशुपति शर्मा मंडल उपाध्यक्ष पाटन योगेन्द्र पाण्डे भाजपा पाटन मंडल महामंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, गुड्डू उपाध्याय, आलोक सिंह उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद के राजू मेहता ने जीते दो रजत पदक



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के उत्तरी जिप सदस्य राजू मेहता ने ओपन रांची इंटर क्लब शूटिंग चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ये अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गये हैं। राजू ने 10 मीटर एयर राइफल ओपन साइट मेन में 305 स्कोर और 50 मीटर, 22 राइफल ओपन साइड मेन में 77 स्कोर हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की। यह स्टेट लेवल चैंपियनशिप में राज्य भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

# प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक के कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर : महामंत्री मनोज सिंह

■ भाजपा मंडल स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन
■ भाजपाइयों ने हेमंत सरकार की नीतियों का किया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा नगर मंडल एवं पोलपोल ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर सदर के संयुक्त तत्वाधान में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन निकाला गया। जो बैरिया बाजार समिति चौक से निकलकर सदर प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सरवन गुप्ता ने एवं संचालन राजेश गुप्ता ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक मनोहर कुमार लाली ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि



झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार सरकारी योजनाओं की बिफलता एवं गिरती कानून व्यवस्था के विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी आक्रोश प्रदर्शन कर रही है। 2014 में केंद्र की मोदी एवं राज्य में रघुवर सरकार थी जिसमें सड़क बिजली पानी स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य अग्रसर थे।

# राज्य में बढ़ते अपराध व भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** राज्य में बढ़ते अपराध तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस संबंध में पार्टी मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने बताया कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार हर मोर्चे पर विफल है। राज्य के संसाधनों का दोहन हो रहा है। पंचायत से लेकर मंत्रालय तक भ्रष्टाचार चरम पर है। मुख्य विपक्षी दल होने के नाते भाजपा राज्य के लोगों के हित में हमेशा संघर्ष करती रहेगी। बाद में कार्यक्रम प्रभारी किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा की



उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने जिला में गिरते कानून व्यवस्था, सरकारी योजनाओं की विफलता तथा आकंठ भ्रष्टाचार को लेकर उपायुक्त के नाम ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। मौके पर सासंद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, अशोक सिंह, भीमसेन शर्मा, अरविंद पासवान, विजय मिश्रा, करण राजवीर, अमीत कुमार, रविंद्र पासवान, सुयार्शु सिंह, चंदन प्रजापति, कन्हैया विश्वकर्मा, अंबुज सिंह, विजय यादव आदि थे।

# मनातू में भाजपाइयों ने राज्य सरकार के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

■ भाजपा के नेताओं ने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अवैध उत्खनन पर उठाये सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार की लूट, बलात्कार, हत्या, भ्रष्टाचार एवं गलत नीतियों के खिलाफ मंडल अध्यक्ष अंतू यादव के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन रैली निकाली। जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता थे। सभी ने सरकार के खिलाफ नारे लगाये जिसमें भ्रष्टाचार बंद करो वृद्धा, विधवा पेंशन हर महीने लागू करो, जमीन संबंधी समस्या प्रखंड स्तरीय कैंप लगाकर दूर करो शामिल है। बीडीओ को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि झारखंड के सभी प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन झारखंड के निकम्मी सरकार के खिलाफ किया जा रहा है। इस निकम्मी सरकार ने सरकार में आने सेपहले बहुत सारे वादा किया था लेकिन एक भी वादा को पूरा नहीं किया।



### रथ यात्रा व मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** रथ यात्रा और मुहर्रम को लेकर मोहम्मदगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुधवार को 4 बजे आयोजित की गई है। बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्ध समेत समस्त प्रतिनिधि को थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने आमंत्रित किया है।

### ग्रामीण विकास मंत्री से पथ निर्माण की मांग


**पाटन पलामू।** पलामू जिला असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस के अनिल सिंह ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से कृष्ण मुरारी सिंह के घर की पुलिया से श्मशान घाट तक 700 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराने की मांग की है। कहा है कि ग्राम राजहरा में श्मशान घाट तक जाने के लिए कोई सड़क नहीं है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# विश्रामपुर थाना प्रभारी ने चलाया नशामुक्ति अभियान

■ स्कूली बच्चों को नशे के खतरों के प्रति किया जागरूक
■ जागरूकता रैली के साथ किया नगर भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** नप मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसका आयोजन विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने किया, जो पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देशन में हुआ। इसका उद्देश्य युवाओं व बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना था। विद्यालय में उपस्थित बच्चों को नशे के शारीरिक, मानसिक



व पारिवारिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बच्चों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को भी प्रभावित करता है। इससे बच्चों के बीच नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ी।

## झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश मार्च

# हेमंत सरकार पर जमकर बरसे भाजपाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में भाजपा ने मंगलवार को जन आक्रोश मार्च निकाला। मार्च के दौरान भाजपा नेताओ-कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन हाय-हाय, हेमंत सोरेन मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे। आक्रोश मार्च की शुरुआत जनता उच्च विद्यालय गेट से हुआ, जो बस स्टैंड, थाना मोड़, गांधी चौक, पंचमुखी मंदिर बाजार परिसर होते हुये नगर भ्रमण के बाद आक्रोश मार्च प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचा। जहां मार्च सभा में तब्दील हो गया।



बीडीओ को ज्ञापन देते भाजपाई।

जन आक्रोश रौली के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह भी शामिल थे। सभा की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। सभा में भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था चौपट हो चुका है। अपराध और लूट खसोट चरम पर है। राज्य में कानून नाम का कोई चीज दिखाई नही दे रहा है। रूपा सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है।

राज्य सरकार विकास के बजाए तुष्टिकरण कर रही है। सभा समापन के बाद भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओ ने हेमंत सरकार के व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली-पानी की व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर व कोयला की लूट तथा बेरोजगारी के विरोध सहित कई मुद्दों का एक ज्ञापन बीडीओ राजीव सिंह को सौंपा। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष चौबे, वरीय भाजपा नेता, डॉ बी पी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, किरण देवी, किरण शर्मा, इदरीश हवारी, शिववंश मिश्रा, उपेंद्र तिवारी, बिहारी लाल गुप्ता, सुनील कुमार चौधरी, मनीष कुमार, रजनीश कुमार, संजय साह, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, सचितानंद मेहता, सुमंत चंद्रवंशी, शशिभूषण चंद्रवंशी, रामप्रवेश मौर्या सहित ग्रामीण व नगर मंडल के कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्य में लूट की छूट : जीतेंद्र तिवारी

**शिवशंकर पासवान**

**पांकी पलामू।** झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार पांकी मंडल की ओर से जोरदार प्रदर्शन व धरना कार्यक्रम किया गया। पांकी प्रखंड कार्यालय परिसर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भाजपा के पलामू किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जीतेन्द्र तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। उन्होंने कहा कि बालू कोयला लोहा व भूमि का खेल हर स्तर पर खेला जा रहा है। सिपाही से मुख्यमंत्री तक कोई जानता की सुनने को तैयार नहीं है। बुजुर्गो को पेंशन समय पर नहीं मिल रही है। आवंटन के अभाव में सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्तर पर जनता का दोहन कर रही है।



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता-कार्यकर्ता व अन्य।

गाड़ियों का चालान काट कर वसूली करना, बालू की कालाबाजारी, शराब की कालाबाजारी, कोयला, लोहा की कालाबाजारी इस सरकार में चरम पर है। कानून व्यवस्था की स्थिति यह है की पुलिस बालू और वाहन चेकिंग कर उगाही में मस्त है, अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। अपराध का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था लचर हो गयी है। बिजली-पानी व्यवस्था का बुरा हाल है। कहा कि अवैध बालू, पत्थर एवं कोयला की लूट झारखंड के लिए आम बात है। बढ़ती बेरोजगारी से युवा त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि पांकी सहित राज्य में विकास कार्य बंद हैं। किसी भी विभाग ने आवंटन नहीं है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है और मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्री चैन की बंशी बजा रहे हैं। इन तमाम जनविरोधी मुद्दों के विरोध में भाजपा पांकी प्रखंड के तत्वावधान धरना प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया गया है। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो सरकार के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन किया जायेगा। धरना के बाद बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में जिला से आये प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय तिवारी, जिला किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष और इस आक्रोश प्रदर्शन के प्रभारी जितेन्द्र तिवारी भाजपा पलामू जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पाण्डेय जिला कार्यसमिति सदस्य साधु मांझी, पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह भी थे।

# बोकारो : बीएसएल, परिधीय गांवों के युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान करायेगी





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर के तहत बोकारो के परिधीय गांवों के युवाओं को निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाली महेन्द्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस दौरान बीएसएल के ईडी-वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी-मानव संसाधन राजश्री बनर्जी जीएम-सीएसआर बी बनर्जी एवं सीएसआर विभाग की टीम और महेन्द्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के शाखा प्रबंधक एवं उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

इस एमओयू का उद्देश्य परिधीय गांवों के युवाओं को सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है। इस एमओयू के तहत बोकारो के परिधीय गांवों के लगभग 300 लाभार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए लिए सप्ताह में 6 दिन ऑफ लाइन या ऑन लाइन मोड में कोचिंग प्रदान की जाएगी। इसके अलावा उन्हें निःशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी और समय-समय पर मॉक टेस्ट लिया जाएगा।

बीएसएल के सीएसआर के तहत इस प्रयास से परिधीय गांवों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने में मदद मिलेगी।

**बेरमो : भाजपाइयों ने प्रखंड कार्यालय के सामने दिया धरना प्रदर्शन**

# झारखंड में गरीब और किसानों की नहीं अफसरों की सरकार : रविंद्र कुमार पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** भाजपा बेरमो प्रखंड व फुसरो नगर मंडल समिति द्वारा हेमंत सोरेन सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर, कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा झारखंड के निर्देश पर बेरमो प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने हेमंत सोरेन सरकार पर विभिन्न आरोप लगाया। कहा कि राज्य में अवैध बालू, पत्थर, कोयला का अवैध खनन कर तस्करी किया जा रहा है। सरकार एक भी बालू घाट का नीलाम नहीं कर पाई। बेरोजगारी बढ़ गई है। बिजली पानी की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश है। राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। इस दौरान विनय सिंह, मधुसूदन प्रसाद सिंह, ईश्वरचन्द्र प्रजापति, अर्चना सिंह, सी पी सिंह, सुरेन्द्र स्वर्णकार और रमेश स्वर्णकार आदि ने सरकार के खिलाफ जमकर निशाना बनाया। प्रदर्शन के उपरांत मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर टीनू सिंह, सुरेन्द्र गिरि, दिनेश पांडेय, मदन गुप्ता, भाई प्रमोद सिंह, वैभव चौरसिया, अशोक मिश्रा, भरत वर्मा, विनय पाठक, संत सिंह, देवतानंद दूबे, दिनेश सिंह, सीमा देवी, श्रीकांत यादव, राम किंकर पांडेय, बैजनाथ सिंह, संजय प्रसाद, अभिषेक सिंह, राजेश साव, अनिल गुप्ता, रामू तांती, गणेश सिंह, लाल मोहन महतो, सुरेंद्र सिंहा, ज्योति कुमारी, अनिता सकूजा, राखो देवी, शिवपूजन चौहान, रामू तांती, संजय पांडेय, प्रनेश गिरि, नवीन पांडेय, नवल किशोर सिंह व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### सीसीएल सीकेएस केन्द्रीय आस्पताल ढोरी का एजेंडा वार्ता बैठक सम्पन्न



बेरमो। भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र का 27 सूत्री एजेंडा वार्ता बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। आस्पताल प्रबंधन की ओर से बैठक की अध्यक्षता ढोरी क्षेत्र के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी संजय सिन्हा तथा संचालन कार्मिक अधिकारी मानव संसाधन सीता राम यूके द्वारा किया गया। यूनियन की ओर से केन्द्रीय आस्पताल के अध्यक्ष संजीत ठाकुर, सचिव गौतम लोहार तथा केन्द्र की ओर से सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह अखिल भारतीय खदान मजदूर पेंशन सेल सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा,भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला संगठन मंत्री संत सिह क्षेत्र की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह एवं संगठन मंत्री नुनुचंद महतो बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम प्रबंधन की ओर से ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रबंधन व ट्रेड यूनियन एक दूसरे के पूरक होते है। संगठन व प्रबंधन के सामन्जस्य से कोल इंडिया आज देश मे उत्पादन कर देश मे ऊर्जा के श्रोत में अग्रणीय भूमिका निभा रही है। वही रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आज की एजेंडा बैठक में कोयला कामगरों के 27 सूत्री ज्वलन्त समस्याओं पर संगठन की ओर से आस्पताल प्रबंधन को ध्यानाकर्षित कराया गया है। मौके पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से विधुत एवं यांत्रिक रविशंकर, असैनिक इन्जीनियर रामलखन कुमार व ओवरसीयर किशुन रॉय, डॉक्टर आर.एन झा, रोहित शर्मा, पुनीत गुप्ता, यूनियन की ओर से ,चंद्रकांत प्रसाद, राजेश पासवान, सोमनाथ मिश्रा, फूलचंद किस्को, प्रतोष कुमार रॉय, भुनेश्वर, राजेश पासवान आदि उपस्थित रहे।

### बोकारो : वन स्टॉप सेंटर सेवाओं पर मीडिया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



बोकारो/कसमार। महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती जेंडर आधारित हिंसा और घरेलू उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम तथा पीड़ितों को सशक्त सहायता मुहैया कराने के उद्देश्य से सहयोगिनी कार्यालय में एक मीडिया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन–वूमेन गेनिंग ग्राउंड अभियान के अंतर्गत क्रिया–इब्तिदा झारखंड–सहयोगिनी एवं युवा संस्था पूर्वी सिंहभूम की संयुक्त पहल पर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा संस्था जमशेदपुर की सचिव बरनाली ने बताया कि मीडिया प्रतिनिधियों और पंचायत स्तर के नेताओं को वन स्टॉप सेंटर की भूमिका व सेवाओं से अवगत होना जरूरी है। घरेलू हिंसा के खिलाफ सामाजिक एकजुटता भी जरूरी है। कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं में विश्वास का संचार करना और सेवा प्रदाता संस्था के साथ सहयोगी संबंध बनाना है। उन्होंने कहा कि हाशिए पर मौजूद विशेष रूप से विकलांग–आदिवासी व सामाजिक रूप से वंचित वर्ग की महिलाओं तक सेवाएं पहुंचाना जरूरी हैं। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि घरेलू हिंसा सिर्फ एक व्यक्ति की समस्या नहीं यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें पीड़ित महिलाओं को उनकी आंतरिक शक्ति का एहसास कराना होगा ताकि वे इस चुप्पी और पीड़ा की जंजीरों को तोड़ सकें। कार्यक्रम का संचालन कुमारी किरण ने किया। मौके पर पोंडा मुखिया हारु रजवार बाराडीह मुखिया पुष्पा देवी गौतम सागर सोनी कुमारी लाडली खातून रोजी प्रवीन बिनीता देवी चंद्रा रेखा मंजू देवी सुरजमणि देवी नीतू कुमारी अनिल कुमार हेम्ब्रम आर्या संगीता देवी सोनिका कुमारी जया कुमारी सूर्यमणि देवी अमरजीत कुमार रवि कुमार राय मंजू देवी अभय सिंह नीतू कुमारी सनी कुमार व कई सामाजिक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बीएसएल को मिला सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का स्टेज-टू उन्नत संस्करण प्रमाणन

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट को सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का स्टेज–टू उन्नत संस्करण के प्रमाणन की अनुशंसा मेसर्स टीयूवी के लेखा परीक्षक अमर कुमार शाह द्वारा प्रदान किया गया। सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के स्टेज–टू उन्नत संस्करण के प्रमाणन को दो चरणों में आयोजित किया गया था– प्रथम चरण के ऑडिट का आयोजन रिमोट मोड में आयोजित किया गया था जिसमें मेसर्स टीयूवी के लेखा परीक्षक श्री शाह के द्वारा सभी दस्तावेज का सत्यापन 30 मई' 2025 को किया गया था। सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के स्टेज–टू उन्नत संस्करण के द्वितीय चरण के ऑडिट का आयोजन सीजीएम–सी एंड आईटी राजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सीजीएम राजन कुमार ने लेखा परीक्षक को बीएसएल के सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली से अवगत कराया। तत्पश्चात जीएम–सी एंड आईटी एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी–सीआईएसओ एके चौधरी ने आईएसएमएस ऑडिट के बारे में संक्षेप में बताया। शाह ने ऑडिटिंग प्रक्रिया और लेखा परीक्षा की आवश्यकताओं के बारे में सी एंड आईटी विभाग के सभी अनुभाग प्रमुख और संबंधित अधिकारियों को एक संक्षिप्त विवरण दिया। सी एंड आईटी विभाग में आईएसओ 27001/ आईएसएमएस 2022 के विस्तृत ऑडिटिंग के बाद समापन बैठक में शाह ने लेखा परीक्षा के निष्कर्ष प्रस्तुत किए तथा कुछ एक क्षेत्र में सुधार का संकेत दिए। सीजीएम कुमार ने विस्तृत जानकारी के लिए ऑडिटर को धन्यवाद दिया तथा सुधार बिंदुओं का अनुपालन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में लेखा परीक्षक अमर कुमार शाह ने अगले तीन साल के लिए आईएसओ 27001/ 2022 आईएसएमएस के उन्नत संस्करण पर प्रमाणन के लिए बीएसएल की अनुशंसा की।

### यूनियन प्रतिनिधियो ने अमलो के नये पीई ईएंडएम अभय नारायण का किया स्वागत



बेरमो। मंगलवार को यूनियन प्रतिनिधि साधु बाउरी के नेतृत्व मे कर्मियो ने एडीओसीएम (अमलो) के नये पीई ईएंडएम अभय नारायण को पदभार ग्रहण करने पर गुलदस्ता ऑर शॉल भेंट कर स्वागत किया और कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने मे सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सिनियर मैनेजर शिवाजी सर, मैनेजर अभिषेक कुमार, फोरमैन अभिजीत दता सहित यूनियन नेता साधु बाउरी, बादल पांडेय, ललन कुमार, गोपाल नायक, लालू केवट, फणी भूषण ठाकुर, रामानुज कुमार, जिगनेश कुमार, सुगन दास, राजकुमार, महादेव दास, प्रदीप घोष,सुबोध कुमार, प्रदीप कुमार सिंह आदि उपस्थित हुए।

### गोड्डा : ओलंपिक डे पर खेल कार्यालय ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

गोड्डा। इंटरनेशनल ओलंपिक डे के उपलक्ष्य पर सोमवार शाम जिला खेल कार्यालय द्वारा खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महिला महाविद्यालय परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित उक्त समारोह में विभिन्न खेलों से कुल 91 खिलाड़ी एवं 6 प्रशिक्षकों को यथा–फुटबॉल के एक खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक, बैडमिंटन के दो खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक, एथलेटिक्स में गोला फेंक के एक खिलाड़ी, नेटबॉल 59 खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक, वॉलीबॉल के 8 खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक, कुश्ती के 3 खिलाड़ी, हैंडबॉल के 12 खिलाड़ी एवं दो प्रशिक्षक, दिव्यांग क्रिकेट के तीन खिलाड़ी एवं जूडो के दो खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि एसडीओ बैद्यनाथ उरांव के हाथों ट्रॉफी, टॉवेल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ प्राण महतो, हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार पप्पु एवं नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट पवन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल संघों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला कुश्ती एवं हॉकी संघ सचिव सुरजीत झा ने किया।

### स्टेट बैंक बोकारो मे रक्तदान शिविर का आयोजन

बेरमो। बेरमो अनुमंडल स्थित भारतीय स्टेट बैंक बोकारो थर्मल शाखा में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी व एसबीआई शाखा के संयुक्त तत्वाधान में ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन एसबीआई बोकारो के चेयरमेन बी डी मिशा के दिशा निर्देश पर किया गया। इस ब्लड डोनेशन में स्थानीय सीआईएसएफ, एसबीआई कर्मचारी, सीएसपी सहित बैंक के खाता धारकों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया, कार्यक्रम में कुल 51 यूनिट ब्लड डोनेट की गई, चिकित्सक के रूप में प्रकाश मिश्रा, रंजन कुमार, ब्रह्मदेव सिंह, संजय कुमार ने भूमिका निभाए।कार्यक्रम को लेकर एसबीआई स्थानीय बैंक प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि सात दशक देश के साथ देश भर में रक्त दान शिवीर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सत्तर हजार ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा गया है, साथ ही उन्होंने बेरमो एसडीएम मुकेश कुमार मछुआ के सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सहमति से आज का ब्लड डोनेशन कार्यक्रम सफल रहा।

### गोड्डा : झामुमो जिला युवा मोर्चा का हुआ गठन

गोड्डा। जिला झामुमो समिति के पत्रांक द्वारा प्राप्त अनुसंशा के आलोक में गोड्डा जिला अन्तर्गत पार्टी के वर्ग संगठन के जिला समिति का गठन किया गया। जिसमें युवा मोर्चा, गोड्डा जिला समिति, महिला मोर्चा जिला समिति, अल्पसंख्यक मोर्चा, गोड्डा जिला समिति एवं किसान मोर्चा गोड्डा जिला समिति का गठन किया गया। इस दौरान युवा मोर्चा, गोड्डा जिला समिति का राजेश हांसदा को अध्यक्ष, संतोष कुमार उर्फ गुड्डू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रियांशु राज को सचिव, मो निसार अहमद को सह सचिव एवं ब्रजेन्द्र मरांडी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महिला मोर्चा जिला समिति का गठन किया गया जिसमें पूनम देवी को अध्यक्ष, मिनि किस्कू को उपाध्यक्ष, जसिन्ता बेसरा को सचिव, शहनाज बेगम को सह सचिव, स्वीकृता हांसदा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा, गोड्डा जिला समिति का भी गठन किया गया जिसमें मो अरगमान को अध्यक्ष, मो आलम अंसारी को उपाध्यक्ष, मो अली हुसैन अंसारी को सचिव, मो अब्दुल गफ्फार को सह सचिव, मो जलाल उद्दीन अंसारी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जेएलकेएम ने मांडू विधायक तिवारी महतो का किया पुतला दहन



फुसरो। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकर्ताओ ने मांडू विधायक तिवारी महतो पर जेएलकेएम अध्यक्ष सह डूमरी विधायक जयराम कुमार महतो पर अपशब्द कहे जाने का आरोप लगाते हुए पुराना बीडीओ ऑफिस में पुतला दहन किया। पुतला दहन का कार्यक्रम फुसरो नगर अध्यक्ष निर्मल महतो के नेतृत्व में किया गया। वक्ताओ ने कहा कि जेएलकेएम अध्यक्ष जयराम कुमार महतो के खिलाफ अपशब्द एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किये जाने के विरोध में यह पुतला दहन किया गया है। मांडू विधायक द्वारा डुमरी विधायक के विरुद्ध दिया गया बयान घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है। जयराम महतो राज्य में खतियानी आंदोलन, जेपीएससी–जेएसएससी की पारदर्शिता, भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान सहित अनेक जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे जननायक के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग पूरे झारखंड की अस्मिता पर चोट है। कार्यकर्ताओं के अनुसार, रांची में हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया के सवाल पर मांडू विधायक द्वारा कथित तौर पर जयराम महतो को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की गई थी, जिसके बाद कार्यकर्ताओं में रोष है। केंद्रीय सचिव अमन रवि, चंद्रदेव महतो, रोशन महतो, राज गिरी, हाशिम अंसारी, केडी महतो, विनोद चौहान, राहुल पासवान, संजय चौधरी, प्रीतम महतो, उदित मुंडा, सोनू महतो, किशोर महतो, प्रदीप महतो, सहदेव महतो, सूरज महतो, लोकनाथ महतो, नकुल महतो आदि लोग मौजूद थे।

### गोड्डा: संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव

गोड्डा/ललमटिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव के समीप पहाड़ी क्षेत्र में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका हुआ पाया गया। वहीं मृतका की पहचान पार्वती हेंब्रम, उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है, जो 19 जून की शाम से लापता थी। घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि विवाहिता अचानक घर से गायब हो गई थी। विवाहिता के लापता होने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं लग पाया। अंततः 24 जून की सुबह ग्रामीणों ने गांव के नजदीक पहाड़ी क्षेत्र में एक पेड़ से शव को लटका देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### शिव शिष्या महिला मंडली ने दुर्गा मंडप जीर्णोद्धार को दिये 20280 रुपये



बेरमो। नावाडीह प्रखंड के बरई पंचायत में दुर्गा मंडप जीर्णोद्धार करने के लिए शिव शिष्या महिला मंडल की महिलाओं द्वारा 20 हजार दो सौ 80 रुपए का सहयोग दिया। सोमवार को बरई पंचायत में बने लगभग दो सौ साल पुराने नव दुर्गा मंडप का जीर्णोद्धार का शिलान्यास 27 जून को किया जाना है। जिसको लेकर शिव शिष्या महिला मंडली की महिलाओं के द्वारा 20 हजार दो सौ 80 रुपए का सहयोग राशि दिया गया। नव दुर्गा मंडप जीर्णोद्धार के अध्यक्ष जागेश्वर महतो ने बताया कि यह दुर्गा मंडप लगभग दो सौ साल पुराना है। और यह काफी जर्जर हो चुकी हैं। दुर्गा मंडप शुरूआत के समय में खपरैल का था। जिसका जीर्णोद्धार लगभग तीस साल पहले किया गया था। मगर उस समय कोई ढंग का मिस्त्री नहीं होने के कारण ढंग से नहीं बना था।

# भाजपा के सीएम का रिमोट कंट्रोल गुजरात व दिल्ली के हाथों में होता है : मंत्री संजय यादव

## बांग्लादेशी घुसपैठियें है, तो भाजपा 10 सालों से क्या कर रही थी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** बिहार व झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर उद्योग मंत्री संजय यादव ने कहा कि गलत तरीके से आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड बनाने को जेल होना चाहिए। लेकिन 10 साल से लगातार भाजपा की गठबंधन है, बिहार में। भाजपा की केंद्र व राज्य में सरकार है, उन्ही के पदाधिकारी है।

ऐसे पदाधिकारी व मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। चुनाव आयोग क्या कर रही है, यह बड़ा सवाल बनता है। महाराष्ट्र में बोगस वोटर्स के कारण भाजपा के जीत पर राहुल गांधी के आरोप पर मंत्री संजय यादव ने कहा कि अगर राहुल गांधी किसी मुद्दे को उठाया है, तो निश्चित रूप से जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए। वहां के सरकार को समाप्त करते हुए डीसी व एसडीओ को अविलंब निलंबित कर जेल में डालना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी व रघुवर दास पर चुटकी लेते हुए कहा कि यह सब झारखंडी कह बुलाए है।

लेकिन इनका रिमोट कंट्रोल गुजरात और दिल्ली से चलता है। इसलिए इनकी सोंच झारखंड के प्रति अच्छी हो ही नहीं सकती है। बाबुलाल मरांडी पर कहा कि वह जब अपनी पार्टी झाविमों चलाते थे, तो ठीक थे। लेकिन जब से आरएसएस व भाजपा के गोद में बैठे है, उनकी मति खराब हो गई है।

रघुवर दास पर मंत्री यादव ने कहा कि वह डैसिंग मुख्यमंत्री के नाम से जाने जाते थे। डोभा समेत कई योजनाओं को लेकर भी आज हालात क्या है किसी से छुपा नहीं है। जनचौपाल लगा लोगों को केवल भरमाने का काम रहते रहे है।

मंईयां सम्मान योजना को लेकर हेमंत सरकार के वादे पुरे करने और चुनाव के समय भाजपा के लुभावने वादे गोगो योजना पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मजूदरों का पलायन रोकने और बेरोजगारों को रोजगार देने के दिशा में प्रतिबद्ध है। सरकार मजदूरों का कार्ड बनवा रही है। जिससे राज्य के मजदूर यदि बाहर काम की तलाश में जाते है, तो उसकी पहचान की जा सके और समय पर सरकारी सुविधा मुहैया करवा सके।

### संजय यादव की कोर्ट में हुई पेशी

आदर्श आचार संहिता मामले में उद्योग मंत्री मंत्री संजय यादव की एमपी - एमएलए कोर्ट में पेशी हुई। पेशी एमपी–एमएलए विशेष अदालत सह एसडीजेएम मोहित कुमार चौधरी के अदालत में हुई। पेशी विधानसभा चुनाव 2014 में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में हुई। मंगलवार को केस में आंशिक बहस हुई। अब अगली तिथि 27 जून को निर्धारित है। मामला गोड्डा जिला के पथरगामा थाना में वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान अचार संहिता उलंघन का दर्ज हुआ था। जिसमें थाना कांड संख्या 652/23 के तहत मामला दर्ज हुआ था। मामला तत्कालीन बीडीओ पायल राज के लिखित आवेदन पर हुआ। मामला दर्ज वर्तमान राजद प्रत्याशी संजय यादव के खिलाफ पार्टी कार्यालय एवं झंडा–पोस्टर लगाने को लेकर सुसंगत धाराओं के तहत लोकसंपति अधिनियम के तहत सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

## बोकारो : मुख्य कारखाना निरीक्षक के साथ बीएसएल का संवाद कार्यक्रम





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में मुख्य कारखाना निरीक्षक झारखण्ड मनीष कुमार सिन्हा के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोकारो के उप कारखाना निरीक्षक शिवानन्द लागुरी बोकारो स्टील प्लांट के सीजीएम-सेवाएं पीके बैसाखिया सीजीएम-सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं बीके सरतापे विभिन्न विभागों के सीजीएम विभागीय सुरक्षा अधिकारी शामिल थे। सीजीएम सरतापे ने सभी का स्वागत किया एवं सीजीएम बैसाखिया ने सुरक्षा के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मुख्य कारखाना निरीक्षक सिन्हा ने कारखाना अधिनियम एवं नियम के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी तथा सभी को अपने सम्बंधित विभाग में सुरक्षा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तथा श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। कार्यक्रम का संचालन एजीएम-अग्निशमन सेवाएं कुमार रजनीश के द्वारा किया गया।

## गोड्डा भाजपा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** हेमंत सोरेन सरकार के शासन में बढ़ते भ्रष्टाचार ओर अनियमित के खिलाफ गोड्डा प्रखंड कार्यालय मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष प्रदर्शित किया एवं प्रखंड कार्यालय मे ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान मौजूद भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन का कहना है आज झारखंड पूरे देश मे सबसे पिछड़ा राज्य बन कर रह गया है, भ्रष्टाचार अपने चरम पर कोई भी विभाग का दफ्तर हो बिना घुस दिए कोई काम नहीं होता यह तक कि बड़े बाबू से मिलने के लिए भी चपरासी को 100-50 रुपए पकड़ना पड़ता है, चुनाव के समय किए एक भी वादा पूर्ण नहीं हो पा रहा है युवाओं बेरोजगार घूम रहे है जिसके चलते वह पलायन को मजबूर है और हेमंत बाबू बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने मे लगे हुए है। आदिवासी हो कर भी यह आदिवासी के दुश्मन बने हुए आगे सौरभ सुमन कहते है इन्हीं सब कारणों से क्राइम इतना बढ़ चुका है कि झारखंड हत्या की घटना मे देश मे अव्वल स्थान पर है यही से हेमंत सोरेन की उपलब्धि, पीएम आवास योजना बंद कर अबुआ आवास शुरू हुआ जो कुछ महीना भी न चला और बंद कर फिर पीएम आवास योजना लागू करना पड़ा। बिजली,पानी की व्यवस्था नहीं पा रही,सरकारी हस्पतालों मे अभाव के कारण न केवल इलाज संबंधन नहीं है बल्कि मासूम नागरिकों की इलाज के अभाव मे जान तक जा रही है। सड़के बदहाल है हल्की बारिश से पूरा राज्य जल मग्न हो रहा है,ओर गोड्डा जिला मे दो दो मंत्री रहने के बाद भी कोई सुनने को तैयार नहीं सब सरकारी खजाने के बंदर बांट मे लगे हुए है,अगर हेमंत सरकार का यही रवैया रहा तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड अंग्रेज ओर मुगल गुलामी के समय से भी बत्तर स्थिति मे जंगलराज मे बदल जाएगा, आगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा अगर हेमंत सरकार नहीं चला पा रहे तो इस्तीफा दे वरना आज भाजपा आक्रोशित है कल पूरी जनता सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करने को आतुर हो जाएगी। प्रदर्शन के दौरान राजेश भगत, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ सुमन, पंकज प्रियांशु, गोड्डा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू झा, मणिकांत महतो, प्रेम यादव, प्रतिमा देवी, शिल्पी कुमारी, जयशंकर सिंह, संजीव टेकरीवाल, रिंकू जायसवाल, राजेश पाल, मंटू यादव, निशांत झा, कुमार गौरव, संतोष आदि मौजूद रहे।

## दुमका : हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** हेमंत सरकार की भ्रष्ट, असंवेदनशील और दिशाहीन शासन प्रणाली के खिलाफ मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुमका सदर, गांदो एवं नगर मंडल के संयुक्त रूप में प्रखंड मुख्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। इस आंदोलन के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य की जनता की आवाज को बुलंद करते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व तीनों मंडलों के गणपति पाल गांदो मंडल, मणिलाल गृही सदर मंडल एवं दीपक स्वर्णकार नगर मंडल संयोजक ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में पूर्व सांसद सुनील सोरेन एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अमिता रक्षित ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। पूर्व सांसद सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार का शासन काल घोटालों, लूट, तुष्टिकरण और अराजकता का पर्याय बन चुका है। युवाओं को नौकरी नहीं, किसानों को समर्थन नहीं, आदिवासियों को सम्मान नहीं और महिलाओं को सुरक्षा नहीं, यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। भाजपा चुप नहीं बैठेगी, अब हर गली, हर गांव से यह आवाज उठेगी हेमंत सरकार हटाओ, झारखंड बचाओ का नारा बुलंद करेगी। डॉ रक्षित ने कहा कि आज झारखंड में महिलाएं असुरक्षित हैं। बेटियां भय के माहौल में जी रही हैं। प्रदर्शन कर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के नाम एक ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। जिसमें राज्य सरकार की विफलताओं, जनसमस्याओं और मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। आक्रोश प्रदर्शन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष मार्शल ऋषिराज टुडू, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, जिला मंत्री गुंजन मरांडी, जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू, सोनी हेंब्रम, दीपक स्वर्णकार, मृणाल मिश्रा, ममता साह, श्रीधर दास आदि मौजूद रहे।

## जनसंपर्क कार्यालय के कार्यो की दुमका डीसी ने की समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला जनसंपर्क कार्यालय के कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने की। डीसी ने कहा कि जनसंपर्क विभाग का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विभाग शासन की नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनसंपर्क विभाग नियमित रूप से प्रेस विज्ञप्तियां जारी करे, सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों तक सूचनाएं पहुंचाई जाएं और विभागीय कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की सफलता में जनसंपर्क विभाग की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए। जिससे अधिक से अधिक लाभुक योजना का लाभ ले सकें। बैठक में उन्होंने विभिन्न मदो में प्राप्त आवंटन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला से संबंधित सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कर ली जाये। इसके उपरांत उन्होंने जिले के इंफ्लुएंसर के साथ बैठक कर सरकार की योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने को

# बिहार के हर पंचायत में बनेगा विवाह मंडप, दीदी रसोई से 20 रुपये में खाना

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना को कैबिनेट ने दी मंजूरी

**कैबिनेट का फैसला**

- भवनों के निर्माण को 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपये मंजूर, संचालन जीविका दीदियां करेंगी
- ग्राम पंचायत सदस्यों की आकस्मिक और सामान्य निधन पर 5 लाख मिलेगा
- गंगा पथ से कोईलवर तक बनेगा सड़क
- कोसी-मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना को मंजूरी
- भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित होंगे व्यापारी



खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना को मंजूरी दी गई। इसके तहत पंचायतों में विवाह भवनों के निर्माण के लिए 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति सहित 46 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीना ने बताया कि इन विवाह भवनों का संचालन जीविका दीदियों के द्वारा किया जाएगा। पंचायत स्तर पर विवाह भवनों के निर्माण से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि जीविका द्वारा संपोषित दीदी की रसोई का संचालन बहुत ही अच्छे ढंग से हो रहा है। राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों तथा विभिन्न सरकारी संस्थानों में दीदी की रसोई का प्रति थाली न्यूनतम खर्च लगभग 40 रुपए है जिसे सरकार 20 रुपये में उपलब्ध करायेगी। 20 रुपए प्रति थाली की क्षतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा जीविका को उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य सचिव मीणा ने कहा कि महिलाओं से विमर्श के बाद नीतीश सरकार ने जीविका दीदी के वेतन में वृद्धि का फैसला लिया है। उन्हें मिलने वाले कर्ज में भी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के वेतन भत्ता में भी वृद्धि की गई है।

इसके साथ ही 94 लाख परिवारों की बेहतरीन के लिए कमेटी के गठन का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि 12 जून को सीएम ने पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया था। पंचायती राज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी डेढ़ गुना कर दी गई। पंचायती राज प्रतिनिधि के सदस्यों की आकस्मिक और सामान्य मृत्यु तक 5 लाख की राशि देय होगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 से बढ़ाकर 1100 करने को कैबिनेट ने दी स्वीकृति दी है, यह अगले महीने से लागू होगा।

उन्होंने कहा कि कोसी-मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना को मंत्रिपरिषद् से स्वीकृति मिल गई है। सीमांचल क्षेत्र में इस परियोजना से करीब 2.15 लाख हेक्टेयर में नई सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होगी। अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार के लोग लाभान्वित होंगे। 2 लाख 14 हजार 813 हेक्टेयर कृषि भूमि को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा मिलेगी। परियोजना को मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना से बाढ़ से भी निजात मिलेगी।

कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के वेतन भत्ते में वृद्धि कर दी गई है। परिवहन विभाग अंतर राज्य मार्ग में एसी बस चलाई जाने को लेकर कैबिनेट में मंजूरी दी गई है।

पटना में ड्रेनेज सिस्टम सैदपुर नाला को ढंका जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी राजगीर में पद सृजन लिपिक का किया गया। जेपी गंगा पथ से कोईलवर सड़क बनाई जाने को मंजूरी दे दी गई है। वहीं राज्य सरकार को वाणिज्य कर देने वाले सबसे ज्यादा व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# बिहार में न्यूक्लियर पावर प्लांट लगेगा

- छह महीने में बिहार को 500 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलेगी : खट्टर



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बिहार में एक न्यूक्लियर पावर प्लांट लगेगा। केंद्र सरकार ने इसकी सहमति दे दी है। राजधानी पटना स्थित होटल ताज में मंगलवार को पांचवीं क्षेत्रीय ऊर्जा बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बिहार में बिजली के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। ऊर्जा क्षेत्र में बिहार अब अग्रिणी राज्यों की कतार में खड़ा है। इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ा है। उन्होंने बिहार में 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने की कामयाबी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह एक रिकॉर्ड है। बिहार बिजली के क्षेत्र में पिछड़ माना जाता था, लेकिन आज काफी आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि बिहार से न्यूक्लियर पावर की मांग की गई है। बिहार सरकार न्यूक्लियर पावर लगाए, हम उसमें मदद करेंगे। बिहार से बिजली स्टोरेज के लिए 1000 मेगावॉट के लिए मांग की गई है। अगले 6 महीने में अतिरिक्त 500 मेगावाट की सप्लाई कर दी जाएगी। देश में जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर ने कहा कि भारत पहले पॉवर डिफिसिट देश के नाम से जाना जाता था , लेकिन हम आज बिजली की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। उसके साथ-साथ भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल को बिजली निर्यात भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में ऊर्जा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है । देश में थर्मल पावर, सोलर, विंड पावर और स्टोरेज के प्रोजेक्ट पर काम चल रहे हैं। बैठक में सभी राज्यों में कम से कम एक परमाणु बिजली घर का निर्माण करने को लेकर योजना बनाई गई है। साल 2035 तक पावर सेक्टर के लिए विजन तैयार किया गया है। जिसे तय समय में एनडीए सरकार में पूरा किया जाएगा। सम्मेलन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और केंद्रशासित प्रदेश अंडमान-निकोबार के ऊर्जा मंत्री भी शामिल हुए।

## एक्सिओम-4 मिशन आज होगा प्रक्षेपण

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण अब 25 जून को होगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को यह घोषणा की। नासा के एक बयान में कहा गया, नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन एक्सिओम मिशन 4 के प्रक्षेपण के लिए बुधवार 25 जून को तड़के का लक्ष्य निर्धारित किया है। एक्सिऑम-4 वाणिज्यिक मिशन का नेतृत्व कमांडर पैगी व्हिटसन कर रही हैं, जिसमें शुक्ला मिशन पायलट हैं और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू तथा पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की मिशन विशेषज्ञ हैं। इस मिशन के तहत प्रक्षेपण मूलतः 29 मई को होना था, लेकिन फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में तरल ऑक्सीजन के रिसाव और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के पुराने रूसी मॉड्यूल में भी रिसाव होने का पता चलने के बाद पहले इसे आठ जून, फिर 10 जून और उसके बाद 11 जून के लिए टाल दिया गया। इसके बाद प्रक्षेपण 19 जून के लिए टाल दी गई और फिर नासा द्वारा रूसी मॉड्यूल में मरम्मत के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का आकलन करने के लिए प्रक्षेपण 22 जून तय हुई थी।



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले आमिर खान**

**नयी दिल्ली। प्रख्यात फिल्म निर्माता और अभिनेता आमिर खान ने मंगलवार को भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स परएक तस्वीर पोस्ट की। इससे पहले दिन में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भी राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। बता दें कि, फिल्म में अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी।**

## 94 लाख परिवारों को 2-2 लाख की मदद के लिए बनी कमेटी

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार सरकार द्वारा राज्य मे कराई गई जाति आधारित गणना में चिह्नित 94 लाख परिवारों को जल्द से जल्द दो-दो लाख रुपये की उद्यमिता सहायता मिल सके इसके लिए सरकार ने विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी गठन का निर्णय लिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता मे हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि जाति आधारित गणना में कुल सर्वेक्षित 2.76 करोड़ परिवारों में लगभग 94 लाख से अधिक परिवार आर्थिक रूप से गरीब पाए गए। इनमें सामान्य जाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक समुदाय अर्थात समाज के सभी वर्गो के परिवार शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इन 94 लाख से अधिक आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के आर्थिक विकास के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना शुरू की गई है। इन परिवारों में जीविका के अंतर्गत आच्छादित स्वयं सहायता समूह की महिला भी शामिल हैं। साथ ही 94 लाख चिह्नित आर्थिक रूप से गरीब परिवारों की परिधि के बाहर भी जीविका स्वयं सहायता समूह के सदस्य हैं।

# सीडीएस तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश देंगे

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष को किया अधिकृत**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। इससे पहले तीनों के प्रमुख युद्ध या आकस्मित स्थिति तथा अभियानों में अलग-अलग आदेश जारी करते थे। संयुक्त निर्देशों एवं संयुक्त आदेशों के अनुमोदन और प्रकाशन के संदर्भ में पहला संयुक्त आदेश आज ही जारी किया गया है। यह प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, कई स्तर पर आदेशों की पुनरावृति को समाप्त करने और अंतर-सैन्य सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है। यह पहल तीनों सेनाओं में बेहतर पारदर्शिता, समन्वय और प्रशासनिक दक्षता की नींव रखती है। यह एकजुटता एवं एकीकरण के एक नए युग की शुरूआत की भी प्रतीक है, जो राष्ट्र की सेवा में कार्यरत सशस्त्र बलों के सामंजस्य को और सशक्त बनाती है।

## ऋषिकेश एम्स में 35 किलो का बोन ट्यूमर सर्जरी से हटा

देहरादून। असाध्य बीमारियों के निदान के प्रति उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने अब एक ऐसी उपलब्धि प्राप्त की है, जो रिकॉर्ड बनने जा रही है। यहां चिकित्सकों की टीम एक 27 वर्षीय व्यक्ति के पैर से 35 किलो वजन के विशाल ट्यूमर को सर्जरी की मदद से हटाने में सफल रही।

घातक रूप ले चुके इस कैंसर युक्त बोन ट्यूमर की सर्जरी की सफलता के पीछे संस्थान के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों का टीम वर्क और रोगी का मजबूत हौसला शामिल है। चिकित्सकों के अनुसार, इतने बड़े साईज के इस ट्यूमर की सफल सर्जरी अभी तक अपने देश में पहला रिकॉर्ड है।जीवन बचने की उम्मीद छोड़ चुके उत्तर प्रदेश के संभल जिले के 27 वर्षीय सलमान के चेहरे में फिर से मुस्कान लौट आयी है।

# चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बातचीत के लिए बुलाया

- महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव को लेकर कोई सवाल है तो पक्ष रखें


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव को लेकर उनके किसी भी सवाल पर बातचीत के लिए उन्हें पत्र लिख कर आमंत्रित किया है। आयोग के सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों के मुद्दे पर इसी महीने की सात जून को एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित गांधी के लेख में उठाए गए मुद्दों के संदर्भ में आयोग ने उन्हें 12 जून को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया है। सूत्रों के अनुसार गांधी से कहा गया है कि आयोग महाराष्ट्र के चुनावों के बारे में कांग्रेस की पहले की शिकायतों का विस्तृत उत्तर दे चुका है जो आयोग की वेबसाइट पर देखा



जा सकता है। गांधी ने अपने सात जून के लेख में मोटे तौर पर उन्हीं मुद्दों को दोहराया है। गांधी को लिखा है कि महाराष्ट्र के चुनाव को लेकर यदि सचमुच कोई शिकायत रही होंगी तो कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों ने उन्हें सक्षम न्यायालय में चुनाव याचिका दायर कर उठाया होगा।

RESPECTFUL HOMAGE
On Twenty Seventh Death Anniversary
To
The Man of Courage and Conviction
Determination and Social Disposition



S. D. SINGH (15.8.1931 - 25.6.1998)
A BLOOD DONATION CAMP is organised on Wednesday, 25.6.2025 from 9.00 am to 4.00 pm at SDSM SCHOOL FOR EXCELLENCE, Sidhgora

# इजराइल-ईरान के बीच युद्ध विराम से बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 158 और निफ्टी 72 अंक उछला

- सेंसेक्स दिन में 1,121 अंक उछलकर 83,018 पर पहुंच था



एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए, हालांकि बेंचमार्क सूचकांकों ने वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण अपनी अधिकांश शुरूआती बढ़त गंवा दी। शुरूआती कारोबार में 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के बाद, ईरान और इजराइल के बीच हाल ही में घोषित युद्धविराम के संभावित उल्लंघन की खबर आने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स एक समय 1,121.37 अंक यानी 1.36 फीसदी उछलकर 83,018.16 अंक तक पहुंच गया था। हालांकि, दोपहर आने तक युद्धविराम के उल्लंघन की खबरें आने से शेयर बाजार ने इस बढ़त को काफी हद तक गंवा दिया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी कारोबार उतार-चढ़ाव से भरा रहा। एक समय निफ्टी 25,317.70 अंक तक पहुंच गया था। इंडेक्स कारोबार के अंत में 158.32 अंक या 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी में भी पूरे दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला। यह 25,317.70 और 24,999.70 के बीच ट्रेड करता रहा और फिर 72.45 अंक या 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,044.35 पर बंद हुआ। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि युद्ध विराम की घोषणा के बाद आशावाद के कारण शुरूआती उछाल आया, लेकिन मध्य पूर्व में नए सिरे से तनाव के संकेत देने वाली रिपोर्टों के बाद माहौल सतर्क हो गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के अजीत मिश्रा ने कहा कि निफ्टी का 25,200-प्रतिरोध स्तर को पार करने में विफल होना दर्शाता है कि बियर अभी भी एक्टिव है और हार मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टिसिपेंट्स को सलाह दी जाती है कि वे सकारात्मक लेकिन सतर्क रुख बनाए रखें और सेक्टोरल ट्रेंड्स से प्रेरित स्टॉक सेलेक्शन पर विशेष ध्यान दें।

निफ्टी इंडेक्स में अदाणी पोर्ट्स, श्रीराम फाइनेंस, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील टॉप गेनर्स में शामिल थे। इन शेयरों में 2.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दूसरी ओर, ओएनजीसी, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, ट्रेंट और एचसीएल टेक्नोलॉजीज टॉप लूजर्स रहे, जो 2.90 प्रतिशत तक गिर गए। ब्रॉडर मार्केट भी बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.71 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के विनोद नायर ने कहा कि युद्ध विराम की घोषणा और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के कारण घरेलू बाजार में शुरूआती बढ़त अल्पकालिक रही, क्योंकि मध्य पूर्व में नए भू-राजनीतिक तनाव ने निवेशकों की धारणा को अस्थिर कर दिया। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ते हुए, अपट्रेंड की सस्टेनेबिलिटी घरेलू आय की मजबूती पर निर्भर करेगी।

## स्पीड न्यूज

### दिल्ली में मुठभेड़ अपराधी रोमिल ढेर

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी को मार गिराया जिसकी पहचान रोमिल वोहरा के रुप में हुई है और उस पर तीन लाख दस हजार रुपये का ईनाम था। स्पेशल सेल एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात हरियाणा पुलिस की एसटीएफ से सूचना प्राप्त हुई थी कि कई आपराधिक मामलों में वांछित रोमिल दिल्ली में आने वाला है।

### बगदाद में सैन्य अड्डे पर ड्रोन से हमला

बगदाद। इराक में बगदाद के उत्तर क्षेत्र में सैन्य अड्डे पर दो अज्ञात ड्रोन हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इराकी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा मीडिया सेल के प्रवक्ता मेजर जनरल साद मान ने एक वॉयस मैसेज में संवाददाताओं को बताया कि एक अज्ञात ड्रोन ने ताजी सैन्य अड्डे में एक रडार को निशाना बनाया और दूसरा उसी क्षेत्र में एक जनरेटर के पास उतरा।

### कांगो में विद्रोहियों ने की 17 लोगों की हत्या

किंशासा( अफ्रीकी देश कांगो में एम23 विद्रोही समूह ने देश के पूर्वी अशांत क्षेत्र में करीब 17 नागरिकों की हत्या कर दी है। सेना ने इसके लिए एम23 विद्रोही समूह को जिम्मेदार ठहराया है। सेना के अनुसार, एम23 विद्रोहियों ने शनिवार शाम 06 :30 बजे दक्षिण किवु प्रांत के वालुंगु इलाके के मुंजिंजी गांव में गांव पर अचानक हमला किया, जिसमें करीब 17 नागरिक मारे गये और कई घर जला दिये गये। इस दौरान काफी लोग जान बचाने के लिये सेना की चौकियों की ओर भाग गये।

### जुलाई में लद्दाख का दौरा करेंगे दलाई लामा

धर्मशाला। दलाई लामा जुलाई में लद्दाख का दौरा करेंगे। दो साल में यह उनकी पहली लद्दाख यात्रा होगी। उनके वहां 45 दिन रहने की उम्मीद है। दलाई लामा के कार्यालय द्वारा लद्दाख बौद्ध संघ (एलबीए) के अध्यक्ष त्सेरिंग दोरजे को जारी एक पत्र में इस यात्रा की आधिकारिक पुष्टि की गई। 21 जून को लिखे गए पत्र के अनुसार, दलाई लामा 12 जुलाई को लेह जाएंगे। लद्दाख में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता क्षेत्र की ऊंचाई के अनुकूल होने के लिए कुछ दिनों तक आराम करेंगे। उनके कार्यक्रम में लेह और आसपास के क्षेत्रों में कई सार्वजनिक और निजी कार्यक्रम शामिल हैं।

### सेना : दो हजार करोड़ के हथियार खरीदे जायेंगे

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना के लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपये की लागत से 13 तरह की हथियार प्रणालियां खरीदी जाएंगी। केंद्र सरकार ने आपातकालीन खरीद के तहत 1,981 करोड़ रुपये के 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन उपकरणों की डिलीवरी 12 महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी। ये हथियार विशेष रूप से सेना की आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये के कुल स्वीकृत परिव्यय में से 1,981.90 करोड़ रुपये की राशि के इन अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है।

### एयर इंडिया धीरे-धीरे शुरू करेगा पश्चिम एशिया की उड़ानें

नयी दिल्ली। एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह धीरे-धीरे पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू करेगी, क्योंकि इस क्षेत्र में हवाई क्षेत्र फिर से खुल रहे हैं। एयर इंडिया ने कहा कि ज्यादातर परिचालन 25 जून से दोबारा शुरू होंगे। एयरलाइन ने कहा कि रद्द की गई यूरोप की उड़ानें भी क्रमिक रूप से बहाल की जा रही हैं, अमेरिका व कनाडा के पूर्वी तट से आने-जाने वाली सेवाएं जल्द फिर शुरू होंगी।

